संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया



@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 12, अंक : 87, पृष्ठ : 12, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), सोमवार 04 नवंबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

# श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

एजेंसी

**श्री केदारनाथ धाम।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रात: ०८:३० बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत १५ हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रात: पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रात: ०८:३० बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह - जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास बर्फ होने से सर्द बयारें भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा। कपाट बंद होने के अवसर पर श्री अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े १६ लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य और दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस - प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ( आईटीबीपी) आदि का आभार जताया। उल्लेखनीय है श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष १७ नवंबर को बंद हो रहे है। श्री गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार ०२ नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो गये है। वहीं, पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते १० अक्टूबर को बंद हो गये।

द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट २० नवंबर को बंद हो रहे है तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट कल सोमवार ०४ नवंबर को बंद हो रहे है, जबकि चतुर्थ केदार रूद्रनाथ जी के कपाट १७ अक्टूबर को बंद हुए।



ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने।

## मुख्य समाचार

### मोदी आज गढ़वा में करेंगे विस चुनाव प्रचार की शुरुआत

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को गढ़वा से झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करेंगे। मोदी की पहली चुनावी सभा गढ़वा में और दूसरी चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गढ़वा जिले की धरती पर पहली बार कोई प्रधानमंत्री आ रहा है। मोदी दिन को ११ बजे पहुंचेंगे। सभा स्थल पर मंच व लोगों के बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। करीब डेढ़ लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था को लेकर पंडाल बन रहा है।

### देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका: राम शिरोमणि वर्मा

**जौनपुर।** श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश की एकता के सूत्रधार थे और देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका रही। जिले के सुईथाकला विकास क्षेत्र के रूधौली गांव में स्थित समला देवी इण्टर कालेज प्रांगण में लौह पुरुष, भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता, अखंड भारत के शिल्पकार, एकता के प्रति मूर्ति, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का आयोजन सरदार पटेल जयन्ती आयोजन समिति के द्वारा किया गया।

### सपा का गुंडाराज जनता दोबारा प्रदेश में नहीं चाहती: मौर्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी के शासनकाल में गुण्डाराज से पीड़ित जनता दोबारा सूबे में उसकी सरकार की मौजूदगी नहीं चाहती। भारतीय जनता पार्टी (गंगापार) के फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तरीय सहसों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन उपस्थित कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता नहीं चाहती है कि फिर से सपा की गुंडाराज सरकार का शासन हो। सपा के शासन में गुण्डा, माफिया, दंगाइयों का ही बोलबाला था जिससे लोग परेशान थे। आज सभी दंगाई, माफिया, गुण्डा या तो सुधर गये या जेल में हैं। इनके आका जेल में या फिर परमात्मा के पास चले गये।

### दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं यमुना में किया स्नान

**मथुरा।** यम द्वितीया के पावन पर्व पर रविवार को देश के विभिन्न भागों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावन यमुना में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। स्नान करने वालों में सबसे अधिक संख्या विभिन्न आयु वर्ग के भाई बहनों की थी। एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डे के अनुसार आज यम द्वितीया के स्नान में दो लाख से अधिक लोगों ने यमुना में स्नान किया तथा कहीं पर भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना नही घटी।




# योगी को मिला 'धमकी' भरा मैसेज

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली

ऐजेंसी

**लखनऊ/मुंबई।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर धमकी भरा मैसेज दिया गया है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल डिपार्टमेंट को अज्ञात नंबर से फोन करके धमकी दी गई है कि अगर १० दिनों के अंदर योगी आदित्यनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया तो उनका हाल भी बाबा सिद्दीकी की तरह किया जाएगा। बीते शनिवार शाम को मिले इस धमकी भरे संदेश के बाद मुंबई पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। अज्ञात की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीएम योगी को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने एक २४ वर्षीय महिला को नोटिस दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं की है। चूंकि जिस नंबर से फोन आया था, पुलिस ने उस नंबर को ट्रैक किया तो वह जिस महिला के नाम पर रजिस्टर था उसका नाम फातिमा खान बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि जिस महिला के नाम पर फोन रजिस्टर है, उसी ने धमकी दी थी या किसी और ने। महिला मुंबई से सटे उल्हासनगर इलाके की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस, ठाणे पुलिस और वर्ली पुलिस कर रही है। इस मामले में पता चला है कि महिला की मानसिक स्थिति कमजोर है। हालांकि पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। उसके मानसिक रूप से पीड़ित होने की जानकारी को लेकर मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही औपचारिक तौर पर कुछ कहा जा सकता है। बता दें कि हाल ही में महाराष्ट्र की एनसीपी के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से मुंबई पुलिस लगातार इस मामले की जांच कर रही है। बाबा सिद्दीकी की हत्या उनके बेटे के कार्यालय के बाहर ही की गई थी। आरोपियों ने बाबा सिद्दीकी पर कई राउंड फायरिंग की थी, जिसके बाद उनकी हालत गंभीर हो गई।

आनन-फानन में बाबा सिद्दीकी को अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। वहीं बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद धमकियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर धमकी भरा मैसेज दिया गया है। आरोपी ने धमकी दी है कि अगर 10 दिनों के अंदर योगी आदित्यनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया तो उनका हाल भी बाबा सिद्दीकी की तरह किया जाएगा।

### पप्पू यादव को भी जान से मारने की धमकी

बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद पप्पू यादव को भी लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पप्पू यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से लेकर गृह मंत्रालय तक की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पप्पू यादव को धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन पप्पू यादव ने इसके बाद भी एक सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए कहा है कि उनके घर की रेकी की गई है। अभी भी उनकी जान को खतरा है, पुलिस ने किसे गिरफ्तार किया है, इस बारे में उन्हें कुछ नहीं पता है।



प्रयागराज में कुंभ मेला 2025 से पहले 'नगर प्रवेश' जुलूस के दौरान पंच दशनाम जूना अखाड़े के 'साधु'।

## पीएम मोदी ने वोत्सवाना के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर डुमा को दी बधाई

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डुमा बोको को बोत्सवाना का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके चुनाव पर आपको बधाई। सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि १९६६ में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से सत्ता पर काबिज 'बोत्सवाना डेमोक्रेटिक पार्टी' (बीडीपी) संसदीय चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। यहां शुक्रवार को घोषित परिणामों में मुख्य विपक्षी दल 'अम्ब्रेला फॉर डेमोक्रेटिक चेंज' ने जीत दर्ज की और डुमा बोको दक्षिणी अफ्रीकी देश बोत्सवाना के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

## मोदी सरकार की शिक्षा नीति से भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर: सोनोवाल

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली।** पत्तन, पोते परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश में शिक्षा क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है तथा इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अहम भूमिका है जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर किया है। सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ७८वें और डिब्रू कॉलेज के ६२वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों से बातचीत में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में हर डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। असम मेडिकल कॉलेज की विरासत सुरक्षित हाथों में है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इस विरासत को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकेगा।

## टीबी की सूचना देने में यूपी फिर सबसे आगे

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में एक और उपलब्धि हासिल की है, जिसने पूरे राज्य में टीबी के मरीजों की पहचान और उपचार में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में यूपी ने एक बार फिर राज्य को टीबी मुक्त बनाने के प्रयास में अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि ६.५ लाख टीबी मरीजों की पहचान करने के लक्ष्य के साथ, राज्य ने अक्टूबर के अंत तक इस लक्ष्य का ८६ प्रतिशत पहले ही पहचान कर लिया है, जिससे वह टीबी की सूचना देने में अग्रणी राज्य बन गया है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक अधिसूचित मामलों के साथ यूपी शीर्ष पर है, इसके बाद महाराष्ट्र में १,८५,७६५ मरीज और बिहार में १,६७,१६१ मरीज हैं। यह निरंतर गति पिछले साल की सफलता को दर्शाती है, जो दर्शाती है कि राज्य एक बार फिर अपने टीबी अधिसूचना लक्ष्य को पार करने की राह पर है। विशेषज्ञों का मानना है कि देश और यूपी से टीबी रोग को खत्म करने के लिए ज्यादा से ज्यादा टीबी रोगियों की पहचान करना और उनका इलाज करना बेहद जरूरी है।

इस प्रयास को समर्थन देने के लिए केंद्रीय टीबी प्रभाग ने साल की शुरुआत में हर राज्य के लिए अधिसूचना लक्ष्य तय किए थे। यूपी को ६.५ लाख टीबी रोगियों की पहचान का लक्ष्य दिया गया था, जो पिछले साल ५.५ लाख था।

**संकल्प-सभा** भाजपा की विजय संकल्प सभा में झारखंड की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

# मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का मौका दिया: शाह

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**नई दिल्ली/चतरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस झारखंड सरकार को बदल दीजिए। हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ कर फेंक दीजिए। शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन गरीबों की बात करते हैं। मैं पूछने आया हूं कि पांच साल में अपने परिवार के अलावा किसी का भला किया हो तो उसकी सूची लाइए। नरेन्द्र मोदी ने बिजली दी, पानी दी, पांच लाख तक मुफ्त में इलाज कराया। हेमंत बाबू आपने कुछ किया है तो मुझे जरूर बताइए। कांग्रेस के सांसद के घर से ३५० करोड़ मिला था। मंत्री आलमगीर के घर से ३० करोड़ मिला।

ये पैसा किसका है। ये पैसा आपका है। आप चिंता मत करो। कमल फूल की सरकार बनाओ उनको जेल की सलाओं के पीछे डालने का काम भाजपा करेगी। शाह ने कहा कि आपने मोदी को तीसरी बार पीएम बनने का मौका दिया। राम मंदिर का राहुल गांधी, लालू यादव, हेमंत सोरेन विरोध करते रह गये। मोदी ने मंदिर बनवा भी दिया और प्राण प्रतिष्ठा भी करवा दिया।

इनलोगों ने आजतक कश्मीर के मसलों को उलझाकर रखा। मोदी ने २०१९ को धारा ३७० को हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया। झारखंड में घुसपैठिए हमारी बेटियों को फंसा रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की रक्षा हेमंत सोरेन नहीं कर पाएंगे। झारखंड को घुसपैठियों से केवल भाजपा बचा सकती है। हम एक-एक घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर निकालेंगे। आप एक बार कमल फूल पर और हेलीकॉप्टर पर वोट देकर देखो। शाह ने कहा कि यहां पर नक्सलवाद का बोलबाला था। पांच साल में हमनें नक्सलवाद को उखाड़कर फेंक दिया।

आपलोग बालू माफिया से परेशान है या नहीं है। आप कमल को जिताओ, बालू माफिया जेल की सलाखों के पीछे होंगे। हेमंत सोरेन की सरकार दलित विरोधी है। पिछड़ा विरोधी है। कांग्रेस भी दलित, आदिवासी विरोधी है। झारखंड में भाजपा की सरकार आने पर दलहन में एमएसपी, धान ३१०० रुपये के दाम पर भाजपा खरीदेगी।

झारखंड की माटी बेटी और रोटी की हर हाल में भाजपा सरकार रक्षा करेगी। उन्होंने चतरा से एनडीए प्रत्याशी जनार्दन पासवान और सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी कुमार उज्जवल को जिताने की अपील की। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को भी झारखंड की बड़ी समस्या बताया और कहा कि वर्ष २०२६ तक नक्सलवाद को झारखंड ही नहीं पूरे देश में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। भाजपा सरकार बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, गृहणियों को दीपावली और रक्षाबंधन के त्योहार में मुफ्त सिलेंडर, गो गो दीदी योजना सहित झारखंड के धार्मिक स्थलों को समृद्ध करेगी।

भाजपा सरकार का लक्ष्य झारखंड को खुशहाल प्रदेश बनाना है। बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकीनाथ को तीर्थ क्षेत्र बनाने के लिए ५००-५०० करोड़ खर्च करेंगे। राज्य के प्रमुख देवी मंदिर देवड़ी मंदिर, भद्रकाली मंदिर को भगवती सर्किट बनाने का काम होगा।

यह चुनाव माटी, रोटी व बेटी बचाने का चुनाव है। चुनाव झारखंड से हमेशा के लिए नक्सलवाद से मुक्त करने का चुनाव है। गृह मंत्री ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में अपार जनसंख्या समर्थन देने की अपील की ताकि प्रदेश मोदी सरकार के साथ मिलकर चौमुखी विकास कर सके।

राम मंदिर का राहुल गांधी, लालू यादव, हेमंत सोरेन विरोध करते रह गये। मोदी ने मंदिर बनवा भी दिया और प्राण प्रतिष्ठा भी करवा दिया। इनलोगों ने आजतक कश्मीर के मसलों को उलझाकर रखा। मोदी ने 2019 को धारा 370 को हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना दिया।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह






संपादकीय

# महिला, माल और मानसिकता का सवाल

तमाम बड़ी खबरों के बीच एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण खबर ये है कि मुंबई की मुंबादेवी सीट से शिवसेना की उम्मीदवार शाइना एनसी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है सावंत ने शिवसेना उम्मीदवार के लिए 'इंपोर्टेड माल' शब्द का इस्तेमाल किया जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि मैं माल नहीं हूं, मैं महिला हूं. उद्धव ठाकरे चुप हैं, नाना पटोले चुप हैं लेकिन मुंबई की महिलाएं चुप नहीं रहेंगी। सवाल शाइना ऐंसी का नहीं बल्कि राजनीति में काम करने वाली उन तमाम महिलाओं का भी है जो आजादी के 77 साल बाद भी 'महिला नहीं बन पायी हैं ,उन्हें आज भी 'माल' समझा जा रहा है। शाइना एनसी के खिलाफ की गयी इस अशोभनीय टिप्पणी पर देश कि तमाम महिलाओं को जाग जाना चाहिए। महिलाओं को माल समझने की मानसिक बीमारी हमारे पुरुष प्रधान समाज में कोई यकायक पैदा नहीं हुई है। ये बीमारी बहुत पुरानी है ,फर्क सिर्फ इतना है कि ये कभी उभर कर सतह पर आ जाती है और कभी इसे दबा लिया जाता है। देश का शायद ही कोई ऐसा राजनीतिक दल होगा जिस्मने महिलाओं को माल न समझा जाता हो । या माल की तरह इस्तेमाल न किया जाता हो। राजनीति में महिलाओं कि कम भागीदारी की एक वजह ये भी है कि उन्हें हमारा पुरुष प्रधान समाज महिला समझने और मानने के लिए तैयार ही नहीं है।

महिलाएं माल क्यों मानी और समझी जातीं हैं ? ये जानने के लिए किसी शोध कि जरूरत नहीं है । हमने और हमारे समाज ने महिलाओं के आसपास जो जाल बिछा रखा है उसकी वजह से उनकी हैसियत में कोई तब्दीली नहीं आयी । इंदिरा गाँधी से लेकर ममता बनर्जी और मायावती ही नहीं बल्कि आतिशी जैसी महिलाएं राजनीति में शीर्ष पर पहुंचीं ,लेकिन वे अपवाद हैं। उनके खिलाफ क्या कुछ अभद्र टिप्पणीयां अतीत में नहीं कि गयीं ?

मुझे अफ़सोस इस बात का है कि मुंबई की नागपाड़ा थाने एफआईआर दर्ज कराने के बाद शाइना एनसी ने कहा, 'सेक्शन 79, सेक्शन 356 (2) के तहत एफआईआर दर्ज हुआ है। उन्होंने गलत शब्दों का इस्तेमाल किया. मैं यहां सक्रिय रूप से काम करने के लिए आई हूं। मेरे काम के ऊपर चर्चा करनी हैं तो करें, मुझे इंपोर्टेड माल कभी नहीं बोलें. कानून को अपना काम करने दीजिए। मुझे जो करना था मैंने कर दिया.'। दरअसल शाइना ऐंसी अमले में अपना पिंड छुड़ाना चाहतीं हैं जबकि उन्हें इस मामले को अंजाम तक ले जाना चाहिए था । मै तो यहां तक कहूंगा कि उन्हें और उनकी पार्टी को 'महिला और माल' जैसी अभद्र ,नीच, घृणित टिप्पणी को ही चुनावी मुद्दा बना लेना चाहिए था। क़ानून इस मामले में कुछ नहीं कर पायेगा। शाइनी से पहले इसी तरह कि टिप्पणियां कांग्रेस कि नेता श्रीमती प्रियंका वाड्रा के बारे में भी की गयी। ये टिप्पणियां तब सामने आयीं जब कांग्रेस ने प्रियंका को वायनाड से लोकसभा उप चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया।महिलाओं को यदि माल न समझा जाता तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि हमारे नेता महिलाओं को जर्सी गाय , एक करोड़ कि बारवाला या राक्षसी जैसे सम्बोधन सड़क से लेकर संसद तक दे सकते थे। महिलाओं को माल समझने की मानसिकता का ही परिणाम है कि देश में तंदूर काण्ड हुए। शैला मसूद कांड हुए। राजनीती में सक्रिय महिलाओं के साथ जितनी जघन्यता पिछले कुछ दशकों में बरती गयी है उसके एक नहीं असंख्य उदाहरण है।

महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अश्लील,अभद्र और घृणित टिप्पणियां करने वाले राजनीतिक दलों ने आजतक न अपनी पार्टी के शीर्ष पद पर महिलाओं को बैठने दिया और न उन्हें राजनीती में पांव जमाने दिए । राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया इसका ज्वलंत उदाहरण है। कांग्रेस छोड़कर तृण मूल कांग्रेस बनाने वालीं ममता बनर्जी हों या बसपा की सुप्रीमो बहन मायावती सबके साथ ठीक वैसा ही व्यवहार हुआ है जैसा की शाइना ऐंसी के साथ हुआ है। महिलाओं को राजनीति में सम्मानजनक स्थान दिलाने के नाम पर नारी शक्ति वंदन क़ानून बनाने वाले दलों में भी ऐसे तमाम नेता हैं जो महिलाओं को % माल % ही समझते हैं। निरक्षर श्रीमती रेवड़ी देवी हों या साक्षर ही नहीं शिक्षित प्रियंका वाड्रा सबकी दशा एक जैसी है। श्रीमती मीरा कुमार या सुमित्रा ताई जैसी महिलाएं इसका अपवाद मानी जा सकतीं हैं किन्तु उन्हें माल से महिला बनने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा ये वे ही जानतीं हैं, लेकिन बोलतीं नहीं हैं।

भारतीय राजनीति में सक्रिय महिलाएं आज भी माल समझी जातीं हैं इसका सबसे बड़ा उदाहरण संसद में उनकी भागीदारी को लेकर समझा जा सकता है। महिला सांसदों के मामले में दुनिया के कुल 186 देशों में भारत 143वें पायदान पर है। जुलाई 2023 तक लोकसभा में महिलाओं की नुमाइंदगी 15.1 प्रतिशत थी जबकि राज्यसभा में 13.8 प्रतिशत है। महिलाओं को माल समझने के आरोपों से बचने के लिए हम अक्सर अतीत का सहारा लेते हैं और बताते हैं कि भारत में स्वतंत्रता आंदोलन से ही राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भूमिका देखी जाती रही है। देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन आरएसएस पिछली 99 साल में एक भी महिला को संघ प्रमुख नहीं बना पाया। स्वतंत्रता आंदोलन में सरोजिनी नायडू, अरूणा आसफ अली, विजय लक्ष्मी पंडित जैसी महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। आजादी के बाद भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनने का गौरव श्रीमती इंदिरा गांधी को प्राप्त हुआ जो 1966-1977 तक और फिर 1980-1984 तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। भारत में प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी बनीं।आज भी राष्ट्रपति के पद पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू बैठीं हैं। लेकिन अपनी योग्यता से ज्यादा उनके साथ उनकी पार्टी का जातीय गणित है। मौजूदा संसद में महिलाओं की संख्या की बात करें तो लोकसभा में 78 और राज्यसभा में 24 महिला सांसद मौजूद है। आजादी के बाद पहली बार महिला सांसदों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर गई है। आंकड़ें आज भी बहुत संतोषजनक नहीं हैं क्योंकि संख्या के आधार पर यह अनुपातिक प्रतिनिधित्त्व के आस-पास भी नहीं है। हमसे बेहतर स्थिति में तो पड़ोसी देश बांग्लादेश है जहां राजनीती में 21 प्रतिशत कि दर है जो भारत के मुकाबले अधिक है।

मुंबई की साइना एनसी से लेकर श्रीमती सोनिया गाँधी तक यदि गिनने बैठें तो हकीकत सामने आ जाएगी। सोनिया गांधी भारतीय राजनीति की सबसे ताकवर शख्सियतों में से एक मानी जाती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया ने अपने बच्चों की खातिर राजनीति से दूरी बना ली थी, लेकिन 1996 में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी की डूबती नैया को पार लगाने के लिए सोनिया ने पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता और मेहबूबा मुफ़्ती जैसी महिलाओं ने भी राजनीती में सक्रिय रहते हुए कम कीमत अदा नहीं की। राजनीति में ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को महिला कम ही समझा जाता है। वे कल भी 'माल' समझी जातीं थीं और आज भी माल ही समझी जा रहीं है।हरियाणा की महिला पहलवानों के साथ हुए व्यवहार को ये देश शायद अभी भूला नहीं होगा। महिलाओं को इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति से बाहर निकलने के लिए पूरे समाज को सजग होना होगा,खासकर महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी 'माल' वाली छवि से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष करना होग। ये संघर्ष आजादी कि लड़ाई से ज्यादा लंबा भी चल सकता है ,लेकिन ये शुरू तो हो ? महलाओं के प्रति समाज के व्यवहार को देश के मशहूर शायर मजरूह सुल्तानपुरी ने 1970 में ही पहचान लिया थ। वे फिल्म दस्तक के लिए एक गजल लिख गए थे जो शाइना एनसी प्रसंग में मुझे बरबस याद आ गयी। मजरूह साहब ने लिखा था-

'हम हैं मता-ए-कूचा-ओ-बाज़ार की तरह
उठती है हर निगाह ख़रीदार की तरह।

महिलाओं के प्रति समाज का ये नजरिया कब और कैसे बदलेगा ,ये यक्ष प्रश्न है। आइये हम सब मिलकर इस प्रश्न का उत्तर खोजें।

▪ राकेश अचल

# इज़राईल- इस क़द्र बेलगाम ?



तनवीर जाफ़री

इसी तरह कभी संयुक्त राष्ट्र संघ की शीर्ष अदालत, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय इज़राइल को लेकर यह कहती है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इज़राइल की मौजूदगी ग़ैर क़ानूनी है, इसे समाप्त किया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहता है कि 'इज़राइल द्वारा पश्चिमी तट और यरुशलम में बसने वालों का स्थानांतरण तथा इज़राइल द्वारा उनकी उपस्थिति बनाए रखना, चौथी जिनेवा संधि के अनुच्छेद 49 के विपरीत है।' इतना ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय अदालत इस बात के लिये भी 'गंभीर रूप से चिंतित है कि इज़राइल द्वारा इस क्षेत्र में अपनी नई बस्ती बसाने की नीति का विस्तार किया जा रहा है। इसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ़्रीक़ा ने यह दावा भी किया है कि ग़ज़ा में इज़राइल का अभियान 'नरसंहार' के बराबर है।



फ़िलिस्तीन से लेकर लेबनान तक इज़राईली सैन्य आतंक निरंतर अपना क़हर बरपा कर रहा है। अपने हथियारों और ताक़त के नशे में चूर अमेरिका संरक्षित इज़राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धोन्माद में इतने अंधे हो चुके हैं कि उन्होंने न केवल युद्ध के सभी नियमों,नीतियों व सिद्धांतों को किनारे रख दिया है बल्कि वे दुनिया के उन देशों की भी परवाह नहीं कर रहे जो वर्तमान युद्ध में समय समय पर इस्राईल को आइना दिखाने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि नेतन्याहू किसी सलाह देने वाले देश या उसके नेता को भी बड़ी आसानी से अपने दुश्मनों की लाइन में खड़ा कर देते हैं। यहाँ तक कि किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था या संगठन की आलोचना या सलाह की भी परवाह नहीं करते। और नेतन्याहू के इसी ज़िद्दी स्वभाव ने हालात अब यहाँ तक पहुंचा दिए हैं कि अब इज़राईली सेना यानी आईडीएफ भी अब नेतन्याहू की मानवता विरोधी युद्ध नीति से ऊब चुकी है और ग़ज़ा व लेबनान में और अधिक ख़ून की होली खेलने के बजाये इन दोनों ही जगहों पर अब युद्ध विराम करने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाना शुरू कर चुकी है। ग़ौर तलब है कि ग़ज़ा व लेबनान में भारी नरसंहार का कलंक झेल रही आईडीएफ़ पहले भी युद्ध से बाहर निकलने व युद्ध विराम करने की पक्षधर रही है परन्तु हर बार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के युद्धोन्माद व उनकी ज़िद व प्रतिशोधात्मक रवैय्ये के चलते अब तक युद्ध विराम संभव नहीं हो सका है।

ग़ौर तलब है कि वर्तमान इज़राईल-हमास युद्ध गत वर्ष यानी 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के लड़ाकों ने इज़राइली नागरिक समुदायों और कई इज़राईली सैन्य ठिकानों पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान 1,195 इज़रायली सहित अनेक विदेशी नागरिक भी मारे गए थे । इसके अलावा, 251 इज़रायली और विदेशियों को ग़ज़ा में बंदी बना लिया गया। हमास इस हमले से इज़राईल पर यह दबाव बनाना चाहता था कि इज़रायल की जेलों में बंद फ़िलिस्तीनी क़ैदियों व बंदियों को रिहा कराया जा सके। इज़राईल पर हमास द्वारा किया गया यह हमला फ़िलिस्तीन पर इज़रायल के निरंतर क़ब्ज़े , ग़ज़ा की नाकेबंदी, इज़राईली बस्तियों के अनाधिकृत विस्तार, इज़रायल द्वारा लगातार की जा रही अंतरराष्ट्रीय क़ानून के अवहेलना, साथ ही अल-अक़्सा मस्जिद और फ़िलिस्तीनियों की सामान्य दुर्दशा के जवाब में भी था। परन्तु इज़राईल ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के जवाब में 27 अक्टूबर से हमास पर पहले हवाई फिर ज़मीनी हमले करना शुरू कर दिया। इस इज़राईली सैन्य कार्रवाई का मक़सद हमास का सफ़ाया करने के साथ साथ इज़राईली बंधकों को मुक्त कराना भी था। परन्तु 13 महीने से इज़राईल द्वारा किये जा रहे अब तक के सबसे बड़े नरसंहार के बावजूद इज़राईल अभी तक अपने दोनों में से किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है। न ही हमास का ख़ात्मा हो सका न ही 251 में से शेष बचे 101 बंधकों को हमास के चंगुल से रिहा करवा सका। जबकि युद्धोन्माद में डूबे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इशारों पर की जा रही विनाशकारी बमबारी में अब तक ग़ज़ा में 40,000 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिन में अधिकांश महिलाएं व बच्चे हैं। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। इसके अलावा इज़रायल की कड़ी नाकाबंदी ने ग़ज़ा में जारी बुनियादी ज़रूरी सामग्री की आपूर्ति चेन को भी काट दिया है। हद तो यह है कि इस्राएइली सेना ने ग़ज़ा के बुनियादी ढांचों पर हमले कर वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित सभी आवश्यक सेवाओं को भी नष्ट कर दिया है। स्कूल,शरणार्थी शिविर,मीडिया,अस्पताल,बाज़ार यहाँ तक कि युद्ध प्रभावित लोगों को सहायता पहुँचाने वाले अंतराष्ट्रीय संगठनों के लोगों को भी आई डी एफ़ द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।

अर्थात इज़राईल द्वारा हमास के ख़ात्मे और उसके क़ब्ज़े में मौजूद बंधकों की रिहाई के नाम पर हर वह अत्याचार किया जा रहा है जोकि अंतर्राष्ट्रीय युद्ध मानकों का सरासर उल्लंघन है। और जब कोई इज़राईल या अमेरिका का सहयोगी देश नेतन्याहू को आईना दिखने की कोशिश करता है तो नेतन्याहू उसे अपमानित करने या खरी खोटी सुनाने में भी देर नहीं लगाते। उदाहरण के तौर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने ग़ज़ा में इज़राईल द्वारा किये जा रहे जनसंहार से ऊब कर जब गत 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राईल पर किए गए हमले की पहली वर्षगांठ से पूर्व यह कहा है कि -'युद्धरत पक्षों के बीच 'राजनीतिक समाधान' तक पहुंचने के लिए इज़रायल को हथियार देना बंद करना ज़रूरी है। उन्होंने जब यह कहा कि -'मुझे लगता है कि आज प्राथमिकता यह है कि हम एक राजनीतिक समाधान पर लौटें। हम ग़ज़ा में लड़ने के लिए हथियार देना बंद करें।' तो नेतन्याहू को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की यह सलाह इतनी नागवार गुज़री कि वे मैक्रोन से ख़फ़ा हो गए। और उन्होंने मैक्रोन को उल्टी सीधी सुना डाली। नेतन्याहू ने मैक्रोन के बयान को अपमानजनक बताते हुये कहा कि- ' राष्ट्रपति मैक्रोन और अन्य पश्चिमी नेता अब इज़राईल के ख़िलाफ़ हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान कर रहे हैं। उन पर शर्म आनी चाहिए।' यहूदी राष्ट्र उनके समर्थन के साथ या बिना जंग जीतेगा। युद्ध जीतने के बाद उनकी शर्मिंदगी लंबे समय तक जारी रहेगी।' यही नहीं बल्कि इज़राईली मीडिया ने अपने एक कार्टून में राष्ट्रपति मैक्रोन को हसन नसरुल्लाह का अगला उत्तराधिकारी तक बता दिया।

इसी तरह कभी संयुक्त राष्ट्र संघ की शीर्ष अदालत, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय इज़राइल को लेकर यह कहती है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इज़राइल की मौजूदगी ग़ैर क़ानूनी है, इसे समाप्त किया जाना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहता है कि 'इज़राइल द्वारा पश्चिमी तट और यरुशलम में बसने वालों का स्थानांतरण तथा इज़राइल द्वारा उनकी उपस्थिति बनाए रखना, चौथी जिनेवा संधि के अनुच्छेद 49 के विपरीत है।' इतना ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय अदालत इस बात के लिये भी 'गंभीर रूप से चिंतित है कि इज़राइल द्वारा इस क्षेत्र में अपनी नई बस्ती बसाने की नीति का विस्तार किया जा रहा है। इसी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ़्रीक़ा ने यह दावा भी किया है कि ग़ज़ा में इज़राइल का अभियान 'नरसंहार' के बराबर है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र संघ भी इज़राइल के युद्ध अभियान की आलोचना कर चुका है। परन्तु हमास सहित अपने सभी प्रतिद्वंदियों को आतंकवाद की धुरी बताकर प्रतिशोध की आग में जलता इज़राइल अपने हथियारों व अमेरिकी सरपरस्ती के बल पर आख़िर ख़ुद कितना आतंक फैला रहा है ? पूरा विश्व इस बात को लेकर आश्चर्यचकित है कि बड़े अंतराष्ट्रीय विरोध का सामना करने के बावजूद आख़िर इस्राईल, इस क़द्र बेलगाम क्यों है ?

# वैश्विक उत्सर्जन; इरादे धुआं धुआं



विजय गर्ग



जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पूरी दुनिया को अपने पंजे में कस रहा है। हर कोई वैश्विक उत्सर्जन पर लगाम लगाने की जरूरत रेखांकित करता देखा जाता है। हर वर्ष होने वाले जलवायु सम्मेलन में जैव ईंधन की खपत कम करने, कार्बन उत्सर्जन पर कठोरता से काबू पाने के इरादे जताए जाते हैं। संकल्प लिया गया कि 2030 तक वैश्विक तापमान में वृद्धि को डेढ़ फीसद तक सीमित कर लिया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हर वर्ष तापमान में कुछ वृद्धि दर्ज होती है मौसम का मिजाज बिगड़ चुका है। कहीं अतिवृष्टि से लोग परेशान हैं, तो कहीं अनावृष्टि से बहुत सारे पहाड़ों पर बर्फ गिरनी कम हो गई है। वहां की झीलों का तल चिंताजनक स्तर तक घट गया है। नदियां सूख रही हैं, कृषि उत्पादन पर इसका नकारात्मक प्रभाव चिंता पैदा करता है। फिर भी कहीं कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कटौती नजर नहीं आती। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु का आकलन करने वाली संस्था ने अपने ताजा अध्ययन में कहा है कि कार्बन उत्सर्जन रोकने के मामले में अगर यही गति बनी रही, तो वैश्विक उत्सर्जन 2030 से पहले ही अपने चरम पर पहुंच जाएगा। इस संस्था का कहना है कि 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के मुकाबले महज 2.6 फीसद की कमी आ सकेगी। अगर वैश्विक तपिश को डेढ़ फीसद पर सीमित रखना है तो 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में तैंतालीस फीसद और 2035 तक साठ फीसद की कमी लानी होगी। दुनिया के लगभग सभी देशों ने पेरिस जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उसमें जैव ईंधन के उपयोग में कटौती करने, हरित ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने, अक्षय ऊर्जा स्रोतों का विकास करने का संकल्प लिया गया था। उसके बाद से हर वर्ष जलवायु सम्मेलन में इकट्ठा होकर सारे देश नई चुनौतियों से पार पाने के लिए मंथन करते और नए समझौतों पर हस्ताक्षर करते हैं। अब बड़ी चिंता यह है कि अगर बढ़ते वैश्विक ताप पर काबू नहीं पाया गया, तो बहुत सारी वनस्पतियां, जीव प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी, पहाड़ उजड़ जाएंगे, प्राकृतिक जल स्रोत सूख जाएंगे। बढ़ती गर्मी और जलवायु में असंतुलन के कारण अनेक नई बीमारियां पैदा होंगी, महामारियों की आशंका बढ़ती जाएगी। मगर विकास की दौड़ में शामिल देश औद्योगिक उत्पादन पर किसी भी रूप में लगाम लगाने को तैयार नहीं हैं खनिजों की निकासी पर जोर दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में जिन देशों से सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने की उम्मीद की जाती थी, वे कोई न कोई गली निकाल कर इस जिम्मेदारी से बचते देखे जाते हैं। अमेरिका तो पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के कई वर्ष बाद तक इस जिम्मेदारी से बचता रहा।

दरअसल, दुनिया के तमाम विकसित और विकासशील देशों ने विकास का जो माडल अपना रखा है, उसमें कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाना कठिन होता गया है। कोई भी देश अपने औद्योगिक विस्तार को रोकना नहीं चाहता। सारी दुनिया में आर्थिक विकास दर बढ़ाने पर जोर है। हालांकि अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ा है, पेट्रोल, डीजल, कोयला आदि की जगह विद्युत चालित वाहनों, उपकरणों का चलन बढ़ रहा है। मगर पर्यावरण को नुकसान केवल जैव ईंधन से नहीं, अतार्किक खनन, उत्पादन की होड़, इलेक्ट्रानिक कचरे के बढ़ते बोझ आदि की वजह से भी है। जब तक विकास का संतुलित, तार्किक और कुदरत से तालमेल बिठाने वाला माडल नहीं अपनाया जाता, वैश्विक उत्सर्जन रोकने के इरादे धुआं धुआं होते रहेंगे।

# भारतीय राजनीति में नारों की गूंज-बटेंगे तो कटेंगे बनाम जुड़ेंगे तो जीतेंगे



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

आंतरिक और बाहरी ताकतें देश की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को देखते हुए भारत की छवि को खराब करने की कोशिश कर रही हैं।महराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच बटेंगे तो कटेंगे के बाद अब एक हैं तो सेफ हैं का नया बयान सामने आया है।पीएम ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र करते हुए एक नया नारा एक हैं तो सेफ हैं दिया।

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े और सबसे पुराने देश भारत और अमेरिका में 5 नवंबर 2024 व भारत के महाराष्ट्र झारखंड मैं पूर्ण 5 वर्षीय चुनाव व कुछ राज्यों के उप चुनावों पर दुनियाँ की नज़रें लगी हुई है इसलिए कि दुनियाँ जानती है कि अमेरिका का विश्व पर दबदबा है, इसकी हरी झंडी मिलने से ही विश्व में कोई काम होते हैं, तो वही महाराष्ट्र मुंबई को भारत की राजधानी के रूप में जाना जाता है, तो झारखंड को आदिवासी गढ़, इन जनजातियों का सबसे बड़ा सुबह तो यूपी को पीएम की कुर्सी तक जाने का रास्ता माना जाता है, इसलिए विश्व की टकटकी नज़रें इसके परिणाम जानने के लिए उत्सुक है। परंतु इन चुनावी माहौल में देश व राज्यों में माहौल अति तेज गरमाया हुआ है।एक औरजहां अमेरिकी राष्ट्रपति की वूमेन विरोधी छवि तो वही हैरिस की ब्लैकिश छवी है, परंतु टक्कर जोरदार होनी है,तो वहीं भारत में इस माहौल में नारों का नगाड़ा धूम धड़ाक्के से बज रहा है। सबसे पहले यूपी सीएम ने बटेंगे तो कटेंगे नारा दिया, हरियाणा फतेह हुआ वहीं इस नारे को आरएसएस व पीएम का भी सपोर्ट आधार मिला जिससे यूपी के पूर्व सीएम युवा नेता हड़बड़ा गए, व नारा दिया जुड़ेंगे तो जीतेंगे फिर पूर्व सीएम मायावती क्यों पीछे रहेगी उन्होंने भी नारा दिया जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, फ़िर अब पीएम ने भी एक सभा में नारा दिया एक है तो सेफ़ हैं इन सब नारों की चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। अब सवाल है क्या नेता वोटरों को नारों में उलझा पाएगी? समझदार वाटर किसके साथ जाएंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय राजनीति में नारों की गूंज, बटेंगे तो कटेंगे बनाम जुड़ेंगे तो जीतेंगे प्लस जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे इक्कल टू एक है तो सेफ़ है।

साथियों बात अगर हम यूपी सीएम द्वारा दिए गए नारे बटेंगे तो कटेंगे की करें तो,यूपी में उपचुनाव के बीच पोस्टर के स्लोगन की सियासत शुरू हो गई है। यूपी सीएम के नारे बंटेंगे तो कटेंगे पर संघ परिवार की मुहर के बाद इसके अब होर्डिंग दिखने लगे हैं। पोस्टर के जरिए पार्टी के हिंदुत्व के एजेंडे को धार मिल रही है। वहीं इस नारे को लेकर विपक्ष नेयूपी सीएम को घेरना भी शुरी कर दिया है।एसपी के अध्यक्ष ने सीएम के नारे पर टिप्पणी करते हुए राजनीतिक इतिहास का सबसे ख़राब नारा बताया है।सीएम ने आगरा में एक कार्यक्रम में कहा था कि आप देख रहे हैं बांग्लादेश




में क्या हो रहा है? वे गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा पर पहुंचेंगे। इसके बाद यह स्लोगन तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है।यूपी के साथ ही देश की राजनीति में भी इन दिनों एक नारे को लेकर जबरदस्त चर्चा चल रही है। यह नारा बटेंगे तो कटेंगे का है। यह नारायूपी सीएम ने दिया है। अब सपा ने उनके इस नारे पर जोरदार पलटवार किया है। बता दें यूपी में नौ विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव की वजह से चुनावी माहौल काफी गर्म है। इस उपचुनाव में सपा और बीजेपी के बीच जोरदार टक्कर है।बुलडोजर एक्शन के बाद अब सीएम का एक स्लोगन भी चल पड़ा है। जैसे 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में हर जगह बुलडोजर छाया रहा, अभी सीएम का दिया एक नारा सबसे ज्यादा चर्चित है,बंटेंगे तो कटेंगे- और चुनावी माहौल में सीएम की बात को संघ से लेकर पीएम तक एनडोर्स कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सीएम के नारे बटेंगे तो कटेंगे के प्रभाव की भी परख होगी। वजह ये है कि उपचुनाव को खुद फ्रंट से लीड कर रहे यूपी के सीएम के इस नारे को विपक्ष की जातीय गोलबंदी के काट के तौर पर देखा जा रहा है। इस नारे ने हाल ही में हरियाणा चुनाव में रंग दिखाया है और महाराष्ट्र, झारखंड में भी इसकी गूंज सुनाई पड़ रही है। ऐसे में ये तय है कि यूपी उप चुनाव की रैलियों और जनसभाओं में ये नारा गूंजेगा। वहीं अब इस नारे को संघ का समर्थन मिलने के बाद 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सियासी रणनीति इसके इर्द-गिर्द होने के संकेत भी मिल रहे हैं। साथियों बात गअगर हम यूपी युवा नेता द्वारा दिए गए नारे जुड़ेंगे तो जीतेंगे कि करें तो,यह नारा देकर कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश दे दिया है।वहकार्यकर्ताओं से एक साथ आने और आपस में जुड़ने की बात करते दिख रहे हैं। दरअसल, पिछले दिनों कई स्थानों पर पार्टी कैडर में बिखराव की आशंका जताई जा रही है। वहीं,यूपी की राजनीति में यादव वोट बैंक में बिखराव की भी आशंका गहराई है। इसलिए,युवा नेता जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा देते दिख रहे हैं।युवा नेता ने कहा नारे हमेशा सकारात्मक होने चाहिए। नकारात्मक नारा हमेशा कमजोर लोग ही देते हैं। उन्होंने कहा कि हम तो कहेंगे, जुड़ेंगे तो जीतेंगे। नारे को आगे बढ़ते हुए वह कहते हैं कि पीडीए जुड़ भी रहा है और जीत भी रहा है। युवा नेता यूपी के सीएम पर हमलावर रुख अपनाते हुए दिखते हैं। यूपी क़े सीएम के बयान बटेंगे तो कटेंगे पर काफी चर्चा हो रही है। इसके पलटवार में समाजवादी पार्टी ने भी एक पोस्टर जारी किया है, जिसपर लिखा है,जुड़ेंगे तो जीतेंगे, अब यूपी की एक और प्रमुख पार्टी बसपा भी इस बयानबाजी में शामिल हो गई है। बसपा चीफ ने कहा कि बसपा का नारा,बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे, है। उन्होंने कहा कि जब से बसपा ने उपचुनाव में उतरने का ऐलान किया है, सपा और बीजेपी की नींद उड़ी हुई है। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने हैं, जिसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। साथियों बात अगर हम पूर्व सीएम मायावती के नारे जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे की करें तो, बसपा चीफ़ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक बयान जारी करते हुए लिखा,यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में बीएसपी के दमदारी से उतरने से भाजपा और सपा की नींद उड़ी हुई है। इसीलिए विकास से लोगों का ध्यान हटाने के लिए बीजेपी ने बटेंगे तो कटेंगे और सपा ने जुड़ेंगे तो जीतेंगे जैसे नारे दिए हैं। उनकी दोगली नीतियों से बचने के लिए बेहतर यही है कि आप हमेशा तक बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के मास्टर स्ट्रोक एक है तो सेफ़ हैं नारे की करें तो,पीएम ने राष्ट्रीय एकता और यूसीसी की जोरदार वकालत की। उन्होंने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों को अर्बन नक्सलियों के नए मॉडल से सावधान रहने की जरूरत है, जिनका एकमात्र एजेंडा अराजकता फैलाना और देश को अस्थिर करना है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasi-aup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

लखनऊ, सोमवार 04 नवंबर 2024
www.publicasia.in

# टीबी की सूचना देने में यूपी फिर सबसे आगे, वार्षिक लक्ष्य के पहुंचा करीब

**योगी सरकार को केंद्र सरकार ने 6.5 लाख मरीजों के रजिस्ट्रेशन का दिया था लक्ष्य, अक्तूबर की समाप्ति तक 86 प्रतिशत मरीज चिन्हित**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान कर इलाज करने में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चलने का कीर्तिमान दर्ज किया है। योगी सरकार को इस साल 6.5 लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य मिला था। अक्तूबर माह की समाप्ति तक लक्ष्य के सापेक्ष 86 प्रतिशत मरीजों की पहचान कर देश में पहले स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर महराष्ट्र है, जहां पर 1,85,765 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया।

इसी तरह बिहार तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,161 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। यानी इस साल भी बीते साल की तरह




प्रदेश लक्ष्य से ऊपर टीबी नोटिफिकेशन कर लेगा।

### लखनऊ, गोरखपुर में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को नोटिफिकेशन रहा बराबर

विशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हिकरण व इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों को साल की शुरुआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था। बीते साल यह 5.5 लाख का था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 अक्तूबर तक प्रदेश में पांच लाख 59 हजार टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं। आगरा, मथुरा,




झांसी, कानपुर, मेरठ व मुरादाबाद में तो प्राइवेट डाक्टरों ने सरकारी डॉक्टरों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, गोरखपुर व बरेली में सरकारी व प्राइवेट नोटिफिकेशन बराबर का रहा है।

बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत किया था टीबी नोटिफिकेशन राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि सीएम योगी मंशा के अनुरुप वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इसी का नजीजा है कि इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है।

काबिले गौर है कि केंद्र द्वारा दिए गए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए गए हैं। इनमें हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान व दस्तक अभियान का बार-बार चलाया जाना प्रमुख है। यही कारण है कि बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत टीबी नोटिफिकेशन किया था। वर्ष 2023 में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य 5.5 लाख था जिसके सापेक्ष प्रदेश ने 6.33 लाख मरीज खोजे थे। यहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ने की जरूरत टीबी उन्मूलन के लिए प्रदेश में ज्यादातर जनपदों में प्राइवेट डाक्टर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं लेकिन कुछ जनपद ऐसे भी हैं जहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बहुत कम हो रहा है। जैसे श्रावस्ती में इस साल सिर्फ 38 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं।

इसके अलावा महोबा में सिर्फ 215, संतरवीदास नगर में 271, हमीरपुर में 277, कन्नौज में 293, सोनभद्र में 297, चित्रकूट में 312, सुलतानपुर में 370, अमेठी में 392 और कानपुर देहात में सिर्फ 395 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डाक्टरों की प्रतिभागिता बढ़े जाने की जरूरत है।

## मुख्य समाचार

### मुकदमे में बयान होने के बहाने पत्नी को घर बुलाकर चाकू से हत्या कर स्वयं खाया जहर



**बिजनौर।** शहर के बुल्ला चौराहे के निकट मौहल्ला रांघडान में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी तथा स्वयं भी जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश की ।

मामला शहर कोतवाली का है बताया गया है कि निजामुद्दीन का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है एक जनवरी को निजामुद्दीन ने पत्नी पर तेजाब डाल दिया था जिसमें बयान होने की बात कहकर निजामुद्दीन ने पत्नी को बुलवाया था तथा देर रात्रि में चाकू से उसकी हत्या कर दी, हत्या करने के बाद निजामुद्दीन ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया है जिसे जिला चिकित्सालय में पुलिस ने भर्ती कराया है निजामुद्दीन की शादी 16 वर्ष पहले हुई थी जिसके कुछ साल बाद दौनो पति पत्नी में मनमुटाव चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है तथा मामला दर्ज कर कार्यावाही की बात कही है।

### भैया दूज पर को लेकर शहर में वाहनों का लगा जाम



**शामली।** भैयादूज पर्व को लेकर शहर में वाहनों का जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पडा। जाम लगने से लोग घंटों जाम में फंसे रहे। ट्रेफिक पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाले में पसीना बहाया, लेकिन सिविल पुलिसकर्मी अपनी डयूटी से नदारद रहे।

रविवार को शहर में सवेरे से ही जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। भैयादूज पर्व पर अधिकतर लोग अपने बहनों से तिलक करवाने के लिए जाते है। निजी वाहनों और यात्रियों की भीड के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रही। जिससे शहर के विजय चौक, अजंता चौक, फव्वारा चौक, शिव चौक, धीमानपुरा, गुरूद्वारा तिराहे पर वाहनों का जाम लगा रहा। जाम लगने से वाहन चालक घंटों जाम के झाम में फंसे रहे और उनको रास्ता नही मिल सका। शहर में अधिकतर जाम ई-रिक्शाओं के कारण लगे, जिनके चालक आडा तिरछा कर ई-रिक्शा को चला रहे थे। कई स्थान ऐसे भी दिखाई दिए, जहां केवल ई-रिक्शाओं का ही जाम था। लोगों का कहना था कि त्यौहारों के सीजन में जिला प्रशासन से अवैध रूप से सडकों पर दौड रही ई-रिक्शाओं पर अंकुश लगाना चाहिए। उक्त ई-रिक्शाओं को नाबलिग बच्चे चलाते है, जिस कारण वह कही पर भी ई-रिक्शा को खडी कर जाम लगा देते है, जिससे शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है।

### भाई से मिलने जा रही महिला और बेटी की सड़क हादसे में मौत




**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में रविवार को भाईदूज पर पति सहित मायके जा रही एक महिला और उसकी बेटी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उरई-राठ मार्ग ग्राम मुहम्मदाबाद के पास ग्राम ऐरी निवासी सुरेंद्र पाल भाईदूज के पर्व पर पत्नी को लेकर आज पनारी जिला झांसी मायके जा रहा था। उसके साथ पत्नी 30 वर्षीय उमा व सात वर्षीय पुत्री अंशिका भी बाइक पर सवार थी। सुरेंद्र पाल जैसे ही जियो पेट्रोल पंप पर पहुंचा तो उसने वहां से पेट्रोल भरवाया इसके बाद वह उरई की तरफ मुड़ने लगा। मुड़ते समय राठ की तरफ से उरई जा रही प्राइवेट बस ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दंपति व पुत्री सड़क पर गिर गए। सुरेंद्र पाल हादसे में बुरी तरह घायल हो गया जबकि पत्नी उमा व बेटी अंशिका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक बस समेत मौके से भाग गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुरेंद्र पाल गांव में रहकर खेती करने के साथ मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने कहा कि बस चालक का पता किया जा रहा है।

### भैया दूज पर्व को लेकर बसों में यात्रियों की भारी भीड़




**शामली।** भैयादूज पर्व को लेकर बसों में यात्रियों की भारी भीड रही। जिससे बचों में मारा मारी मची रही और यात्रियों को बसों में बैठने तक ही जगह नही मिल सकी। बसों में भीड को देखते हुए कई यात्री को बसों में लटककर यात्रा करते नजर आये। रोडवेज बसों की उचित व्यवस्था न होने से डग्गामार वाहनों ने भी यात्रियों का जमकर फायदा उठाया और मनमाने पैसे वसूले है। रविवार को विवाहित बहनों की ओर से भैया दूज का पर्व मनाने के लिए भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था। सड़कों पर खासी भीड़ देखी गई। ट्रेनों में भी आम दिनों की अपेक्षा यात्रियों की संख्या अधिक थी। शहर के रोडवेज बस स्टेंड पर यात्रियों की मारा मारी मची रही। दिनभर भाई-बहनों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। सड़क से लेकर बस स्टैंड तक यात्रियों की भीड़ नजर आई। परिवहन विभाग द्वारा वैसे तो बसों के रूट बढाये जाने की बात कही थी, लेकिन अधिकतर यात्री बसों की प्रतीक्षा करते रहे और उनको समय से बस नही मिल सकी। जिसका फायदा डग्गामार वाहन चालकों ने जमकर उठाया। यात्रियों से मनमाने किराये वसूले गए, जिसका बोझ दैनिक यात्रियों पर भी पडा है। प्राईवेट बसों में यात्रियों को न तो बैठने की सुविधा मिल सकी और न ही खडे होकर जाने की। बसों में क्षमता से अधिक यात्री भरने से यात्रियों को भारी असुविधाऐं हुई।

## छठ पूजा के लिए बरेली चलेंगी से 10 और विशेष ट्रेन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में छठ पूजा पर ट्रेनों में दिपावली से ज्यादा दबाव रहने वाला है, जिसको ध्यान में रखते हुए रेलब ने बरेली से होते हुए पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने-जाने वाली नियमित ट्रेनों के अलावा विशेष ट्रेनें चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। रेलवे ने शुक्रवार को बरेली होते हुए पूर्वांचल और बिहार के लिए अप-डाउन 10 और ट्रेनों की समय सारिणी जारी की है। इन ट्रेनों का संचालन कटिहार-अमृतसर, चंडीगढ़-समस्तीपुर और सरहिंद-सहरसा, देहरादून-लखनऊ और लुधियाना-सहरसा के बीच किया जाएगा। बरेली होते हुए रेलवे अप-डाउन 60 से ज्यादा ट्रेन चलाई जा रही हैं।

04664 अमृतसर-कटिहार विशेष ट्रेन दो नवंबर को अमृतसर से दोपहर 1:25 बजे चलने के बाद रात 12:52 बजे बरेली आएगी। यहां से चलने के बाद लखनऊ, अयोध्या, अकबरपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया होते हुए तीसरे दिन तड़के तीन बजे कटिहार पहुंचगी।

वापसी में 04663 कटिहार-अमृतसर विशेष ट्रेन चार नवंबर को सुबह छह बजे कटिहार से चलने के बाद अगले दिन सुबह 6:05 बजे बरेली आएगी और तीसरे दिन रात आठ बजे अमृतसर पहुंचेगी।

दिपावली के बाद अब भैयादूज और छठ पूजा के मद्देनजर ट्रेनों में भीड़ बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जिसको लेकर शुक्रवार को पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में इजाफ़ा किया गया है, ट्रेनों में चढ़ने को लेकर यात्रियों में मारामारी की स्थिति देखी जा रही है। आपको बता दें कि शुक्रवार को बरेली के रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर एक बच्ची समेत तीन यात्री गिरकर चोटिल हो गए थे।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार ग्राम सचिव की हुई मौत

**बरेली।** ड्यूटी जाने के दौरान स्कूटी स्लिप होने से ग्राम सचिव की मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो को सूचना देकर शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।जानकारी के अनुसार बरेली के थाना सुभाषनगर निवासी प्रेमपाल सिंह ग्राम सचिव हैं।58 साल के प्रेमपाल रोजाना सुभाषनगर से नवाबगंज के लिए जाते थे। शनिवार को भी रोजाना की तरह वह घर से ड्यूटी के लिए निकले थे। रास्ते में स्कूटी स्लिप होने से वह सड़क पर गिर गए, इस सड़क हादसे में उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर बरेली की समस्त गौशालाओं में आयोजित किए गए गो-पूजन के कार्यक्रम

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** बरेली में आज गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी गौशालाओं को भव्य तरीके से सजाया गया तथा गो पूजन के उपरांत गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने विकासखंड क्यारा के ग्राम मानपुर अहियापुर में स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र पहुंच कर पूरे विधि विधान से गो-पूजन किया तथा मौजूद गोवंशों को गुड़, पूड़ी, सेब व केला खिलाया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही गौशालाओं में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखे जाने , गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखने हेतु निर्देशित किया।गौशाला में 315 गौवंश संरक्षित पाए गए तथा चार शेड बने हुए हैं। जिलाधिकारी ने और अधिक गोवंश संरक्षित करने के उद्देश्य से मनरेगा से परिसर में एक शेड और बनाए जाने के निर्देश दिए।गौशाला में सोलर लाइट लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए।परिसर के बाहर कुछ दूर पर चारागाह की 14 बीघा भूमि है उस पर हरा चारा/ नेपियर घास लगाने के निर्देश दिये गए और छोटे गोवंशों को उनकी सुरक्षा के मद्देनज़र अलग रखने के लिए निर्देशित किया गया।परिसर में सियार घुस जाने की शिकायत पर बाउंड्री में लगे तारों पर जाली आदि लगाकर सुरक्षित किए जाने के निर्देश दिए और ग्राम में चकमार्गो को चिन्हित कर उन पर आवश्यकता अनुसार मिट्टी का कार्य कराये जाने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर परियोजना निदेशक (डीआरडीए), उपजिलाधिकारी सदर, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थिति रहें।

## बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति सीएम डैशबोर्ड में शामिल

**उपस्थिति के आंकड़ों की अब होगी समीक्षा**

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों पर अब शिकंजा कसने वाला है। जो शिक्षक बिना बताए अनुपस्थित पाया जायेगा, वह अब सचेत हो जाएं। क्योंकि विभाग अब किसी भी स्तर पर ढिलाई बरतने को तैयार नही है, क्योंकि अब शिक्षकों की उपस्थिति पर मुख्यमंत्री की सीधी नजर होगी, जिसकी समीक्षा कई बिंदुओं पर की जायेगी। शासन इस प्रक्रिया पर दीपावली बाद सख्त निर्देश और समीक्षाओं का दौर शुरू करने जा रहा है। स्कूलों में अब तक की उपस्थिति के आंकड़ों की भी समीक्षा की जाएगी। खास बात यह कि प्रकरण में स्थानीय शिक्षा विभाग के कार्यालय की भूमिका सिर्फ ऊपर से प्राप्त आदेश का अनुपालन कराने की रहेगी। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में योजनाओं और परियोजनाओं की निगरानी व मूल्यांकन के लिए चार नए विभागों को शामिल किया है। इसमें सामाजिक कल्याण और सरकारी मंत्रालयों द्वारा चलाए जा रहे दसवीं से पहले और दसवीं से बाद दी जाने वाली छात्रवृत्ति, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति, खाद्य आपूर्ति विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधित धान खरीद के लिए शुरू की गई योजना पैडी प्रिक्योरमेंट स्कीम व चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित परिवार नियोजन, जननी सुरक्षा योजना में भुगतान संबंधी मामलों के साथ गोल्ड कार्ड धारकों के पंजीयन संबंधी प्रकरण व स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना में क्लेम को लेकर आ रही परेशानियों व उससे संबंधित शिकायतों के निस्तारण आदि के साथ फर्स्ट रेफरल यूनिट संबंधी मामले पर भी समीक्षा होगी। विभाग की सक्रियता कर्मियों की कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा। इसे लेकर संबंधित विभागों ने तैयारी शुरू कर दी है, आंकड़े जुटाए जा रहे हैं, बेसिक शिक्षा विभाग ने भी सभी शिक्षकों की उपस्थिति, अनुपस्थिति और उनके स्कूल में पहुंचने के समय आदि संबंधी आंकड़े को जुटाकर पंजिका पर दर्ज करना शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि काफी समय से शिक्षकों की उपस्थिति का रजिस्टर आनलाइन किया जाना था लेकिन प्रदेशभर में इसको लेकर काफी विरोध हुआ जिसके चलते एक लम्बा आंदोलन भी चला, जिसके बाद तीन माह के लिए इस आदेश को स्थगित कर दिया गया था।

## जिले में नौ सब-इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत हुए



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में शासन के आदेश पर जिले के नौ सब-इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत किया गया है, जिसमें एसएसपी के पीआरओ जितेंद्र कुमार भी शामिल हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी को रैंक के प्रतीक चिह्न (स्टार) लगाकर सम्मानित किया और उन्हें उनके प्रमोशन पर बधाई दी।

**इन दरोगाओं को मिली प्रोन्नति**

प्रोन्नत हुए पुलिस अधिकारियों में कोतवाली के एसआई सुभाष कुमार, बिशारतगंज के रूप नारायण सिंह और अरविंद सिंह, शाही के दिलीप कुमार, और भुता के रामवीर सिंह शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, थाना अलीगंज के एसआई कामेश कुमार सिंह, बिथरी चैनपुर के एसएसआई वेद सिंह, और इज्जतनगर के एसआई श्रवण कुमार भी इस सूची में हैं।

**एसएसपी ने सभी को दी बधाई, अब मिलेगी नई तैनाती**

एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी नव-प्रोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सभी दरोगा अपने तैनाती स्थल पर ही इंस्पेक्टर हो गए हैं। जल्द ही उन्हें नए कार्य स्थल पर तैनती दी जाएगी। इनमें से कुछ को थानों का भी प्रभार मिलने की संभावना है।

## गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर हम सभी प्रकृति को संरक्षित करने का संकल्प लें : पूरन सिंह

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में दीपावली उत्सव के बाद यानी शनिवार को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर गोवर्धन पूजा का पर्व देश भर में पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इसे अन्नकूट पूजा के नाम से भी जाना जाता है, और यह विशेष पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्रदेव के अहंकार को समाप्त कर गोकुलवासियों की रक्षा करने की कथा से जुड़ा हुआ है। इस दिन की महत्ता सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन और सामूहिक समर्पण का प्रतीक भी माना जाता है। इस खास दिन को लोग अपने हिसाब से और खास बनाते हैं,

इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी क्यारा पूरन सिंह ने जया लॉन बारीनगला पहुँच कर पौधा रोपण किया और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने



के लिए वृक्षों का हमारे जीवन में क्या महत्व है इस पर जया लॉन के संस्थापक धर्मेंद्र पटेल, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन वीरेंद्र सक्सेना, अमिता नारंग, डॉक्टर विनोद कुमार शर्मा, संजय शर्मा, योगेश पाठक, आशुतोष शर्मा के साथ लॉन पर उपस्थित तमाम शिक्षक और शिक्षामित्रों के साथ विचार विमर्श किया, इस दौरान उनके साथ सहायक लेखाकार रॉबिन रस्तोगी भी उपस्थित रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने कहा कि आज का दिन गोवर्धन पूजा का दिन है आज के दिन भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है, जो हमें यह याद दिलाता है कि हमारी प्रकृति से आत्मीयता और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है। ग्लोबल वार्मिंग के दौर में यह प्राचीन परंपरा बेहद सकारात्मक संदेश देती है। यह त्योहार जीवन में सरलता, संतुलन, और पर्यावरण के प्रति आदर को प्रकट करने का अवसर है, जो हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। गोवर्धन पूजा का आध्यात्मिक महत्व गहरे धार्मिक और जीवन-दर्शन से जुड़ा है। इस अवसर पर धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि यह पर्व सिर्फ उत्सव नहीं है, बल्कि भारतीय जीवन-शैली में निहित प्रकृति और देवताओं के साथ हमारे संबंधों का प्रतीक है। गोवर्धन पर्वत की पूजा करना, किसी एक पर्वत या देवता की आराधना करना मात्र नहीं है, बल्कि यह सजीव और निर्जीव प्रकृति की शक्ति और उसकी सुरक्षा का संकल्प भी है, जो हमें श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन में दिखाई देता है।

इस अवसर पर जया लॉन में जो कि शिक्षामित्र संघ का कैंप कार्यालय भी है में डॉ विनोद शर्मा, योगेश पाठक, संजय शर्मा, आशुतोष शर्मा, सोमपाल आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य समाचार

### सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत, दो गम्भीर, पशु को बचाने में पेड़ से टकराई कार

**बिजनौर।** बिजनौर के नजीबाबाद रोड पर शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ, जब आवारा पशु को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के नजीबाबाद रोड पर इंद्रलोक कॉलोनी के पास रात करीब सवा दस बजे की है। जानकारी के मुताबिक, कार में सवार छः युवक नजीबाबाद की तरफ जा रहे थे। तभी इंद्रलोक कॉलोनी के पास अचानक सड़क पर एक आवारा पशु आ गया। उसे बचाने की कोशिश में कार का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार में पेड़ से जा टकराई

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया, परिजन रो-रोकर बेहाल है। मृतकों की पहचान शक्ति नगर निवासी प्रद्युमन कुमार (24) और प्रगति विहार निवासी प्रतीक्षित के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नई बस्ती निवासी यश राजपूत और अश्वनी शामिल हैं। एक की हालत सामान्य बताई गई है, घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अन्नकूट के पूजन में हुआ आगमन



**बरेली।** बरेली शहर के प्राचीन मंदिर त्रिवटी नाथ में गोवर्धन और अन्नकूट पर्व के मौके पर आज महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती में झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे और उन्होंने आम आदमी की तरह महाआरती में शामिल हुए और भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि हमारे समाज और संस्कृति की यह विशेषता है कि हमारे यहां सभी त्योहार वातावरण और समयानुसार बनाये जाते है। इन दिनों दिवाली का पर्व चल रहा है। आज अन्नपूर्णा का त्योहार है। इस मौके पर वह सभी देश एवं प्रदेशवासियों को अन्नपूर्णा दिवस की बधाई दी।वही त्रिवटी नाथ के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि त्रिवटी नाथ 600 से 700 वर्ष पुराना पवित्र स्थल है। यहां भगवान शिव खुद वास करते है। यहां निरंतर से अन्नकूट का पर्व मनाया जाता रहा है। यहां एक पंक्ति में बड़े छोटे बैठकर प्रसाद ग्रहण करते है।इस मौके पर आज महाआरती का भी आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के महामहिम संतोष कुमार गंगवार के साथ प्रताप चंद सेठ, संजीव कुमार अग्रवाल,हरिओम अग्रवाल,विनय किशन अग्रवाल,अनुपम कपूर,सुमेश मेहरोत्रा,आदि मौजूद रहे।

### शीशगढ़ पुलिस ने नामित चार अभियुक्तों को हथियार व लाठी डण्डो के साथ किया गिरफ्तार



**बरेली।** बरेली में थाना शीशगढ़ क्षेत्र में विजयपाल पुत्र डोरीलाल निवासी गांव बल्ली थाना शीशगढ़ की प्राप्त तहरीरी सूचना कि कुछ लोगों द्वारा उसके घर में घुसकर लाठी डण्डों/धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के संबंध में थाना शीशगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शीशगढ़ के नेतृत्व में थाना शीशगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना शीशगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत में मुखबिर की सूचना पर थाना शीशगढ़ क्षेत्रांतर्गत ढकिया डाम के पास रास्ते से मुकदमा उपरोक्त के नामित अभियुक्तों में से राजेश पुत्र रामदास उम्र 47 वर्ष,राजीव पुत्र रामदास उम्र 35 वर्ष,रंजीत पुत्र राजपाल उम्र 22 वर्ष,अनिल पुत्र राजपाल उम्र 19 वर्ष समस्त निवासी गण ग्राम बल्ली थाना शीशगढ़ बरेली को घटना में प्रयुक्त एक नाजायज चाकू, एक लोहे का नल का हत्था,सात लाठी/डण्डे, एक लोहे की रॉड सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### आजमगढ़ पुलिस ने चोरी हुए 102 मोबाइल सौंपे सही मालिकों को

आजमगढ़ । उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की पुलिस ने बीते 9 माह में डेढ़ करोड़ रुपए की कीमत के 920 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं ,इसमें अक्टूबर माह में 20 लाख रुपए कीमत के 102 एंड्रॉयड फोन शामिल है । अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने पुलिस लाइन सभागार में रविवार शाम सभी 102 मोबाइल स्वामियों को उनके मोबाइल सिपुर्द किया ।जैन ने बताया कि आजमगढ़ में गुमशुदा मोबाइल धारको द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज किए थे,जिसे बरामद करने हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी द्वारा यह अभियान चलाया गया । आजमगढ़ पुलिस द्वारा माह फरवरी से सितम्बर 2024 तक कुल 818 एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 01 करोड़ 19 लाख रूपयें बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके है। माह अक्टूबर 2024 में आजमगढ़ पुलिस द्वारा जनपद में खोए हुए कुल 102 एण्ड्रायड मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रूपया को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया हैं ।

### प्रतापगढ़ पुलिस ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में थाना दिलीप पुर की पुलिस ने एसटीएफ प्रयागराज की सहयोग से 50 हजार रुपए के इनामी वांछित बदमाश को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इनामी बदमाश रवि सिंह उर्फ शेष सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम पट्टी जमालापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को आज थाना क्षेत्र दिलीपपुर के शिव सत पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र कर 14 चक्का ट्रक पर लदे गेहूं की बोरी को गबन करने की योजना बनाई थी। एक व्यापारी निवासी बाबूगंज बाजार थाना कुण्डा प्रतापगढ से 500 बोरी गेहूं लादकर विजय रोलर फ्लोर मिल हैदराबाद पहुंचाने के लिए 20 जुलाई 24 को रात्रि मे बाबूगंज कुंडा से चित्रकूट के रास्ते हैदराबाद पहुंचने के लिए निकलना था परन्तु इन लोगों ने पूर्व से सुनियोजित योजना के क्रम में ट्रक से गेहूं का गबन कर लिया गया था ।उन्होंने गेंहू की बोरियों को भिन्न- भिन्न जगहों पर उतार दिया गया ।एसपी प्रताप गढ़ द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिए थाना दिलीप पुर आरक्षी विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# योगी सरकार का मिशन वन ट्रिलियन डॉलर

# अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनेगा अक्षय ऊर्जा सेक्टर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।



**हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाने की योजना**

सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा। इसी साल शुरू हुई पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में आने वाले वक्त में और भी तेज गति से वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल घरों में ऊर्जा आपूर्ति को सशक्त करना है, बल्कि बिजली बिलों में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है। इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना के तहत 2027 तक 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसानों को उनकी बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो सकेगा।

**बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं का होगा विस्तार**

योगी सरकार यूटिलिटी स्केल सौर परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है। इसमें 4800 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों का निर्माण भी शामिल है,

जिनकी टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, प्रदेश में सात जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स की स्थापना की योजना भी है, जिसे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) और सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 14,000 मेगावाट तक पहुंचाना है।

**योगी सरकार के नेतृत्व में जैव ऊर्जा में प्रगति**




योगी सरकार का लक्ष्य जैव ऊर्जा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। अगले दो वर्ष में बायो कम्प्रेस्ड गैस की क्षमता को 1000 टीपीडी, बायो कोल की क्षमता को 4000 टीपीडी और बायो डीजल की क्षमता को 2000 केएलपीडी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत बायो कम्प्रेस्ड गैस के 210 टीपीडी की क्षमता वाले संयंत्र पहले से ही क्रियाशील हैं और कई अन्य परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इस पहल से प्रदेश में प्रदूषण कम होगा और रोजगार की नई संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

**पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही सरकार**

प्रदेश में भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। अगले 10 वर्षों के दौरान होने वाले नए उद्योगों की स्थापना को ध्यान में रखते हुए आधुनिक ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने और पुराने संयंत्रों का उन्नयन किए जाने का पूरा खाका योगी सरकार ने पहले ही खींच रखा है। इससे ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति तो सुनिश्चित होगी ही, साथ ही औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में योगी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास, और पर्यावरण संरक्षण में सहायक साबित होंगे। इन योजनाओं से उत्तर प्रदेश न केवल सौर और जैव ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।

## बरेली में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौशाला पहुंच गायों की पूजा की

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने आज गोवर्धन पूजा के पवित्र अवसर पर आंवला विधानसभा के आंवला स्थित कान्हा गौशाला एवं मउचन्दपुर ग्राम पंचायत की गौशाला पहुँच कर गायों की पूजा-अर्चना की। इस दौरान गौमाता को गुड़ चना भी खिलाया और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये द्य गौवंश को भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा की हमारी संस्कृति उत्सव प्रधान है। हर त्योहार हमें जीवन के रहस्यों से परिचित कराता है। भारत की पहचान उसके गोवंश से है। हमारे सभी ऋषियों ने हमेशा गोपूजा पर जोर दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण के लिए बेहतरीन काम कर रही है। हमारे वेदों में कहा गया है 'गावो विश्वस्य मातर:' गाय संसार की माता है। प्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए तेज गति से कार्य कर रही है। मेरी ओर से समस्त प्रदेश वासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गोवर्धन त्योहार के दौरान गाय की पूजा का विशेष महत्व है। गाय को भारतीय संस्कृति में माता का दर्जा दिया गया है और इसे देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस दिन गाय की पूजा करने से कई आध्यात्मिक और सामाजिक लाभ होते हैं।

## गौरव ने जीती आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** गांव नगला सरदार कचौरा में जिला पंचायत सदस्य सोनू चौहान के मार्केट में आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख दवा व्यवसायी व भाजपा नेता देवेंद्र सिंह राघव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिनमें प्रथम स्थान गौरव, द्वितीय स्थान सौरव को मिला। इस मौके पर बबलू परमार , अखिलेश चौहान, ओम प्रकाश चौहान, विनीत चौहान, रवि राघव, प्रेमपाल कुशवाहा, धर्मेंद्र परमार आदि मौजूद रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को हाथ उठाकर ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने शनिवार दोपहर को ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को हाथ उठाकर ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

यह जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के क्रम में सरकारी मंत्रालयों और विभागों को



सतर्कता और सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से क्षमता विकास, प्रशासनिक सुधार, नियमावली का अद्यतन, लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

**आठ नवंबर को विज्ञान भवन में होगा विशेष कार्यक्रम**

उक्त सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दृष्टिगत एडीजी, बरेली जोन द्वारा जोन के समस्त जनपद प्रभारी को उनके जनपद में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को भ्रष्टाचार उन्मूलन के सम्बन्ध में शपथ लेने हेतु समुचित निर्देश निर्गत किये गये।

**एडीजी ने दिलाई ये सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा**

**जीवन के सभी क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के नियमों का पालन करेंगे।**

**रिश्वत न लेंगे, न देंगे।**

**सभी कार्य पारदर्शी और ईमानदारी से करेंगे।**

**जनहित को सर्वोपरि रखेंगे।**

## माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने भैया दूज पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**संभल।** बहन गुलाब देवी ने मृदुल स्नेह, समर्पण से परिपूर्ण भाई बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास के प्रतीक पावन पर्व भैया दूज के पावन पर्व पर जाति, धर्म, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने मुस्लिम भाई की दूज कर की हिन्दू मुस्लिम एकता आपसी सदभाव भाईचारे गांव जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री माननीय गुलाब देवी ने कहा



भैया दूज अपने आप में एक ऐसा अनूठा त्यौहार है जो नए रिश्तों को जोड़कर उनका जश्न मनाने वाले और हमारे परिवारों में नए सदस्यों को जोड़ने वाला पर्व है भैया दूज के शुभ अवसर पर उन्होंने मदरसा मौलाना मौहम्मद अली जौहर के प्रबंधक मौहम्मद फिरोज खान हिन्दुस्तानी की दूज कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की माननीय बहन गुलाब देवी जी, माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया बहनें आज के दिन अपने भाईयों को तिलक कर उनके स्वास्थ्य, और लम्बी उम्र की ईश्वर से कामना करती हैं।

## नेहरू युवा पर राष्ट्रीय एकता दिवस केंद्र के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**शामली।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में सरदार बल्लभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। रविवार को कैराना के मदरसा सिराजुल कुरआन जिडाना और कांधला के गांव आलदी में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई। भारी संख्या मे सभी जाति धर्म के लोग एकत्रित हुए। इस मौके पर मदरसा सिराजुल कुरआन के मुफ्ती मुहम्मद आसिफ ने बच्चो को समझाया कि सरदार पटेल ने हमेशा से ही किसानों की लड़ाई लड़ी। सरदार पटेल को लोह पुरुष की उपाधि महात्मा गांधी ने दी थी। क्योंकि उन्होंने बहुत सारी रियासतों को मिलाकर राष्ट्र का निर्माण किया था और पूरे भारत वर्ष को एकता के सूत्र में पिरोया। माफिया सैफी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 550 से अधिक रियासतों को एक साथ मिलाकर एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि रही और सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# अरबों की सरकारी भूमि पर बड़े भूमाफिया काबिज, जिला प्रशासन कूट रचित व जालसाजी में है शामिल

### सरकारी भूमि को किराये पर देकर प्रति वर्ष करोड़ों कमा रहे भूमाफिया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद में किसी उद्योग को स्थापित करने या सरकारी आवश्यकता पर जिला प्रशासन भूमि उपलब्ध कराने में असमर्थता व्यक्त कर देता है वही जिला प्रशासन के सहयोग से कूट रचित व जालसाजी कर लाखों बिगाह सरकारी भूमि पर भूमाफिया वर्षों से कब्जा कर करोड़ों की आय अर्जित कर रहे है जिसकी शिकायत हाल ही में किशन चंद्र निवासी मोहल्ला कस्सावान बिजनौर ने राष्ट्रपति के सचिव, प्रधानमंत्री सचिवालय के केबिनेट सचिव, मुख्य सचिव भारत सरकार निदेशक सीबीआई स्ङ्खह्यद्द सरकार, के अलावा सचिव मुख्यमंत्री,सचिव राज्यपाल , गृहसचिव उत्तर प्रदेश को भेजी गई है जिसमें जिला प्रशासन पर काफी गम्भीर आरोप लगाते हुए कहाँ गया है कि जनपद के गाँव केहरीपुर जगंल, रानी नांगल मौहम्मद अली पुर पट्टाघाट, जसपुर, कोड़िया, मोटा ढाक, मेदूवाला, राजपुर कोट शंकरपुर, कादरगंज आदि ग्रामीण क्षेत्र उत्तराखण्ड की शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है जहाँ की ओल्ड फोरेस्ट की भूमि लगान मुक्त रहने के कारण कपटपूर्ण तरीके से जालसाजी कर प्राइवेट व्यक्तियों के नाम की गई है जिसमें दिल्ली फार्म, रामगंगा फार्म, बिड़ला फार्म, कलकत्ता फार्म, सन्धु फार्म, गिल फार्म व अन्य फार्म के नाम से कई कई हजार एकड़ भूमि पर काबिज है जिसमें जिला प्रशासन द्वारा बड़ा घोटाले किया गया है। यहाँ गौरतलब है कि इस मामले में शिकायत होने पर 2019 में भी जांच की गई थी जिसमें शिकायत को सही माना गया था पर आज तक इस मामले में भूमाफियाओं के विरुद्ध कोई कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा नही की गई है। भूमाफियाओं द्वारा इन अवैध रूप से काबिज भूमि को किराये पर छोटे काश्तकारों को प्रतिवर्ष आठ हजार से दस हजार रुपये के किराये पर दी जाती है इन्ही में खेती कर रहे किसानों ने बताया कि वह भूमि का किराया सिहं सहाब, ठाकुर साहब, शर्मा जी को देते है जिसमें से आधा पैसा सरकारी अधिकारियों को जाता है जो करोड़ों में होता है। आकड़ों के हिसाब से जनपद में लगभग डेढ़ लाख बिगाह भूमि पर अवैध रूप से भूमाफिया काबिज है ये भूमि नजीबाबाद तहसील, नगीना तहसील, धामपुर तहसील, बिजनौर तहसील के अन्तर्गत आती है। करोड़ों की आमदनी होने के कारण ही सरकारी



अधिकारियों द्वारा इन अवैध कब्जों को नही हटवाया जा रहा है। इन सरकारी भूमियों को काल्पनिक नामों में दर्ज कर हजारों बिगाह सरकारी भूमि महंगे दामों में बेच कालोनी तक बसा दी गई है, बेची गई भूमियों का सारा रिकार्ड रजिस्ट्री कार्यालयों में उपलब्ध है सरकारी भूमि होने के बावजूद जिनके बैनामें तथा दाखिल खारिज बैरोक टोक किये गए है। जबकि वन व खेती की भूमि पर सेल डीड सब रजिस्ट्रार आफिस में स्वीकार नही की जानी चाहिए थी। इसमें चौकाने वाला तथ्य यह है कि कुछ बैकों द्वारा भी इन फर्जी बैनामो के आधार पर एक से लेकर दस लाख रुपये के कृषि कार्ड जारी कर करोड़ों का ऋण दिया गया है। इन सभी तथ्यों की जानकारी जिला प्रशासन को भी है। वर्तमान जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल को भी इस मामले की शिकायत किशन चन्द्र ने कई बार की है पर कोई कार्यवाही नही हुई।

जिला प्रशासन ने वास्तविक स्थिति को छूपाने का प्रयास करते हुए एक जांच रिपोर्ट तैयार की है जिसमें गाँव बाबन सराय में बोहरा फार्म, गाँव साबूवाला व मदपुरी में सन्धु फार्म, गाँव वीरभान वाला में ग्रेवाल फार्म हाउस, गाँव चक बलराम सिंह में फेयरी फार्म हाउस, गाँव कोड़िया व शकरपुर, राजपुर कोट में दिल्ली फार्म, दिल्ली फार्म से प्ले ग्राउंड, दिल्ली फार्म बास्केटबॉल कोर्ट, दिल्ली फार्म आर पी पब्लिक स्कूल, दिल्ली फार्म शान्ति भवन, दिल्ली फार्म प्रिसेंज पैराडाइज़, दिल्ली फार्म मन्दिर, इसी तरह गाँव हल्लो वाली में कुकरैती फार्म हाउस, विष्ट फार्म हाउस, गाँव चक नेवल सिंह में कहलों फार्म, बापू तारा हाउस, गाँव कुनबा खेड़ा में कालागढ़ रिसोर्ट,, इको रिसोर्ट, गाँव इस्लामपुर कुतुब में प्रकाश फार्म, गाँव भजरावाला में वत्सला काऊ फार्म, गाँव खोकरा में अमोलक संधु फार्म, श्याम गऊ समिति फार्म हाउस, गाँव पर्वतपुर में ढिल्लों फार्म हाउस, गाँव ब्राम्हण वाला में स्यान फार्म हाउस, गाँव सहजपुर में बिड़ला फार्म, गाँव मौहम्मद अली पुर चौहड़ में रामगंगा फार्म, आदि की स्थिति को जानबूझकर नही दर्शाया गया है।

इन सभी अवैध कब्जों में बड़े बड़े घरानों के जिसमें कलकत्ता,, सिक्किम, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, देहली आदि राज्यों के कारपोरेट घराने शामिल है। इसिलिए जिला प्रशासन इस बड़े मामले पर लीपापोती करने के लिए न्यायिक प्रक्रिया में कभी धारा 38 राजस्व अधिनियम में कभी धारा 144, 145 राजस्व संहिता में उलझाने की कोशिश करता रहा है। एक गाँव की संयुक्त फाइल काल्पनिक लोगों के नाम शामिल कर औपचारिकता की जा रही है जबकि अलग अलग केस फाइल बनाई जानी चाहिए थी। गाँव कोड़िया, शंकरपुर, राजपुर कोट, कादरगंज की सरकारी भूमिया फर्जी कागजों के आधार पर करोड़ों रुपये में बेची गई है। इन गावों में 1359 फसली के मूल नक्शे में समस्त भूमि पर पेड़, वन दर्शाया गया है। वास्तविक स्थिति छिपाने के लिए इन गावों की गाटा संख्या क्रमशः 1,2,3 के स्थान पर 1/2, 1/2, 1/3, 1/4 आबलिग करके गाटा संख्या को बढ़ा दिया गया है। गाँव राजपुर कोट की सार्वजनिक, सरकारी वन ओल्ड फारेस्ट भूमि 30950 के कटान तक की परमिशन दी गई है इसी तरह अन्य गावों में लाखों कीमती पेड़ काट दिये गये है। इन सभी बड़ी जालसाजी में रेवन्यू विभाग, वन विभाग, चकबंदी विभाग, खनन विभाग, रजिस्ट्री विभाग का गठजोड़ शामिल है जिसकी जांच शिकायत कर्ता ने किसी स्वतंत्र ऐजेसीं या सीबीआई से कराने की मांग की है।

## मुख्य समाचार

### गांजा सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** थाना सिविल लाईन पुलिस टीम ने अभियुक्त शाहरुख पुत्र अल्लानूर निवासी गली न0. 6 मौलाना आजाद नगर नगला पटवारी थाना क्वार्सी अलीगढ़ को अम्बेडकर पार्क के पीछे रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 1.2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** थाना सासनीगेट पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त, अमित सागर उर्फ पतरा पुत्र कौशल किशोर निवासी सराय काजी रंगमहल जयगंज थाना सासनीगेट जिला अलीगढ़, गौरव पुत्र मूलचन्द निवासी काजी सराय रंगमहल जयगंज थाना सासनी गेट जिला अलीगढ़, विपिन कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी काजी सराय रंगमहल जयगंज थाना सासनी गेट जिला अलीगढ़ को अवैध असलाह व चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल

**हाथरस।** सिकंदराराऊ के कासगंज रोड स्थित गांव नावली लालपुर के पास बाइक में साड़ी फंस जाने के कारण एक महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ से अलीगढ़ रेफर किया गया है। कमला देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला नौखेल सिकंदराराऊ अपने बेटे के साथ अपने मायके कछला गई थी । भैया दूज करने के बाद वह अपने बेटे के साथ बाइक पर कछला से सिकंदराराऊ वापस लौट रही थीं। जैसे ही गांव नावली लालपुर के पास पहुंची तभी उनकी साड़ी बाइक के पहिए में फंस गई और वह बाइक से गिर गई। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। उनके सिर में गहरी चोट आई है। उनका उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

### गाय को पीटने से रोका तो गोरक्षक और उसके भाई को पीटा, 16 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, दो हिरासत में



**हाथरस।** कुछ लोग निराश्रित गाय को बुरी तरह से मारते हुए ले जा रहे थे। गोरक्षक ने गाय को पीटने का विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उन्हें पीट दिया। जब उसका छोटा भाई जब उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी, डंडा, सरिया और फावड़ा लेकर हमला कर दिया। मुरसान क्षेत्र के गांव कुरावली में दो नवंबर को गांव के ही दूसरे समुदाय के लोगों ने एक गो रक्षक व उसके भाई को बुरी तरह से पीटा। इसमें दोनों घायल हो गए। गोरक्षक ने मुरसान कोतवाली में 16 लोगों के खिलाफ इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। गो रक्षक ओंकार सिंह निवासी कुरावली मुरसान ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह 10 बजे गांव के आस्मीन, इरबीन, जुरबीन, गयासुद्दीन, अभिषेक, इश्ताक, वकील, ताजुद्दीन, आमीन, मोमीन, सुनील, अब्बू, अखिलेश, इशाक, इस्फाक, बंटी मिलकर एक निराश्रित गाय को बुरी तरह से मारते हुए ले जा रहे थे। इसमें सुनील को छोड़ कर बाकी 15 लोग दूसरे समुदाय के हैं। आरोप है कि जब उन्होंने गाय को पीटने का विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उन्हें पीट दिया। इसका शोरगुल सुनकर ओंकार सिंह का छोटा भाई प्रकाश सिंह जब उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी, डंडा, सरिया और फावड़ा लेकर हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में देख गांव वालों ने दोनों को बचाया है। ओंकार सिंह किसान हैं और खेती करते हैं। उनके भाई प्रकाश यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। घायल गोरक्षकों का उपचार कराया जा रहा है।

### विवाद में चले लाठी-डंडे , एक की मौत, पांच घायल



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के उतरांव क्षेत्र में दीपक जलाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद मारपीट में पांच लोग घायल हो गए थे जिसमें उपचार के दौरान रविवार को एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उतरांव थाना क्षेत्र के आरा कला कजरीगढ़ निवासी दिलीप कुमार दुबे के परिवार के लोग दीपावली के दिन दीप जलाकर रखने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के रविशंकर, ध्रुव शंकर, दारा सिंह, राम अभिलाष सहित दर्जन भर लोग मौके पर पहुंचे और दीप जलाने का विरोध करते हुए गाली गलौज करने लगे। दिलीप के भाई पवन दुबे ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे सरिया और गड़ासे से उन पर हमला कर दिया जिससे बेहोश होकर वह जमीन पर गिर पड़े। उन्होंने बताया कि बीच बचाव के लिए पहुंचे पिता राजेंद्र दुबे, चाचा जितेंद्र, भाई इंद्र कुमार, प्रदुम दुबे सहित अन्य लोगों को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। मारपीट में पवन की हालत गंभीर बनी थी। उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर 10 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया एवं अन्य की तलाश कर रही है।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

**सीएम योगी के नेतृत्व में महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए 24 घंटे चल रहा काम**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में चौबीस घंटे काम कर रही है। इसी क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है।

संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए बाकायदा मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है।

**सेल्फी प्वाइंट के रूप में होगा विकसित**

संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

**क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन**

इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है।

**90 साल की क्रांति का सजीव चित्रण**

इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा। 1857 से लेकर 1947 तक देश पर न्योछावर एक एक वीर का इतिहास जानकर लोग दंग रह जाएंगे।

## बहनों के असीम प्रेम का त्योहार भाईदूज बडी उत्साह के साथ मनाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ ( संदीप शर्मा )।** रविवार को भाई बहन के असीम प्रेम का त्योहार भाईदूज पूरे उत्साह के साथ मनाया गया, बहनों ने अपने भाई के मस्तक पर तिलक किया और भगवान से भाई की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। जिसके बाद भाइयों ने बहन के पैर छूकर उन्हें उपहार दिए और आशीर्वाद लिया। लेकिन लोगों ने विशेष मूहूर्त में अपनी बहनों से तिलक कराया, शुभ मूहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों का तिलक किया व बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र की दुआ की।

संदीप शर्मा ने बताया कि भाईदूज के दिन बहन के घर जाकर तिलक कराने का विशेष महत्व होता है। भाइयों को खुश मन से अपनी बहन के घर जाना चाहिए और वहीं भोजन करना चाहिए, इससे भाई को यमराज का खतरा नहीं रहता है। क्योंकि यमराज ने इसी दिन अपनी बहन यमुना के घर जाकर भोजन किया था और उनसे तिलक कराया था। जिसके बाद उन्होंने अपनी बहन को वरदान दिया था कि जो भाई इस दिन अपनी बहन के घर जाकर तिलक कराएगा, उसे यमराज का भय कभी नहीं रहेगा।

## प्रसिद्ध कथावाचक विजय कौशल महाराज ने कैराना रोड स्थित जेजे फार्म में श्री राम कथा का किया शुभारंभ

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली।** प्रसिद्ध कथावाचक विजय कौशल महाराज ने कैराना रोड स्थित जेजे फार्म में श्रीराम कथा का शुभारंभ करते हुए कथा के महत्व, गुरु महिमा व भगवान के नाम की महिमा का सजीव वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने ध्रव की कारुणिक कथा का भी मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया।

रविवार को राम कथा का शुभारंभ करते हुए विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि भगवान की कथा बड़े भाग्य से और सौभाग्यशाली लोगों को ही मिलती है। राम कथा कलयुग में भगवत प्राप्ति का सबसे सरल साधन है जो कानों के माध्यम से व्यक्ति के मन में प्रवेश करती है। भगवान की छवि मन में बैठ जाती है। यह कथा भगवत दर्शन की लालसा पैदा करती है और लालसा से ही रास्ता निकाला जाता है। उन्होंने सर्वप्रथम गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने ईश्वर की प्राप्ति के लिए सतगुरु की आवश्यकता बताई है। गुरु खोजे नहीं जाते गुरु का दर्शन किया जाता है।

उन्होंने राम नाम की महिमा बताते हुए कहा कि कलयुग में योग, यज्ञ ,जप, तप, व्रत, पूजा जैसे साधना के कठिन मार्ग संभव नहीं है। केवल भगवान के नाम का सुमिरन ही भवसागर से पार कर सकता है। भगवान के सहस्त्रनाम है और कोई भी नाम जपा जा सकता है। इसी प्रसंग में उन्होंने ध्रुव की कथा सुनते हुए बताया की किस प्रकार 5 वर्ष की अवस्था में बालक ध्रुव ने परम पद को प्राप्त किया। ध्रुव की कारुणिक कथा सुनकर श्रोताओं के हृदय द्रवित हो गए।

## दुकान खाली कराने को लेकर किरायेदार को दी जान से मारने की धमकी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट अंतर्गत दुकान खाली कराने को लेकर दुकान मालिक के बेटो ने दुकान के किरायेदार को जान से मारने और दुकान में ताला डालकर जबरन कब्जा करने की धमकी दी और जबदस्ती दुकान में घुस आए।

थाना सासनी गेट मौहल्ला बराई निवासी कुलदीप सिंह पुत्र स्व0 डॉ0 उदय सिंह वर्मा ने बताया कि उसकी जयगंज रोड स्थित एक दुकान किराए पर है जोकि उसके पिता सन् 1966 से इस दुकान के किरायेदार थे पिता की मृत्यु के बाद कुलदीप वर्मा उक्त दुकान पर काबिज है लेकिन दुकान मालिक बुद्वसैन शर्मा के पुत्र इनकी मृत्यु के बाद दुकान के मालिक गोपाल शर्मा है। घटना शनिवार को करीब 12 बजे वह दुकान खोलने गए थे कि तभी विजय यादव, रोहित यादव, रवि मानव पुत्रगण चन्द्रपाल यादव व इनका नाती और चन्द्रपाल यादव जो निवासी कटारी वाली गली थाना सासनी गेट एक राय होकर जबरदस्ती दुकान में घुस आए और दुकान में ताला डालकर कब्जा करने व जान से मारने की धमकी दी। कुलदीप वर्मा ने घटना के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी लेकिन पुलिस के आने से पहले सभी युवक फरार हो गए।

## ट्रेनों व बसों में उमडी भीड़

**अलीगढ़( संदीप शर्मा )।** भैया दूज को लेकर रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टेण्डों पर यात्रियों की खासी भीड़ नजर आई। भैया दूज के बाद से लोगों को फिर से अपने गतव्य के लिए वापस जाने को लेकर लोगों का सफर करना जारी है जिसके चलते सीटों की मारामारी जारी है।

भाई दूज को लेकर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों और भाई अपनी बहनों के घर आये तो वहीं डग्गेमार वाहनों ने भी इसका बहुत फयादा उठाया ओर लोगों की जेब पर जमकर डाका डाला और लोगों से मनमाना किराया वसूला और खूब चॉदी काटी।

## भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हाथरस।** भैया दूज का पर्व जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है, जिसमें बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक करके उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति प्रेम का इजहार किया।

जनपद में इस पर्व की धूम सुबह से ही देखने को मिली। बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके लिए प्रार्थना कर रही थीं, और इस परंपरा के अनुसार उन्होंने भाइयों को गोला और मिठाइयां भी भेंट कीं। त्योहार का उल्लास हर घर में दिखाई दिया, और शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति था, जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न हो। भैया दूज के पर्व के कारण बाजारों में भीड़-भाड़ देखने को मिली। मिठाइयों, परचून और उपहारों की दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही। दीपावली के बाद बाजारों में फिर से मिठाइयों की बाढ़ आ गई, और खरीदारों की लंबी कतारें भी नजर आईं। विवाहित बहनों ने भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू कर दिया था, जिससे सड़कों पर भी भारी भीड़ रही।

भैया दूज के अवसर पर बाजार में गोले की मांग भी काफी बढ़ गई थी। महिलाएं विशेष रूप से इस त्योहार के लिए गोले खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचती रहीं। दुकानदारों ने इस त्योहार के लिए गोले का स्टॉक पहले से ही तैयार कर रखा था, जिससे बाजार में इसकी बिक्री तेजी से हुई। किराने की दुकानों के अलावा अन्य दुकानदारों पर भी गोले की बिक्री देखने को मिली।

## चुनावी वादा पूरा न करने पर पार्टी की मान्यता रद्द कर देनी चाहिए

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवम उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के समय जो घोषणा पत्र में चुनावी वादे किए जाते हैं। उनका पूरा करने की नैतिक जिम्मेदारी चुनाव आयोग को राजनीतिक दल के मुखिया की निश्चित करनी चाहिए। सरकार के गठन के बाद जिस दल की सरकार बनती है, अगर वह चुनाव के समय किए गए अपने वादों को एक निश्चित समय के अंदर पूरा नहीं करती है, तो चुनाव आयोग को उस राजनीतिक दल की आगामी चुनाव के लिए मान्यता समाप्त कर देनी की शक्ति पार्लियामेंट को चुनाव आयोग को देनी चाहिए ऐसा होने से कोई भी राजनीतिक जनता के समक्ष लोक लुभावने झूठे



वादे करने से गुरेज करेगा, और नेता जुमलेबाजी से भी बचेंगे उन्होंने यह भी कहा चुनाव की घोषणा से पूर्व चाहे केंद्र के चुनाव हो या राज्य के सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र को चुनाव आयोग को अपने पास मगा लेना चाहिए और उस घोषणा पत्र के अनुसार ही राजनीतिक दल के मुखिया से एक शपथ पत्र भी लेना चाहिए जो घोषणा पत्र में जो वादे हैं, उनको हम एक निश्चित समय में पूरा करेंगे और घोषणा पत्र में जो वादे राजनीतिक दल द्वारा किए हैं।

चुनाव के समय उनको ही राजनीतिक दलों के नेतागण स्टार प्रचारक एवं प्रत्यासी जनता के समक्ष रखेंगे, अगर उससे हटकर कोई पार्टी का नेता स्टार प्रचारक या प्रत्याशी अलग से वोटो को प्रभावित करने के लिए जनता के समक्ष लोक लुभावने बायदे करता है तो चुनाव आयोग को तुरंत संज्ञान लेकर उसके चुनाव को तुरंत रद्द करके और प्रत्याशी को भी चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर देना चाहिए।

इससे वोटो को लालच वस प्रभावित करने की राजनीतिक दलों द्वारा रेवड़ी बांटने की राजनीति का जो खेल चुनाव के समय खेला जाता उस पर अंकुश लग जाएगा।

सिंह ने यह भी कहा देश की जनता को भी अपने विवेक से राष्ट्रहित में राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नीति, सिद्धांत, पार्टी के कार्यक्रम वं जनहित के मुद्दों के आधार पर अपना वोट कास्ट करना चाहिए नाकि झूठे।

## गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हाथरस।** ब्राह्मणपुरी पुरानी तहसील रोड सिकंदराराऊ स्थित आरसी हेल्थ केयर फार्मा के मंदिर प्रांगण में शनिवार की देर शाम हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। शाम के समय गोवर्धन महाराज की आरती और गिरिराज धरण श्री कृष्ण का संगीतमय कीर्तन श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहो.....का नजारा बेहद ही खूबसूरत था। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते हुए नजर आए। उसके बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया।श्रद्धालुओं ने अन्नकूट का प्रसाद उत्साह के साथ ग्रहण किया। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर विश्व व परिवार में सुख शांति की कामना की। राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पहले सभी ब्रजवासी इंद्र देव की पूजा करते थे। भगवान श्री कृष्ण के कहने पर सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन की पूजा करनी प्रारंभ कर दी। जिसके कारण इंद्रदेव क्रोधित हो गए और ब्रज में घनघोर वर्षा प्रारंभ करा दी। चारों ओर तबाही मचने लगी। ये सब देखकर भगवान श्री कृष्ण ने सबकी रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया। सभी ब्रजवासियों ने अपने परिवार और पशुओं के साथ गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। सात दिनों तक घनघोर वर्षा होती रही। परंतु इससे भी ब्रजवासी विचलित नहीं हुए। तब इंद्रदेव को ये आभास हुआ कि श्री कृष्ण कोई साधारण बालक नहीं हैं। ऐसे में उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसीलिए पूरे देश में गोवर्धन पूजा की जाती है।

इस अवसर पर रमेश चतुर्वेदी, मुनेश चतुर्वेदी, विनय चतुर्वेदी, पंकज चतुर्वेदी, नरेश चतुर्वेदी, आरसी हेल्थ केयर फार्मा के निदेशक राजीव चतुर्वेदी, राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी, अरविंद कुमार शर्मा, मुकेश भारद्वाज, रितिक पांडेय,मुदित भारद्वाज, विदितदेव चतुर्वेदी, सिद्धार्थ, हर्षित, युवराज, रुद्र, अर्जुन पंडित, वंश, स्पर्श, शौर्य कटारा, राकेश सेंगर सभासद, अवनीश यादव, निखिलेश सिसोदिया, आदि मौजूद थे।

## मूर्ति प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर हुआ महायज्ञ

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** जी.टी रोड स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर पर चल रहे राम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ महायज्ञ किया गया। वैदिक ज्योतिष संस्थान के स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे इस अनुष्ठान के तहत आचार्य गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री, शिवम शास्त्री, पंडित संतोष शर्मा, पंडित अनुज शर्मा व ओम वेदपाठी



सहित अन्य अचार्यों ने नवनिर्मित प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा हेतु प्रातः कालीन बेला में भगवान गणेश, भूमि, नवग्रह आदि देवताओं का आवाहन एवं पूजन अर्चन करके महायज्ञ का आयोजन किया जिसमें मुख्य यजमान श्री अंकित पालीवाल, नेहा पालीवाल, मुकेश सैनी, सत्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य यजमानों द्वारा आहुतियाँ दी गयीं। स्वामी जी ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक अच्छा मूर्तिकार किसी प्रतिमा को तराशकर भगवान का रूप देता है उसी प्रकार यदि उस प्रतिमा का योग्य ब्राह्मणों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जाए तो वह एक पत्थर ही रहती है।

## सपा का गुंडाराज जनता दोबारा प्रदेश में नहीं चाहती : केशव प्रसाद

एजेंसी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस पार्टी के शासनकाल में गुण्डाराज से पीड़ित जनता दोबारा सूबे में उसकी सरकार की मौजूदगी नहीं चाहती।

भारतीय जनता पार्टी (गंगापार) के फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में बूथ स्तरीय सहसों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन उपस्थित कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता नहीं चाहती है कि फिर से सपा की गुंडाराज सरकार का शासन हो। सपा के शासन में गुण्डा, माफिया, दंगाइयों का ही बोलबाला था जिससे लोग परेशान थे। आज सभी दंगाई, माफिया, गुण्डा या तो सुधर गये या जेल में हैं। इनके आका जेल में या फिर परमात्मा के पास चले गये।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है बल्कि 2027 का सेमीफाइनल चुनाव है। लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार से लोगों को अपने माया जाल, झूठ के पुलिंदे से तैयार स्लोगन संविधान खतरे में है,हर महिलाओं को महीने में एक हजार खटा खट फटा खाते में भेजने के आश्वासन से कुछ सीटें जरूर मिली तो गुब्बारे की तरह फूल गये।अब गुब्बारे के फूटने की आवश्यकता है यह काम भाजपा के कार्यकर्ता फिर करने जा रहे हैं।।

उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक भारतीय जनता पार्टी का एक नारा 'बूथ जीता तो चुनाव जीता' सदैव लगाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति रीति से प्रभावित कार्यकर्ता 2014 मे 2024 तक के चुनाव में विजय श्री दिलाकर केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार बनाने का काम किया है।

मौर्य ने दावा किया कि फूलपुर विधानसभा के 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में कार्यकर्ता अपने बल पर जीत का कमल खिलाएगी। उन्होंने आगे कहा कि 2014 एवं 2017 के पूर्व वाली सरकार से वर्तमान सरकार की तुलना में अधिक विकास दिख रहा है। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास अब तक मिल चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फैसला है कि अब कोई भी व्यक्ति बिना घर के नहीं रहेगा। घर ही नहीं घर के साथ शौचालय भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि घर के साथ आयुष्मान भारत कार्ड पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की भी सुविधा के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत मुफ्त राशन भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में हर घर हर परिवार को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। अब डबल इंजन की सरकार की हर घर नल से जल पहुंचाने का तेजी से काम हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत और लगन निष्ठा के बल पर हर बूथ पर अधिक से अधिक कमल खिलेगा यह कार्यकर्ताओं के उत्साह से प्रतीत होता है। कार्यकर्ता के बल पर ही सभी चुनाव जीतते हैं और कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं संगठन का कार्यकर्ता सर्वोपरि है।

# रसगुल्लों के पीछे फिंके पत्थर, आधे घंटे तक बाजार में दहशत

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** दिवाली के मौके पर कहीं हर्ष तो कहीं विवाद होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। इस वजह से पुलिस को मुस्तैद रहना पड़ता है। मगर उपद्रवियों को पुलिस का भय नहीं है। यही वजह है कि बीच बाजार में अराजकतत्व बेखौफ मारपीट और दहशतगर्दी को अंजाम देते हैं। आगरा के थाना ट्रांस यमुना कालोनी में दिवाली के दिन जो कुछ ऐसा ही माहौल देखा गया। आरोपियों ने दुकानदार और उसके बेटे को बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। दिवाली के दिन मिठाई की दुकान पर जमकर उत्पात मचा। दुकान में रखी मिठाईयां फेंक दीं। लाठी-डंडे और पत्थरबाजी हुई। पत्थर मारकर दुकानदार का सिर फोड़ दिया। डर के मारे बाजार के दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए। उपद्रवियों ने आधे घंटे तक दहशत फैलाई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं। मामला रसगुल्लों को लेकर हुआ था। रसगुल्ला खाकर उसे कड़वा बता दिया था। थाना ट्रांस यमुना कालोनी के बालाजी नगर में दिनेश कुमार की मिठाई की दुकान है। दिनेश ने बताया कि एक नवंबर दिवाली के दिन उनका बेटो अंकित दुकान पर बैठा था। कुछ लोग रसगुल्ला खरीदने आए थे। रसगुल्ला खाने के बाद उसे कड़वा बताकर चलने लगे। बेटे ने जब पैसे मांगे तो झगड़ा शुरू कर दिया। दुकान पर रखी मिठाईयां फेंकने लगे। जब अंकित ने विरोध किया तो उसे गद्दी से खींच कर पीटने लगे। इसके बाद विवाद भडक गया और लाठी-डंडे और पत्थरबाजी होने लगी।



### रसगुल्लों को बताया कड़वा

दुकानदार ने बताया कि उनके बगल में भी एक मिठाई की दुकान है। पहले आरोपी उसकी दुकान पर गए। इसके बाद करीब 8-10 लोग उसकी दुकान पर आए थे। मिठाई का भाव पूछा इसके बाद रसगुल्ला मांगा। रसगुल्ला खाने के बाद उसे कड़वा बता रहे थे। जब उन्होंने कहा कि किसी और को चखा देते हैं। तब पता चलेगा कि रसगुल्ला कड़वा है कि नहीं। नहीं तो इसके पैसे दो। पैसे मांगने पर आरोपी भडक उठे और मारपीट करने लगे।

### धड़ाधड़ गिरे शटर

घटना शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मिठाई की दुकान पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। दुकानदार और उसके बेटे का सिर फोड़ दिया। पत्थरबाजी करने लगे। करीब आधे घंटे तक दहशत का आलम रहा। घबराए लोगों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना ट्रांस यमुना कालोनी प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह का कहना है कि दुकानदार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भारत स्काउट गाइड के सहायक सचिव बने डॉ पचौरी

पब्लिक एशिया संवाददाता



**आगरा।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था आगरा के मुख्य आयुक्त डॉ अनिल कुमार वशिष्ठ ने वरिष्ठ स्काउट ट्रेनर डॉ दिग्विजय पचौरी को सहायक जिला सचिव नियुक्त किया है। वे हाल में ही पचमढ़ी से प्रशिक्षण देकर लौटे हैं । डॉ दिग्विजय पचौरी को जिला सचिव शरेनू भारद्वाज की संस्तुति के आधार पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ अनिल वशिष्ठ ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। डॉ पचौरी स्काउटिंग में एएलटी योग्यता धारक है। डॉ दिग्विजय पचौरी के सहायक सचिव नियुक्त होने पर प्रादेशिक आयुक्त स्काउट डॉ राजेश मिश्रा, जिला मुख्यायुक्त आगरा डॉ० अनिल कुमार वशिष्ठ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गौड़, जिला गाइड कमिश्नर डॉ ममता शर्मा, जिला सचिव रेनू भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी पिनाहट उमेश कुमार गोतम, ब्लॉक स्काउट मास्टर सैया डॉ० मनोज कुमार पाठक, एएसओसी प्रीति सिंह, जिला संगठन कमिश्नर महेश सैनी एवं कुसुम वर्मा, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर लाखन सिंह एवं भावना सिंह, कार्यालय प्रशासनिक अधिकारी डॉ० शमा गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, नरेश कुमार, वीर बहादुर सिंह, स्काउट ट्रेनर कमल सिंह, चंद्रभान सिंह, शिव कुमार शर्मा, राजकुमार शाक्य, पविता कुशवाहा ,आराधना सिंह एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त रोवर विशाल कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है।

मेट्रो कॉरपोरेशन कराए लोगों के रहने की व्यवस्था

# मेट्रो खुदाई से मकानों में आई दरारें, कैबिनेट मंत्री ने मीटिंग में दिए निर्देश

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेट्रो खुदाई से आई मकानों में दरारों के बाद मेट्रो अधिकारियों के साथ मीटिंग की। नाराजगी जाहिर की कि दरारों की शिकायतें मिलने के बाद भी मेट्रो के अधिकारी लोगों से मिलने नहीं पहुंचे हैं। निर्देश दिए कि ज्यादा क्षतिग्रस्त हुए मकानों में रहने वालों के रहने की व्यवस्था मेट्रो कराए और उनके मकानों को निर्माण भी कराए। इसकी शिकायत मिलने पर कैबिनेट मंत्री ने पहले खुद क्षेत्र का दौरा किया। मकानों में आई दरारों को देखा। लोगों से बातचीत की। उसके बाद शुक्रवार को सर्किट हाउस में मेट्रो के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में कैबिनेट मंत्री ने डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी एवं मेट्रो अधिकारी मौजूद रहे। योगेंद्र उपाध्याय ने डीएम से बात कर पीड़ित परिवारों की हुई क्षति का नुकसान आंकलन की बात कही। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के लिए संकल्पित है लेकिन किसी भी जन सामान्य का नुकसान विकास कार्य की वजह से नहीं होने दिया जाएगा। योगेंद्र उपाध्याय ने मेट्रो अधिकारियों को बताया कि मेट्रो निर्माण की वजह से मोती कटरा क्षेत्र में सीवर समस्या भी उत्पन्न हुई है जिसका नगर निगम से मिलकर समाधान कराया जाए। जिन मकानों में नुकसान हुआ है इसकी क्षतिपूर्ति मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों द्वारा की जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा मेट्रो प्रशासन की लापरवाही की वजह से क्षेत्र के कई मकान गिरने की स्थिति में है जिसकी वजह से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है।



# महिला पर्यटक को परेशान कर रहे थे मनचले, आरोपियों को जेल भेजा



पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** ताजमहल देखने आए युवती और उसके दोस्त को दो मनचले परेशान कर रहे थे। पर्यटक ने 112 पर फोन कर मदद मांगी। पुलिस ने पर्यटकों की शिकायत दर्ज करते हुए दोनों मनचलों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद ने बताया कि कोलकाता की एक महिला पर्यटक अपने साथी के साथ आगरा आई थी। उसने 112 पर फोन कर बताया कि बिजलीघर बस अड्?डे पर स्कूटी सवार दो युवक उसको परेशान कर रहे हैं। महिला पर्यटक की शिकायत पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

महिला पर्यटक को परेशान करने वाले स्कूटी सवार युवकों को तलाश कर उन्हें पकड़ लिया। पकडे. गए युवक चरन सिंह व दीपक अग्रवाल हैं। दोनों के खिलाफ महिला पर्यटक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



# कांग्रेसी नेताओं ने दलित पीड़ित परिवार से मिला

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एसी /एसटी विभाग के निर्देश पर आगरा जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल मलपुरा थाना अंतर्गत दलित परिवारिजन से मिला जिनकी 8 वर्ष की बेटी की निर्मम हत्या की गयी थी. ! कांग्रेस जनों ने दलित बेटी की हत्यारो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी किए जाने एवं हत्यारो को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की ! इस दौरान अमीचंद जाटव . जिलाध्यक्ष (एससी)अश्वनी कुमार बिट्टू.शहर अध्यक्ष (एससी) अजहर वारसी पीसीसी एवं उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी भूरी सिंह शहर कोषाध्यक्ष विवेक सिंह शहर उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह महासचिव शहर कांग्रेस कमेटी धर्मेंद्र सिंह सचिव शहर कांग्रेस कमेटी आगरा आदि थे !

# बेकाबू टैंकर डिवाइडर पर चढ़ा, ड्राइवर और कंडेक्टर ने कूदकर बचाई जान

पब्लिक एशिया संवाददाता



**मथुरा।** तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि चालक और परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। लेकिन इससे यातायात बाधित हो गया और लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा। मथुरा से भरतपुर रोड स्थित जाजम पट्टी के पास एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जब तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया और पलटने से बाल-बाल बचा। चालक और परिचालक ने टैंकर से कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए ।

जानकारी के अनुसार छुट्टा मवेशी को बचाने के दौरान अनियंत्रित टैंकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इससे कुछ देर यातायात बाधित रहा। चालक राहिल सिंह सुबह करीब 5 बजे मथुरा से भरतपुर टैंकर लेकर जा रहे थे। इसी बीच सामने से आ रहे छुट्टा मवेशी को बचाने के दौरान टैंकर अनियंत्रित हो गया और जाजन पट्टी ओवरब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ गया। सूचना पर पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को डिवाइडर से हटवाया। इससे कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर इतनी तेज रफ्तार में था वह करीब 3 फीट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़कर लटक गया, चालक और परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।

# वाल्मीकि समाज के कड़े विरोध के बाद कैबिनेट मंत्री बेबी रानी पहुंची गांव मिजार्पुर

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान के साथ साथ दो कैबिनेट मंत्री एक राज्य मंत्री, एक केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। यही नहीं आगरा की जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर महिला महिला हैं और भाजपा से ही संबंध रखती हैं। बावजूद इसके जिले में महिला अपराध थमते हुए दिखाई नहीं दे रहे। यह हाल तब है जब आगरा सहित पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चल रहा है। इसी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में महिला अपराध का ग्राफ बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। दीपावली के दिन थाना मलपुरा क्षेत्र अंतर्गत गांव मिजार्पुर में हुई 8 वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या के बाद राजनीतिक रंग लेता हुआ दिखाई दे रहा है। अब इस हत्या को जातिगत रूप दिया जा रहा है। मलपुरा के गांव मिजार्पुर में दलित परिवार की बेटी की हत्या के बाद वाल्मीकि समाज विरोध में आ गया है। मासूम की हत्या के बाद स्थानीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य आज पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंची थीं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मीडिया से बात करते हुए पुलिस अधिकारियों से आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए न्याय दिलवाले की बात कही तो वहीं पर उन्होंने प्रशासन से बात कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। बताया जा रहा है कि बेबी रानी मौर्य अकोला के ब्लॉक प्रमुख राजू प्रधान के साथ में पीड़ित परिवार से मिलने के लिए शनिवार को गांव मिजार्पुर पहुंची थीं, जहां पर उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और परिवार के साथ में हर तरीके से सहयोग करने का भरोसा भी दिया। बताते चलें कि शुक्रवार को पोस्टमार्टम पर किसी जनप्रतिनिधि के नहीं पहुंचने के कारण वाल्मीकि समाज के युवाओं में काफी आक्रोश था और वह पोस्टमार्टम हाउस पर ही धरने पर बैठकर जन प्रतिनिधियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सांसद राजकुमार चाहर और विधायक बेबी रानी मौर्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की थी।



फिरोजाबाद में तेल चोर गिरोह का पदार्फाश

# पुलिस मुठभेड़ में 4 बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

पब्लिक एशिया संवाददाता



**फिरोजाबाद।** हाईवे के किनारे खड़े टैंकरों से तेल चुराने वाले एक गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इन बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार, 130 लीटर डीजल और एक कार भी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए सभी बदमाश मेरठ के निवासी हैं और पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं।

**आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन:** अपर पुलिस अधीक्षक रवीशंकर प्रसाद ने बताया कि 17 सितंबर को टूंडला कोतवाली में एक एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बदमाशों ने हाईवे पर टोल प्लाजा के पास एक तेल से भरे टैंकर का ताला तोड़कर 300 लीटर तेल चुरा लिया था। इसके बाद इन बदमाशों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसके बाद, बीती रात उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस को मिली थी सुचना:** शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि गांव नगला महादेव के पास कुछ संदिग्ध लोग कार में सवार होकर किसी चोरी या लूट की योजना बना रहे हैं।

# चार दिवसीय छठ पर्व का अगाज कल से

पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** आस्था का महापर्व छठ पूजा हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है. छठ पूजा की विशेष धार्मिक मान्यता होती है. इस कठिन व्रत को महिलाएं और पुरुष घर में खुशहाली और संतान की सलामती के लिए रखते हैं. इसे सूर्य षष्ठी, छठी और डाला छठ के नामों से भी जाना जाता है. छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की जाती है.

संस्कृत शिक्षक बी एन मिश्रा के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि, गुरुवार, 7 नवंबर 2024 की रात 12:41 बजे शुरू होगी और इसका समापन शुक्रवार, 8 नवंबर 2024 की रात 12:34 बजे होगा. ऐसे में 7 नवंबर के दिन ही संध्याकाल का अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि सुबह का अर्घ्य अगले दिन 8 नवंबर को दिया जाएगा।




छठ पर्व नहाय खाय से 5 नवंबर से शुरू होगा। पंचांग के अनुसार, नहाय खाय कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थि तिथि को किया जाता है. इस दिन व्रत रखने वाली महिलाएं गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान-ध्यान करती है और फिर नहाय-खाय करती है. नहाय खाय के दिन कद्दू (लौकी) और भात का प्रसाद बनाने की परंपरा है।

### दूसरे दिन होता है खरना

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठ महापर्व का खरना किया जाता है. यह छठ पूजा का दूसरा दिन होता है. खरना के दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और छठी मैया की पूजा में लीन रहती हैं. इसके बाद शाम को प्रसाद बनाने और ग्रहण की परंपरा है।

### 7 को डुबते और 8 को उगते सूर्य को वर्ती देगे अर्घ्य

7 नवंबर को छठ पूजा का तीसरा दिन है. इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की विधान है. वहीं अगली सुबह शुक्रवार, 8 नवंबर 2024 को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. इसके साथ ही छठ पूजा की समाप्ति हो जाएगी।

### घाटों की सफाई की मांग

पूर्वांचल सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष शंभु नाथ चौबे कैलाश घाट छठ पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा ने आगर आ के मुख्य घाटो की सफाई कराए जाने की मांग की है ! इसे सूर्य षष्ठी, छठी और डाला छठ के नामों से भी जाना जाता है. छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की जाती है।

# प्लाटून पुल निर्माण कार्य शुरू जल्द होगा आवागमन चालू

पब्लिक एशिया संवाददाता

**पिनाहट।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा के बीच चंबल नदी पर हर वर्ष की भांति प्लाटून पुल का निर्माण कार्य ,लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाता है। जिससे लगभग आसपास के 200 गांवों का आवागमन राहत है। जिसकी समय सीमा 15 अक्टूबर से 15 जून तक रहती है चंबल नदी में पानी बाढ़ जाने के कारण प्लाटून पुल को हटा दिया जाता है।

चंबल नदी किनारे बसे कस्बा पिनाहट के व्यापारियों की मांग पर ,लोक निर्माण विभाग द्वारा ,प्लाटून पुल पर रिपेयरिंग निर्माण कार्य कराया जा रहा है।जल्द ही पुल चालू होने की ,सूचना पर व्यापारियों एवं आसपास ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ रही है।आपको बता दें प्लाटून पुल ना होने के कारण ग्रामीणों को लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर घूम कर मध्य प्रदेश के पोरसा अम्बाह क्षेत्र में जाना पड़ता है।पिनाहट कस्बा के व्यापारी एवं आसपास के ग्रामीण पिछले 15 दिन से पुल निर्माण की मांग कर रहे थे।ग्रामीण एवं व्यापारियों की मांग पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जल्द ही पुल निर्माण कर ,संचालित करने का आदेश दिया है ।

भाई को अकाल मृत्यु से बचाने के लिए यमुना स्नान

# यमराज की पूजा की, भाई की लंबी आयु की प्रार्थना



पब्लिक एशिया संवाददाता

**मथुरा।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया यानी रविवार 3 नवंबर को भाई दूज थी। मथुरा में यमुना स्नान के लिए बड़ी संख्या में भाई बहन पहुंचे हैं। विश्राम घाट पर यमराज का मंदिर है। यहीं मुख्य स्नान चल रहा है। भाई बहन यहां यम फांस (अकाल मृत्यु) से मुक्ति के लिए स्नान करते हैं। पहले बहनों ने अपने भाई के साथ यमुना में स्नान किया। फिर आसन पर बिठाकर भाई का तिलक कर आशीर्वाद दिया। इसके बाद विश्राम घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बने यमराज-यमुना मंदिर में जाकर वैदिक विधि-विधान से दीप जलाकर पूजा की। बहनों ने यमराज-यमुना से अपने भाई की लंबी और स्वस्थ आयु की कामना करते हुए मनौती मांगी। विश्राम घाट पर स्थानीय पंडों ने भाई-बहनों को पूजा कराई।

## मुख्य समाचार

## राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम हुई तेज



एजेंसी

**जयपुर »** राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम तेज हो गई है और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए राजस्थान के 25 जैविक खेती करने वाले किसानों को सिक्किम में जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया हैं तथा उन्होंने रविवार को इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया।अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि परिषद और भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ ने श्री माथुर से सिक्किम में जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था। डा गुप्ता ने बताया कि इसके लिए देश के प्रथम जैविक राज्य सिक्किम के राज्यपाल श्री माथुर से शिष्टाचार भेंट कर सिक्किम में राजस्थान के किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया जिस पर राज्यपाल ने इस सुझाव की सराहना की और राजस्थान के किसानों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्री माथुर ने कहा कि सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य सभी जैविक कृषि विशेषज्ञों का पैनल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहेगा। उन्होंने जैविक किसानों के उत्पादन के विक्रय में आने वाली मूल समस्याओं के निष्पादन के लिए एक केन्द्रीय बाजार स्थल बनाने पर बल दिया, जिससे किसान वर्ग जैविक कृषि की ओर अपना रुझान बढ़ा सकें। उन्होंने डॉ. गुप्ता के जैविक राष्ट्र के प्रयासों के लिए किये जा रहे सुझावों पर ध्यान दिया और इनकी सराहना भी की। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डा गुप्ता के साथ अरुण खटोड़ और त्रिलोक खंडेलवाल भी मौजूद थे। डा गुप्ता ने कहा कि राजस्थान ऑर्गेनिक राज्य बनने की राह पर है और वह सिक्किम के बाद दूसरा ऑर्गेनिक राज्य बन सकता है।

## कपास के आयात पर तुरंत रोक लगाएं : पटोले

एजेंसी

**मुंबई »** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कपास के आयात पर



तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि किसानों से गारंटी मूल्य के साथ कपास खरीदी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को लिखे अपने पत्र में श्री पटोले ने बताया कि कपास उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जहां 40 लाख से अधिक किसान कपास का उत्पादन करते हैं, जबकि राज्य में कपास का भारी उत्पादन हो रहा है और 22 लाख गांठ कपास आयात होने की खबर से देश में कपास की कीमत में बड़ी गिरावट की आशंका पैदा हो गई है।उन्होंने कहा कि कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास भी बिना बिकी कपास की 11 लाख गांठें पड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को गारंटी मूल्य पर कपास खरीदने का निर्देश देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में कपास की कीमत 6500 से 6600 रुपये प्रति क्विंटल है, जो कि गारंटी मूल्य 7122 रुपये से कम है। किसानों ने कपास नहीं बेचा है क्योंकि बाजार में कपास की कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास कपास है, और सीसीआई के पास भी कपास की गांठें हैं। देश में इतनी बड़ी मात्रा में कपास होने पर कपास का आयात करने से कपास का बाजार चरमरा जाएगा और किसानों को भारी नुकसान होगा, और इस फैसले से केवल व्यापारियों को फायदा होगा। श्री पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में कपास किसान पहले से ही संकट में हैं। कम कीमतें, कृषि उपकरणों पर 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी और बेमौसम बारिश ने कपास किसानों को एक दुष्चक्र में डाल दिया है। यहां तक कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित मुआवजा भी अभी तक कागजों पर ही है। प्रधानमंत्री पीक बीमा योजना केवल बीमा कंपनियों के लाभ के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## तेलंगाना भाजपा नेता लक्ष्मण ने रेवंत रेड्डी सरकार की आलोचना की

एजेंसी

**हैदराबाद »** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण ने रविवार को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की और उस पर किसानों, छात्रों और बेरोजगारों से किये गये वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। श्री लक्ष्मण ने आज यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने ऋण माफी, किसानों का समर्थन बढ़ाने और रोजगार सृजन का वादा किया था, लेकिन यह सभी मोर्चों पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि वादों के बावजूद, कई किसानों को अभी भी रायथु बंधु लाभ नहीं मिल पाया है, और ऋण माफी कार्यक्रम अधूरा है।श्री लक्ष्मण कहा, 'किसानों को उचित समर्थन मूल्य नहीं मिलता है, खासकर कपास जैसी फसलों के लिए, और बोनस खोखले आश्वासन साबित हुए हैं।' उन्होंने कृषि ऋणों के प्रति कांग्रेस प्रशासन के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उन्हें राशन कार्ड के आधार पर दिया गया था और ऐसी परिस्थितियों में ऋण माफी कैसे लागू होगी। रेवंत रेड्डी सरकार के 50,000 नौकरियों का सृजन करने के दावे का जिक्र करते हुए, श्री लक्ष्मण ने सबूत की मांग की कि इन पदों के लिए अधिसूचनाएं और परीक्षाएं लगातार आयोजित की गईं। उन्होंने पिछले साल अशोक नगर में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और श्री रेड्डी द्वारा दो लाख नौकरियां सृजित करने के वादे को भी याद किया और इस बात पर जोर दिया कि 'लगभग एक साल बीत गया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कांग्रेस नेताओं की विदेश यात्राओं पर प्रकाश डालते हुए, श्री लक्ष्मण ने सवाल किया कि ऐसी यात्रा के लिए धन कैसे उपलब्ध था जब रायथु बंधु और ऋण माफी जैसे कार्यक्रम कम थे, विदेश यात्राओं के लिए पैसा कहां से आ रहा है जबकि किसान और जरूरतमंद वादा की गई योजनाओं के लिए लंबी लाइनों में इंतजार कर रहे हैं?' श्री लक्ष्मण ने कांग्रेस पर अभयस्तम योजना को गलत तरीके से चलाने का भी आरोप लगाया, जिससे देरी के कारण एक करोड़ से अधिक आवेदकों को परेशानी हुई।उन्होंने कहा, 'दस महीने बीत चुके हैं, फिर भी आवेदनों पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है, न ही प्रस्तुत जमानत आवेदनों की स्थिति पर स्पष्टता है।' इसके अलावा, उन्होंने कथित तौर पर फसल खरीद का समर्थन करने में विफल रहने और कपास की बिक्री

महाकुंभ-2025 : सनातन की अलख जगाने श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े का कुंभ नगरी में हुआ प्रवेश

# श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के नगर प्रवेश में दिखी दिव्य भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन की झलक







» महाकुंभ में श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण के केंद्र अखाड़ों की नगर प्रवेश यात्रा का सिलसिला हुआ शुरू

» विदेशों से आए साधु संतो ने महाकुंभ के भव्य आयोजन की व्यवस्था को सराहा

» नगर प्रवेश यात्रा मार्ग में कुंभ मेला प्रशासन की तरफ से अखाड़े के साधु संतो का जगह जगह किया गया पुष्प अभिनंदन









पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज »** प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का कुंभ नगरी में प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों के लिए श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े का नगर प्रवेश पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। योगी सरकार के दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के संकल्प की झलक भी नगर प्रवेश यात्रा में स्पष्ट दिखी।

**सनातन की अलख जगाने जूना अखाड़े का कुंभ नगरी में भव्य प्रवेश :** त्रिवेणी के तट पर लगने जा रहे आस्था के महा समागम प्रयागराज महाकुम्भ में शामिल होने के लिए अखाड़ों का कुंभ नगरी में जमघट होना शुरू हो गया है। संन्यासियों के श्री पंचदशनाम अखाड़े ने कुम्भ नगरी में पूरे राजसी वैभव के साथ प्रवेश किया। शहर के बाहर रामापुर गांव के हनुमान मंदिर से अपने रमता पंच के साथ अखाड़े के संन्यासियों और महात्माओं की भव्य नगर प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसका समापन शहर में जूना अखाड़े के मौज गिरी आश्रम में हुआ। नगर प्रवेश यात्रा के मार्ग में अखाड़े के महात्माओं का जगह जगह कुंभ मेला प्रशासन की तरफ से फूलों से स्वागत किया गया। चांदी के सिंहासन में सवार अखाड़ों के महामण्डलेश्वरों पर मार्ग में स्थानीय जनता ने पुष्प वर्षा की। अखाड़े के साधु संत अब यहीं प्रवास करेंगे। 14 दिसंबर को जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अगुवाई में अखाड़े का कुंभ क्षेत्र में प्रवेश होगा।

### नगर प्रवेश के मार्गों में मुस्तैद दिखा प्रशासन

नगर प्रवेश यात्रा के सकुशल समापन के लिए महाकुंभ प्रशासन की तरफ से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी की अगुवाई में प्र-स्थान स्थल रामापुर से प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें अखाड़े के साधु संतो के साथ साथ चलती रहीं। मार्ग में सुचारू रूप से यातायात संचालन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए चार सर्किल ऑफिसर, 6 इंस्पेक्टर, 9 सब इंस्पेक्टर और 40 पुलिस के जवानों की तैनाती की गई। जिला पुलिस के जवान अलग से विभिन्न मार्गों में यातायात व्यवस्था के लिए मुस्तैद दिखे। नगर प्रवेश यात्रा के दौरान कहीं सड़कों में जाम न लगने पाए इसकी व्यवस्था की गई।

**विदेशों से आए संतों ने महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों को सराहा :** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के नगर प्रवेश यात्रा में अखाड़े के एक हजार से अधिक साधु संतों ने हिस्सा लिया ।नगर प्रवेश यात्रा में मातृ शक्ति की मौजूदगी भी देखने को मिली। देश विदेश से बड़ी संख्या में महिला महा मंडलेश्वर भी नगर प्रवेश यात्रा का हिस्सा बनी। नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महा मंडलेश्वर हेमा नन्द गिरी का कहना है कि संतो का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगी जी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुंभ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

## झारखंड में कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी सहित तीन गिरफ्तार

एजेंसी

**रांची »** झारखंड के रांची जिले के बेड़ो थाना पुलिस ने कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी सहित तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने आज बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में बेड़ो थाना निवासी मंसूर अंसारी, लकी उरांव और शाहबान अंसारी शामिल है। इनके पास से एक राइफल, एक देसी अवैध कार्बाइन, एक मिसफायर गोली और एक खोखा बरामद किया गया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि

आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर वारंटी और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे छापामारी अभियान के क्रम में गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी , लकी उरांव किसी बडी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

सूचना के बाद बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चनगनी गांव के स्कूल मैदान स्थित कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी अपने गिरोह के सदस्यों के साथ बैठकर शराब पीते हुये अपराध की योजना बना रहे थे।

टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी को देखकर अपराधी भागने लगे, जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकडा गया। तीनों के पास से हथियार बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि पूर्व से मंसूर अंसारी के खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं जबकि लकी उरांव के विरुद्ध पूर्व से एक मामला दर्ज है।

## झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलेगी भाजपा : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**रांची »** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को झारखंड की तोरपा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कोचे मुंडा और खूंटी विधानसभा से प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया।



इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि, मैं मध्यप्रदेश का मामा हूं तो झारखंड वासियों का भी मामा ही हूं, मैं नेता, मंत्री नहीं बल्कि भैया और मामा हूं। उन्होंने कहा कि, दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि, मंदिर में पूजा-अर्चना करने से भगवान खुश होंगे या नहीं ये मैं नहीं जानता लेकिन दीन-दुखियों, गरीबों और दूसरों की सेवा कर ली तो उनकी आंखों में तुम्हें साक्षात भगवान दर्शन देंगे। जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है और इसलिए झारखंड की जनता का विकास और जनता का कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है और इस लहर में जेएमएम-कांग्रेस सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएंगे।केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, भारत देश की सबसे भ्रष्ट सरकार अगर कोई है तो वो जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ही है। इन्होंने पूरे प्रदेश को लूटकर तबाह और बर्बाद कर दिया है।

जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार का जनता के सुख-दुख से कोई वास्ता नहीं है। इसलिए जेएमएम सरकार में झारखंड की जनता सुखी नहीं है। इनके नेता, मंत्रियों के यहां से छापे में साढ़े तीन सौ करोड़ रूपए बरामद किए जा रहे हैं। ये हेमंत सोरेन का पैसा नहीं है, ये जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी का भी पैसा नहीं है बल्कि ये झारखंड वासियों के खून-पसीने की कमाई का पैसा है। झारखंड के सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, जिन्हें अपनी उम्र तक याद ना हो वो प्रदेश की जनता का भला कैसे कर सकते हैं। हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले अपनी उम्र 42 साल बताई थी, और पांच साल बाद उम्र 49 साल बता रहे हैं। ये कमाल के जादूगर हैं, गजब की गति है कि, 5 साल में सोरेन की उम्र 7 साल बढ़ गई और उनकी सम्पत्ति हजार गुना बढ़ गई। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी भी युवा को नौकरी नहीं मिली। 4 साल 10 महीने कुछ नहीं दिया, और चुनाव आते ही सिपाही भर्ती के लिए पूरे प्रदेश से बच्चों को बुला लिया।

## झारखंड में ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी,यहां सीएनटी और एसपीटी रहेगा : हेमन्त सोरेन

एजेंसी

**रांची »** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां ना यूसीसी लागू होगा ना एनआरसी होगा और यहां सिर्फ सीएनटी एसपीटी होगा। श्री सोरेन ने आज गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। 5 वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया या आप सभी ने देखा है।

उन्होंने गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी- मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का 1 लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।श्री सोरेन ने बताया यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में ₹1000 जा रहा है। वह 2500 रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और



इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे।

श्री सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे।उन्होंने कहा इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक अगर माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद्द पीट जाएगी।श्री सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या?

श्री सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री जब वे शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान किताब पर माता में ठोक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर समाज को हक अधिकार मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा का सुरक्षा किसके जो जिम्मे हैं भारत सरकार के जिम्मे में है। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आता है। वहां क्यों नहीं रोकते हैं घुसपैठ। श्री सोरेन ने कहा मैया सम्मान योजना क्या मुसलमान के लिए है, हिंदुओं के लिए है, सिखों के लिए, ईसाइयों के लिए है नहीं यह योजना सभी के लिए है। यह देश का पहला राज्य है जो देश जो कर्मचारी को बुढ़ापे की लाठी पेंशन देने का काम कर रही है। ये लोग सबके बुढ़ापे लाठी छीन लेता है। ये लोग कहते हैं कि झारखंड सरकार पेंशन नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा तुम लोगों ने रोक रखा है। झारखंड के हिस्से का पैसा राज्य सरकार ने ना रोका है न कभी रोकेगी।

# भारतीय युवा खुद विकसित करें उच्च स्तरीय स्वदेशी तकनीक: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कानपुर में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के 65 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से उच्च स्तर की स्वदेशी तकनीक को विकसित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि वर्ष 2029-30 तक रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। आधुनिक समय के युद्ध में उन्नत तकनीक की मदद से बढ़त ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक का फिलहाल हम आयात कर रहे हैं। लेकिन देश में तकनीक विकसित करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन की पूर्ति होती है। हर क्षेत्र में आ रहे बड़े बदलावों के पीछे तकनीक एक बहुत बड़े कारक के रूप में मौजूद है। जो देश उच्च स्तरीय तकनीक के मामले में निपुण हैं। मिसाल के तौर पर कृत्रिम मेधा, उन्हें वर्तमान में बने हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य में बढ़त हासिल है। राजनाथ ने कहा कि तकनीकी विकास के चलते देशों के तीन समूह हैं। एक वो जो उन्नत तकनीक के शिखर पर हैं, दूसरे वो जो सुस्त अवस्था में है और तीसरे वो देश हैं जो कि तकनीकी टेकऑफ की स्टेज पर हैं। भारत तीसरे स्टेज पर है। रक्षा मंत्री ने कानपुर स्थित फील्ड गन फैक्ट्री का भी दौरा किया और वहां जटिल स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का जायजा लिया। कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य भागीदारों के बीच समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

### आईआईटी कानपुर के योगदान को सराहा

रक्षा मंत्री ने कहा कि आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान अकादमिक और इंजीनियरिंग के मामले में प्रतियोगी माहौल में भारत को वह गतिशीलता प्रदान करते हैं। जिससे वह तकनीकी विकास के मामले में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है। हमें उच्च स्तरीय तकनीक की आवश्यकता है। इसे देखते हुए युवा देश के विकास में योगदान देने के मामले में अपनी भूमिका को समझें। उन्होंने विश्व में वर्तमान में जारी संघर्षों के बीच रक्षा इकोसिस्टम में बढ़ती तकनीक की भूमिका के संदर्भ में कहा कि ड्रोन, लेजर, साइबर वारफेयर, सटीक लक्ष्य केंद्रित गाइडेड मिसाइल और हाइपरसोनिक मिसाइलों ने युद्धक्षेत्र को तकनीक आधारित बना दिया है।

### आत्मनिर्भरता में आयात बाधक

राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सबसे बड़ा बाधक हमारे द्वारा उच्च स्तरीय तकनीक से जुड़ी चीजों को लेकर आयात पर निर्भर होना है। बदलती हुई युद्ध की प्रकृति को देखते हुए उक्त तकनीक से जुड़े रक्षा एप्लीकेशन की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय के विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष डॉ.समीर वी.कामत और आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिंदर अग्रवाल मौजूद थे।

## अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन में ब्लास्ट, चार यात्री घायल

### –जान बचाने के लिए यात्रियों ने इमरजेंसी खिड़की तोड़कर लगाई छलांग

अमृतसर ।पंजाब में अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन में धमाका हो गया। जिसमें चार यात्री घायल हो गए। धमाका गाड़ी के पिछे की तरफ जनरल बोगी में हुआ। बोगी में धुआं ही धुआं भर गया था। यह धमाका फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हुआ। धमाके की आवाज से यात्रियों के बीच दहशत फैल गई। गनीमत थी कि जिस वक्त धमाका हुआ ट्रेन की चाल धीमी थी, जिससे यात्री यात्री जान बचाने के लिए बाहर दौड़े। किसी ने छलांग लगाई तो कोई इमरजेंसी खिड़की तोड़कर बाहर निकला। घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेन (13006 गाडी संख्या) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। रेलवे पुलिस और विभागीय अधिकारी भी आधी रात मौके पर पहुंचे। घटना के दौरान करीब आधा घंटा गाड़ी को सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी डीएसपी जगमोहन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बोगी का निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि एक यात्री अपने सामान के साथ पटाखे लेकर गांव जा रहा था। पटाखे बाल्टी में रखे थे। बोगी में बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण पटाखों में आग लग गई और धमाका हो गया। घटना में दंपती समेत चार यात्री घायल हो गए। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

## 5 नवंबर को जाति आधारित सर्वेक्षण बैठक में शामिल होंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू किए जाति आधारित सर्वेक्षण पर 5 नवंबर को पार्टी की राज्य इकाई की बैठक में शामिल होने आएंगे। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ ने बताया कि राज्य इकाई जाति आधारित सर्वेक्षण पर हितधारकों से सुझाव लेने के लिए बैठक करेगी। उन्होंने बताया कि टीपीसीसी ने बैठक के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी आमंत्रित किया है। तेलंगाना सरकार ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी द्वारा किए वादे के मुताबिक एक व्यापक सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण कराने की तैयारी कर रही है। सर्वेक्षण 6 नवंबर से शुरू किया जाएगा।

## कच्छ में लगे 3.4 तीव्रता वाले भूकंप झटके, जान–माल का नुकसान नहीं

कच्छ। गुजरात के कच्छ जिले में रविवार तड़के 3.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूत किए गए। इस भूकंप से जिले में जान–माल के किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके तड़के तीन बजकर 58 मिनट पर महसूस किए गए और इसका केंद्र लखपत से 53 किलोमीटर उत्तर–उत्तर पूर्व में स्थित था। आईएसआर के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले 27 अक्टूबर को राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली जिले में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। गुजरात में भूकंप का खतरा बहुत ज्यादा रहता है। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) के मुताबिक पिछले 200 सालों में राज्य में नौ बार भीषण भूकंप आए हैं। जीएसडीएमए के मुताबिक 2001 में कच्छ में आया भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत में आया तीसरा सबसे बड़ा और दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था। गुजरात में 26 जनवरी 2001 को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था जिसका केंद्र कच्छ के भचाउ के पास था और इससे पूरा राज्य प्रभावित हुआ था। आंकड़ों के मुताबिक इस भूकंप में करीब 13,800 लोगों की मौत हुई थी और 1.67 लाख लोग घायल हुए थे।

## यूपी में स्कूलों को लेकर योगी के निर्णय पर नाराज हुई मायावती... ये फैसला सरासर गलत

लखनऊ ।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने यूपी में 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के दूसरे स्कूवलों में विलय की तैयारियों पर सवाल उठा दिया है। मायावती ने एक के बाद एक तीन ट्वीट के द्वारा इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मायावती ने लिखा कि यूपी सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जरूरी सुधार करके उन्हें बेहतर बनाने के उपाय करने के बजाय उन्हें बंद करके उनका दूसरे स्कूलों में विलय करने का फैसला उचित नहीं। इसके बाद गरीब बच्चे आखिर कहाँ और कैसे पढ़ेंगे?

उन्होंने लिखा, यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकण्डरी शिक्षा का बहुत ही बुरा हाल है जिस कारण गरीब परिवार के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा दूर सही शिक्षा से भी लगातार वंचित हैं। ओडिसा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का भी फैसला अनुचित। अपने तीसरे ट्वीट में मायावती ने लिखा कि सरकारों की इसी प्रकार की गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं, जैसाकि सर्वे से स्पष्ट है, किन्तु सरकार द्वारा शिक्षा पर समुचित धन व ध्यान देकर इनमें जरूरी सुधार करने के बजाय इनको बंद करना ठीक नहीं।

## छठ में चांदी कद्यट रही विमानन कंपनियां, किराए में 25 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी

पटना ।छठ पूजा को लेकर दूसरे राज्यों से बिहार आने वाली सभी ट्रेन फुल है। वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रही। इसके बाद लोग फ्लाइट्स से आने मजबूर हैं, लेकिन पटना आने वाली फ्लाइट का टिकट भी महंगा हो गया है। दूसरे राज्यों से पटना आने वाली फ्लाइट का किराया 25 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ गया है। दिल्ली से पटना तक का किराया 23 हजार और लखनऊ से पटना का किराया 25 हजार के करीब पहुंच गया है। दूसरी ओर छठ पर बिहार आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखकर रेलवे स्पेशल ट्रेन चला रही है।

## केदारनाथ–यमुनोत्री के कपाट बंद, चारों धामों में अब तक 44 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

चमोली। उत्तराखंड में चारों धामों के कपाट बंद होने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया है। चारों धामों में अब तक 44 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर से बंद हो गए। रविवार सुबह 8:30 बजे सेना के बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन के साथ केदारनाथ के कपाट बंद किए गए। वहीं, यमुनोत्री धाम के गेट भी रविवार दोपहर 12:04 बजे बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ में 17 नवंबर तक दर्शन किए जा सकेंगे। केदारनाथ के कपाट 10 मई को खोले गए थे। एक नवंबर तक यहां 16 लाख 15 हजार 642 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वहीं बद्रीनाथ में अब तक 13 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। यमुनोत्री में 7.10 लाख और गंगोत्री में 8.11 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारों धाम में अब तक 44 लाख दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को बाबा केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति को भंडार से बाहर लाया गया जिसके बाद धर्माधिकारी औंकार शुक्ला वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल ने पूजा–अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पंचमुखी उत्सव मूर्ति के दर्शन किए। मंदिर की परिक्रमा के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति डोली को मंदिर परिसर में विराजमान कर दिया गया। सेना के बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन के साथ मां गंगा की डोली यात्रा के साथ अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा (मुखीमठ) के लिए रवाना हुईं। अब 6 महीने के लिए मां गंगा के दर्शन शीतकालीन प्रवास मुखवा में होंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली रात्री विश्राम के लिए मार्कंडेयपुरी देवी मंदिर में रुकी। भजन कीर्तन हुए। चारों धाम में ब्रदीनाथ धाम ही है जो इस बार सबसे लेट बंद होंगे। इस धाम के गेट 17 नवंबर को बंद किए जाएंगे। 4 नवंबर को तृतीय केदार, तुंगनाथ के कपाट भी बंद होंगे। जबकि द्वितीय केदार, मद्महेश्वर के कपाट 20 नवंबर को बंद होंगे।

## सुरक्षा तंत्र को आतंकी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए: उमर अब्दुल्ला



**हैदराबाद (एजेंसी )।** श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यहां एक रविवार बाजार में हुए ग्रेनेड हमले की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा तंत्र को आतंकवादी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। शहर के मध्य में स्थित भीड़-भाड़ वाले बाजार के पास सीआरपीएफ के एक बंकर की ओर आतंकवादियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने से 11 लोग घायल हो गए। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें चर्चा में रही हैं। श्रीनगर के रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।''

उन्होंने कहा, ''सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बेखौफ होकर अपना जीवन जी सकें।'' कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने भी ग्रेनेड हमले की निंदा की। कर्रा ने कहा, ''दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की दुर्भाग्यपूर्ण और भयावह घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ...।'' उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर पुलिस को ऐसे क्रूर और अमानवीय हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि लोग निर्भीक होकर कहीं भी आ-जा सकें।'' उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की।

## शरद पवार-उद्धव के खिलाफ थोक में उतरे निर्दलीय उम्मीदवार बिगाड़ रहे सियासी समीकरण

**मुंबई (एजेंसी )।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के भीतर टिकट बंटवारे को लेकर बढ़ते विवाद के बीच, बागी उम्मीदवारों ने चुनावी गणित को चुनौती देने का फैसला किया है। विदर्भ क्षेत्र, जिसे राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जाता है, में एमवीए के घटक दलों के बीच टिकट बंटवारे पर भारी घमासान मचा हुआ था। इस विवाद से आहत कांग्रेस नेता सुनील केदार के समर्थकों ने उमरेड, हिंगणा, और रामटेक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया है, जिससे एमवीए में तनाव और बढ़ गया है। हिंगणा सीट को लेकर शरद पवार गुट ने तीन बार विधायक रहे रमेश बंग को टिकट दिया, जबकि केदार ने इस सीट से अपने उम्मीदवार खड़े करने का निर्णय लिया। उमरेड सीट पर भी केदार ने दर्शनी धवड़ या मिलिंद सुते को उम्मीदवार बनाने की मांग की थी, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने फिर से संजय मेश्राम को प्राथमिकता दी।



रामटेक में भी केदार ने कांग्रेस के राजेंद्र मुलक को समर्थन दिया, जबकि ठाकरे गुट से विशाल बारबेटे को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इस निर्णय के बाद केदार ने मुंबई जाकर उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, केदार ने अपने समर्थकों को निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में चुनाव में उतरने का फैसला किया। सुनील केदार के करीबी सहयोगी मिलिंद सुट्टे ने उमरेड से अपना नामांकन दाखिल किया है, वहीं हिंगणा में उज्ज्वला बोधारे और वृंदा नागपुरे ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। रामटेक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र मुलक को केदार का समर्थन प्राप्त है। इस घटनाक्रम से केदार और एमवीए के नेतृत्व के बीच मतभेद सामने आ गए हैं। केदार ने हिंगणा सीट को कांग्रेस के लिए सुरक्षित रखने की कोशिश की थी, लेकिन यह सीट शरद पवार गुट के हिस्से में चली गई, जिससे उनके समर्थक असंतुष्ट हो गए। बगावत के इस माहौल में एमवीए कार्यकर्ताओं के बीच सवाल उठ रहे हैं कि केदार ने उमरेड, हिंगणा और रामटेक में निर्दलीय उम्मीदवार खड़े किए हैं, लेकिन सावनेर में ऐसा क्यों नहीं किया, जहां उनकी पत्नी अनुत्ता केदार को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। सावनेर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले का क्षेत्र है, जहां पटोले की बगावत से निपटने की रणनीति पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## आम जनता के लिए 6 से खुल जाएगा चौथा टाइगर रिजर्व, बाघ के अलावा तेंदुआ–भालू भी दिखेंगे

बांदा । धार्मिक नगरी चित्रकूट में प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व, रानीपुर टाइगर रिजर्व, अब बनकर तैयार है। यह टाइगर रिजर्व नवंबर के पहले सप्ताह में उद्घाटित किया जाएगा, जिसके बाद यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा। इस रिजर्व में बाघ, तेंदुए सहित कई अन्य वन्यजीव लाए गए हैं जिन्हें देखने और कैमरे में कैद करने का पर्यटकों को अवसर मिलेगा। चित्रकूट का रानीपुर टाइगर रिजर्व करीब 53,000 हेक्टेयर में फैला है। यह उत्तर प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व है और 6 नवंबर से आम जनता के लिए खुल जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व की स्थापना अक्टूबर 2022 में हुई थी, और अब इसे पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। 6 नवंबर के उद्घाटन के बाद पर्यटक यहां सफारी बुक कर जंगल की सैर कर सकेंगे। इसके अलावा, पर्यटकों के ठहरने के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है, जिसके लिए शुल्क जमा करना होगा। यह टाइगर रिजर्व क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी बल देगा, क्योंकि इसे स्थानीय रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व में स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षित गाइडों को नियुक्त किया गया है जो पर्यटकों को जंगल की सैर करवाएंगे। एक सफारी वाहन में एक बार में 8 से 10 पर्यटक बैठ सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर मिलेंगे।

## आतंकवाद पर लिखी किताब के लिए प्रकाशक नहीं मिला, फिर विमानों को देने लगा धमकियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकवाद पर किताब लिखने वाले एक शख्स ने कभी पीएमओ तो कभी हवाई उड़ानों को धमकियां दीं। इससे परेशान एजेंसियों को जब इस शख्स के बारे में पता चला तो पहले पूछताछ की फिर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नागपुर के डीसीपी साबरक्राइम लोहित मातानी ने हैरान करने वाली बात बताई है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने आतंकवाद को लेकर एक किताब लिखी है जिसका शीर्षक आतंकवाद- एक तूफानी राक्षस है। वह इस किताब को पब्लिश करवाना चाहता है। पहले वह किताब पब्लिश करवाने के लिए अलग-अलग जगहों पर ईमेल करता था। इसके बाद उसने धमकी देना शुरू कर दिया।

पुलिस ने कहा कि उइके की डिजिटल एक्टिविटी और कम्युनिकेशन पैटर्न की भी जांच की जा रही है। कहीं इसका संबंध विदेश के किसी संगठन से तो नहीं है। पुलिस ने कहा कि उसकी डिवाइसेज, लैपटॉप, फोन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। बताया गया कि उसके जीमेल अकाउंट के सेंट फोल्डर में 354 मेल मिले। हाल ही में उसने देवेंद्र फडणवीस को ईमेल किया था और दावा किया था कि उसे एक सीक्रेट टेरर कोड के बारे में पता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल भी इस जांच में शामिल हो गई है। बीते कुछ दिनों से एयरलाइन, होटलों और सरकारी संस्थानों को बम से उड़ाने के कई मामले सामने आए हैं। इस मामले में नागपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। यहां 35 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है जिस पर 354 से ज्यादा धमकी वाले ईमेल करने का आरोप है। आरोपी का नाम जगदीश उइके बताया गया है। जानकारी के मुताबिक उसने प्रधानमंत्री कार्यालय, शीर्ष सरकारी अधिकारियों, फ्लाइट और ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी थी। जनवरी से वह पीएमओ और अन्य अधिकारियों को 100 से ज्यादा ईमेल करके धमकी दे चुका है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक उइके कि किताब आतंकवाद की थ्योरी का एक कंपाइलेशन है। पुलिस ने बताया कि उससे पहले भी एक बार पूछताछ की जा चुकी है। वह पीएमओ को पहले भी आपत्तिजनक ईमेल भेज चुका था। हालांकि उसके खिलाफ कोई मामला नहीं दर्ज किया गया था। हाल ही में उइके ने भारत में स्लीपर सेल ऐक्टिव होने की चेतावनी वाला ईमेल किया था।

## सनातन धर्म का अपमान करने वालों को भुगतना होगा परिणाम: पवन कल्याण



**हैदराबाद (एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने अब नरसिंह वरही ब्रिगेड नामक पार्टी की नई शाखा के गठन की घोषणा की है। उन्होंने कहा, मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपनी आस्था पर अडिग हूं। जो लोग सोशल मीडिया पर सनातन धर्म की आलोचना करते हैं या इसके बारे में अपमानजनक बातें करते हैं उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए मैं सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी पार्टी के भीतर नरसिंह वरही ब्रिगेड नामक एक समर्पित शाखा की स्थापना कर रहा हूं।

उनकी यह घोषणा तिरुमाला के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद में मिलावटी घी के इस्तेमाल के संबंध में हाल ही में लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। पिछले महीने पवन कल्याण ने सनातन धर्म की रक्षा करने और उसकी मान्यताओं का अनादर करने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय कानून की वकालत की थी। तिरुपति में वरही घोषणा समारोह में उन्होंने कहा, सनातन धर्म की रक्षा करने और उसकी मान्यताओं को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता है। इस कानून को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और पूरे भारत में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। पवन कल्याण ने इस कानून के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर एक सनातन धर्म संरक्षण बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा, जिसमें इसकी गतिविधियों के लिए समर्पित निधि भी शामिल है।

## महाराष्ट्र चुनाव पर बोले नवाब मलिक- अजित पवार होंगे किंग मेकर?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने कहा, अजित पवार ही किंग मेकर होंगे। नवाब मलिक मानखुर्द शिवाजी सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) उम्मीदवार हैं। नवाब मलिक ने कहा कि वह पूरी तरह से अपनी पार्टी अजित पवार की एनसीपी के उम्मीदवार हैं। महायुति गठबंधन चुनावी मैदान में उनके खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद अजित पवार की भूमिका किंग मेकर की होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी लड़ाई महायुति गठबंधन के साथ ही समाजवादी पार्टी के साथ है। नवाब मलिक ने कहा, मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार हूं, मैं अजीत पवार के साथ हूं, उन्होंने मुझे उम्मीदवार बनाया है, अब महायुति गठबंधन चाहे वह बीजेपी हो या शिवसेना (शिंदे), मेरे खिलाफ चुनाव लड़ रही है और मेरी लड़ाई उनके साथ है।

### महाराष्ट्र में लड़ाई कठिन, बहुमत का अनुमान लगाना मुश्किल

नवाब मलिक ने कहा कि महाराष्ट्र में एक बहुत कठिन लड़ाई है। हम यह नहीं कह सकते कि बहुमत किसे मिलेगा। दोनों पक्षों में तीन पार्टियों का एक गठबंधन है। इसलिए अजित पवार सरकार के गठन में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी इस तथ्य को नकार नहीं कर सकता है कि अजीत पवार महाराष्ट्र में किंगमेकर की भूमिका निभाएंगे। दाऊद इब्राहिम और अंडरवर्ल्ड से संबंध के आरोपों पर नवाब मलिक ने कहा कि जिस तरह से मेरा संबंध अंडरवर्ल्ड से जोड़ा गया, लोगों ने विधानसभा में मुझे गद्दार तक कहा, आतंकवादियों से मेरे संबंध जोड़े, मैंने इस पर स्पष्ट रूप से कहा है कि हमने इसका जवाब इसलिए नहीं दिया क्योंकि इस पर बोलने का प्रतिबंध था। जो लोग भी मेरी छवि को धूमिल करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें बोलने का अधिकार है और मुझे बचाव करने का अधिकार है, देश में कानून है। उन्होंने कहा कि आपराधिक मानहानि या नागरिक मानहानि के माध्यम से हम उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जो मेरे खिलाफ ये झूठे आरोप लगा रहे हैं।





## मुख्य समाचार

### चीन के गुआंग्डोंग में अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ आगाज

**गुआंगज़ौ।** दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के झुहाई में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी शुरू हुई। इस प्रदर्शनी में देश और विदेश के उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, 19वीं चीन अंतरराष्ट्रीय फ़ोटोप्रदर्शनी में 123 देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 20 हजार से अधिक फ़ोटोग्राफ़रों की 276 चयनित कृतियाँ शामिल हैं। यह आयोजन चाइना फ़ोटोग्राफ़र एसोसिएशन, गुआंग्डोंग के साहित्यिक और कला मंडलों के संघ और झुहाई नगरपालिका सरकार के सहयोग से किया गया है, जो 16 फरवरी 2025 तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि यह प्रदर्शनी पहली बार 1981 में आयोजित की गयी थी।

### अफगानिस्तान के गैस फैक्ट्री में लगी आग

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पश्चिम में स्थित एक गैस फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। काबुल के पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरान ने यह जानकारी दी। घटना पगमान जिले के काला-ए-हैदर खान इलाके में शनिवार अपराह्न में घटित हुयी। जादरान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, दमकलकर्मी इलाके में पहुंचे और काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अंतिम सूचना मिलने तक आग लगने के कारण और किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं मिली है।

### आयोवा में हैरिस ने ट्रम्प बनायी तीन फीसदी की बढ़त

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस आयोवा राज्य में अपने प्रतिद्वंद्वी एवं रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बढ़त बना ली है। एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार हैरिस को 47 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, जबकि ट्रम्प को 44 फीसदी का समर्थन प्राप्त है। ट्रम्प ने आयोवा में 2016 और 2020 में दो बार जीत हासिल की थी। वह 2016 में ट्रम्प के खिलाफ हिलेरी क्लिंटन थी, जबकि 2020 में, जब उनके प्रतिद्वंद्वी मौजूदा राष्ट्रति जो बाडेन थे। यह सर्वेक्षण 28-31 अक्टूबर के बीच 808 संभावित मतदाताओं के बीच किया गया था।

### रूसी वायु रक्षा ने रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन के 16 ड्रोन को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा ने रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेनी सशस्त्र बलों के 16 ड्रोनों को नष्ट कर दिया। गवर्नर वासिली गोलुबेव ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर कहा, 'वायु रक्षा बल दुश्मन के बड़े पैमाने पर हवाई हमले को नाकाम कर रहे हैं। फिलहाल रोस्तोव क्षेत्र के नोवोशाख्तिंस्क, कमेंस्क और उस्त-डोनेट्स्क जिले में 16 यूएवी नष्ट कर दिए गए हैं।' उन्होंने कहा कि हमले में कोई हताहत या क्षति नहीं हुई। सेना ने अपना काम कर रही है।

### अमेरिकी बमवर्षक मध्य पूर्व में पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बमवर्षक विमान बी-52 पश्चिम एशिया में पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने यह जानकारी दी है। इससे पहले अमेरिका के रक्षा विभाग कहा था कि अमेरिका ने पश्चिम एशिया में एक विध्वंसक, बमवर्षक और लड़ाकू विमान भेजे हैं। रक्षा विभाग ने कहा था कि ये बल आने वाले महीनों में इस क्षेत्र में पहुंचने लगेंगे, जबकि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन के नेतृत्व में वाहक हमला समूह प्रस्थान करने की तैयार है। सेंटकॉम ने एक्स पर कहा, मिनोट एयर फोर्स बेस के पांचवें बम विंग से बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस रणनीतिक बमवर्षक जिम्मेदारी वाले अमेरिकी सेंट्रल कमांड क्षेत्र में पहुंचे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि ईरान की ओर से किये जाने वाले हमले की स्थिति में वह इजरायल को जवाब देने से नहीं रोक पाएगा।

### नाइजीरिया में सेना ने 187 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया

**अबुजा।** नाइजीरिया की सेना ने पिछले सप्ताह देश भर में चलाये गये विभिन्न आतंकवाद विरोधी अभियानों में 187 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया और 262 अन्य को गिरफ्तार किया है। नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने शनिवार को अबुजा में चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच कुल 19 संदिग्ध आतंकवादियों ने अभियान के क्षेत्रों में सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि सेना ने अपने आतंकवाद विरोधी अभियानों में बड़ी सफलता दर्ज की है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो के एक गांव में कुख्यात आतंकवादी संदिग्ध अबूबकर इब्राहिम को गिरफ्तार किया गया, जिसे हाबू डोगो के नाम से भी जाना जाता है। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि देश में सबसे वांछित आतंकवादी सरगनाओं में से एक हाबू डोगो नाइजीरिया और पड़ोसी नाइजर दोनों में सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी सूची में था।

### स्पेन में बाढ़ के कारण दो चीनी नागरिकों की मौत, दो लापता

**मैड्रिड।** दक्षिणी और पूर्वी स्पेन में बाढ़ के कारण दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य लापता हैं। इस बात की पुष्टी स्पेन स्थित चीनी दूतावास ने शनिवार को की। गौरतलब है कि दक्षिणी और पूर्वी स्पेन में भारी बारिश के कारण देश के आधुनिक इतिहास में सबसे घातक बाढ़ आई है, जिसमें कम से कम 211 लोगों की मौत हुयी है।



लेबनान के बेरूत के दहियाह में इजरायली हवाई हमले के स्थल पर इमाम अली की तस्वीर पकड़े एक व्यक्ति नारे लगाता हुआ।

## ईरान में पत्रकार गिरफ्तार होने का दावा: अमेरिका

एजेंसी

**दुबई।** ईरान पर 26 अक्टूबर को हुए इजरायली के हमले के बाद से दोनों देशों मे तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने इजरायल के साथ ही साथ अमेरिका पर भी पलटवार करने की धमकी दी है। इस तनाव के बीच तेहरान ने एक ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को हिरासत में रख लिया है। अमेरिकी प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को पत्रकार रेजा वलीजादेह को हिरासत में रखे जाने की जानकारी दी। यह जानकारी ऐसे समय में मिली जब ईरान द्वारा अमेरिकी दूतावास पर कब्जा किए जाने और लोगों को बंधक बनाए जाने की घटना के 45 साल पूरे हुए हैं। बता दें वलीजादेह 'रेडियो फर्दा' के लिए काम करते थे। 'रेडियो फर्दा' अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' के अंतर्गत एक संस्थान है। वलीजादेह ने फरवरी में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा था कि उन्हें ईरान वापस लाने के प्रयास के तहत उनके परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया गया। वलीजादेह ने इसके बाद अगस्त में दो संदेश साझा किए थे जिनसे पता चला कि वह ईरान लौट आए हैं, जबकि ईरान का धर्मतंत्र 'रेडियो फर्दा' को शत्रु संस्थान के रूप में देखता है। पिछले कुछ सप्ताह से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वलीजादेह को हिरासत में लिया गया है।

### इजराइल का हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर फाउर को मार गिराने का दावा

**बेरुत।** इजराइल ने हिज्बुल्लाह के एक और शीर्ष कमांडर जाफर खादर फाउर की मौत का दावा किया है। सेना ने कहा कि उसने शनिवार को हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फाउर को दक्षिणी लेबनान में मार डाला। सेना के मुताबिक, फाउर इजराइल पर हमलों के लिए जिम्मेदार था। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए दावा किया है कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के जौइया क्षेत्र में नासिर यूनिट के मिसाइल और रॉकेट इकाई के कमांडर जाफर खादर फाउर को मार गिराया। आईडीएफ के मुताबिक जाफर फाउर इजराइली में हुए रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था। इसमें किबुत्ज ओरताल, मजदल शम्स और मेटुला के हमले शामिल हैं। मजदल शम्स में 12 बच्चों की मौत हुई थी और मेटुला में 5 लोगों की जान गई थी।

## बांग्लादेश: पर्यटन उद्योग को बड़ा झटका

### शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात

एजेंसी

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के खराब हालात और भारत के साथ उसके संबंधों की कड़वाहट का वहां के पर्यटन उद्योग पर गहरा असर पड़ा है। वहां की स्थिति को देखते हुए विदेशी पर्यटक आ नहीं रहे हैं, ऊपर से भारत सहित कई देशों ने वीजा नियमों में जो सख्ती की, उसका असर यह हुआ कि विदेशों की यात्रा करने वाले बांग्लादेशी यात्रियों की संख्या अचानक बहुत नीचे आ गई। इससे देश के टूर ऑपरेटर खासे निराश हैं और सरकार से जल्द इसका रास्ता निकालने की अपील कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो ने 123 आउटबाउंड टूर ऑपरेटरों के मंच, बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के



हवाले से बताया है कि टूर ऑपरेटरों का 80 प्रतिशत व्यवसाय विदेश यात्रा करने वाले पर्यटकों से आता है। बांग्लादेशियों के लिए भारत में वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिससे सबसे करीबी और पर्यटकों में लोकप्रिय भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में अचानक बहुत कमी हो गई। इसके साथ कई अन्य देश बांग्लादेश के राजनीतिक हालात को देखते हुए सख्त वीजा नियमों को जारी रखे हुए हैं। जिससे विमानन और पर्यटन व्यवसाय गिरावट के दौर से जूझ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश में सरकार बदलने के बाद भारत ने आपातकालीन चिकित्सा वीजा को छोड़कर बांग्लादेश को वीजा जारी करना बंद कर दिया है। जबकि संयुक्त अरब अमीरात भी पर्यटक वीजा जारी नहीं कर रहा है। थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और फिलीपींस देरी से वीजा जारी करते हैं। इसके अलावा, बदले हालात के कारण व्यवसायियों और आम यात्रियों ने भी विदेश यात्राओं में कटौती की है। जिसके चलते स्थानीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं में 75-80 प्रतिशत की गिरावट आई है। बांग्लादेश से भारत पहुंचने वाले पर्यटकों का आंकड़ा देते हुए बताया गया है कि 2019 में बांग्लादेश से रिकॉर्ड 2.58 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे लेकिन कोरोनोवायरस महामारी के कारण इसमें गिरावट आई। साल 2022 में एक बार फिर इसमें वृद्धि शुरू हो गई। भारतीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में बांग्लादेश से 1.28 मिलियन पर्यटक भारत पहुंचे और उनमें से 22 प्रतिशत ने हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया, जबकि शेष ने सड़क मार्ग से यात्रा की। उन पर्यटकों में से 64.8 प्रतिशत यात्रा के उद्देश्य से, 25.5 प्रतिशत उपचार के लिए और 4.5 प्रतिशत व्यवसाय और नौकरी के उद्देश्य से भारत पहुंचे। 2024 में कुल 2.20 मिलियन बांग्लादेशियों ने भारत का दौरा किया। 2024 के जनवरी-जून में विभिन्न देशों से लगभग 4.78 मिलियन पर्यटकों ने भारत की यात्रा की, जिसमें सबसे अधिक 21.55 प्रतिशत बांग्लादेशी थे। बांग्लादेश आउटबाउंड टूर ऑपरेटर्स फोरम के अध्यक्ष चौधरी हसनुज्जमां के मुताबिक पर्यटन क्षेत्र को कोरोनोवायरस महामारी के बाद से लगातार नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कारोबार की स्थिति बेहद खराब है। भारतीय वीजा प्रक्रिया कब नियमित होगी, यह कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि सरकार को पर्यटन क्षेत्र को बचाने के लिए आगे आना चाहिए।

## श्रीलंका संसदीय चुनाव में भारी गड़बड़ी की शिकायत



एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका में हुए 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक छह उम्मीदवारों सहित 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव संपन्न होने के बाद अब संसदीय चुनाव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अधिकारियों के अनुसार संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा। पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायतें मिली हैं। इस संबंध में तेजी से जांच करके कार्रवाई की जा रही है। कहा, "इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायतें शामिल हैं।" उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किया गया है, उनमें चुनाव लड़ रहे छह उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन भी जब्त किए हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित 1,259 शिकायतें मिली हैं।

## मतदाताओं ने समय पूर्व डाला वोट

### राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉडवे एक अहम गंतव्य

न्यूयॉर्क। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होना है। मगर उससे पहले ही विशेष प्रक्रिया के तहत करोड़ो मतदाताओं ने अपने वोट को दान कर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। दरअसल इस बार राष्ट्रपति चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉडवे एक अहम गंतव्य है, जहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर का स्थित है। कार्यकारी निदेशक माइकल रेयान और उनके डिप्टी विंसेंट इग्निजियो न्यूयॉर्क में मतदान तिथि से पहले पड़े वोटों की संख्या को लेकर खासे उत्साहित हैं। समय पूर्व वोटिंग व्यवस्था के तहत न्यूयॉर्क में पहले दिन करीब 1,40,000 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रेयान ने कहा, हम अपनी पीठ नहीं थपथपाना चाहते, लेकिन हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। न्यूयॉर्क ने समय पूर्व वोटिंग के मामले में पहले ही रिकॉर्ड कायम कर लिया है और मतदान अभी भी जारी है। अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाताओं ने मतदान तिथि (पांच नवंबर) से पहले ही अपने वोट डाल दिए हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के 'इलेक्शन लैब




ट्रैकर' के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। पूरे अमेरिका में मतदाता समय पूर्व मतदान व्यवस्था से मिलने वाली सहूलियत का लाभ उठा रहे हैं, फिर चाहे वह डाक मतपत्रों के माध्यम से हो या फिर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालकर। समय पूर्व मतदान व्यवस्था मतदाताओं को खराब मौसम, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने, व्यस्तताओं के कारण वोट न डालने या चुनाव के दिन व्यक्तिगत कार्यक्रमों में बदलाव करने के झंझट से मुक्ति दिलाती है। रेयान का मानना है कि समय पूर्व मतदान के प्रति सकारात्मक रुझान सुनिश्चित करने में कई कारकों ने अहम भूमिका निभाई, कम से कम न्यूयॉर्क शहर में। उन्होंने कहा, 2020 में समय पूर्व मतदान के लिए 100 से भी कम मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस साल यह संख्या उससे लगभग 50 फीसदी अधिक है। न्यूयॉर्क शहर के मैनहट्टन क्षेत्र में जॉन जे कॉलेज में समय पूर्व वोटिंग की सुविधा देने वाला एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। यहां पांच नवंबर को चुनावी तिथि से पहले ही बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने पहुंच रहे हैं। समयपूर्व मतदान में वोटरों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। केंद्र की समन्वयक सुजैन का मानना है कि समय पूर्व मतदान प्रक्रिया के प्रति बहुत सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम मतदान प्रक्रिया में व्यस्त हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यहां वोट डालने वाले हर मतदाता को सभी जरूरी सहायता मिले। लोग समय पूर्व मतदान की सुविधा को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जॉन जे कॉलेज में वोट डालने पहुंचे एक मतदाता ने कहा, मुझे इस तरह की लचीली प्रणाली पसंद है। मैं सिर्फ इसलिए अपना वोट बर्बाद नहीं करना चाहता कि मैं मंगलवार को उपलब्ध नहीं रह पाऊंगा। यह देश के लिए एक महत्वपूर्ण समय है और हम उस व्यक्ति को वोट नहीं देने का जोखिम नहीं उठा सकते, जो हमारा नेतृत्व करेगा।

## नेपाल का भैरहवा अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल फिर शुरू हुआ

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के दूसरे अंतराष्ट्रीय विमानस्थल का रविवार से फिर संचालन शुरू किया गया है। भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के पास निर्मित गौतम बुद्ध अंतराष्ट्रीय विमानस्थल पर आज बैंकाक की पहली फ्लाइट ने लैंडिंग की। इस विमानस्थल के पुन: संचालन होने पर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रसन्नता जाहिर की है। ओली ने विश्वास व्यक्त किया है कि भैरहवा की तरह जल्द ही पोखरा विमानस्थल का नियमित संचालन भी शुरू किया जायेगा। अपने निर्माण के दो साल



बाद एक बार फिर से संचालन में लाए गए भैरहवा विमानस्थल पर रविवार को थाई एयर एशिया विमान की लैंडिंग से शुरुआत हुई है। करीब एक वर्ष पहले भी जब पहली बार भैरहवा एयरपोर्ट का संचालन किया गया था तो उस समय भी इसी एयरलाइंस ने शुरुआत की थी। विमानस्थल के प्रवक्ता विनोद सिंह रावत ने बताया कि यात्रियों की कमी की वजह से एयर एशिया सहित वहां से उड़ान भरने वाले जजीरा एयर की उड़ान भी बंद हो गई। रावत ने कहा कि आज थाई एयर एशिया के विमान से बैंकाक से एक भी यात्री नहीं आया, जबकि इधर से सिर्फ 17 यात्रियों को लेकर विमान ने उड़ान भरी। भैरहवा से बैंकाक तक का किराया सिर्फ 7500 भारतीय रुपये में रखा गया है। भारत के किसी भी शहर से बैंकाक का किराया 10 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक है। भारत के सीमावर्ती शहर भैरहवा में यह एयरपोर्ट रहने के कारण भी किराया कम रखा गया है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से सिर्फ एक घंटे की दूरी पर इस विमानस्थल से बैंकाक जाने जाने के लिए 7500 रुपये किराया है।

### मुझे मेरी मां-बहन ने सिखाया विरासत का सम्मान: कमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में सिर्फ 2 दिनों का वक्त रह गया है। ऐसे में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक कैंडिडेट कमला हैरिस ने चुनाव प्रचार में अपना पूरा दमखम लगा दिया है। दोनों नेता एक दूसरे पर जबरदस्त व्यक्तिगत और नीतिगत हमले कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने शनिवार को प्रकाशित एक लेख में बचपन में की गईं भारत की अपनी यात्राओं और कैंसर का इलाज करने के अपनी मां के मिशन को याद किया। हैरिस ने दक्षिण एशियाई के ऑनलाइन प्रकाशन 'द जगरनॉट' में प्रकाशित एक लेख में कहा, "जब मैं और मेरी बहन बड़े हो रहे थे, तब मेरी मां ने हमें हमारी विरासत की सराहना और सम्मान करना सिखाया।

## पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के नाम एक और अरेस्ट वारंट

एजेंसी

**काठमांडू।** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लमिछाने के खिलाफ रविवार को एक और अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी घोटाला में पिछले 15 दिन से पुलिस हिरासत में चल रहे लमिछाने के नाम एक अन्य सहकारी घोटाले में यह अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। सहकारी बैंकों के करोड़ों रुपये को गैर कानूनी ढंग से अपने टीवी चैनल में निवेश करने के आरोप में रवि लामिछाने इस समय पोखरा पुलिस की हिरासत में हैं।उनके खिलाफ सूर्यदर्शन सहकारी बैंक में किए गए घोटाले की जांच चल रही है। बुटवल पुलिस की डीएसपी लक्ष्मी खनाल ने बताया कि सुप्रीम सहकारी बैंक में जमा रकम को गैर कानूनी ढंग से



अपचलन करने के कारण रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह वारंट रुपंदेही जिला अदालत से जारी किया गया है। बुटवल पुलिस ने पोखरा पुलिस को रविवार को पत्र भेजकर रवि लामिछाने को सौंपने का आग्रह किया है। दरअसल, पिछले महीने 18 अक्टूबर को काठमांडू से गिरफ्तार कर रवि लामिछाने को पोखरा भेजा गया था। जिला अदालत कास्की ने पहले 7 दिन और फिर बाद में 10 दिन की पुलिस रिमांड दी थी। रवि लामिछाने से पूछताछ का काम पूरा हो गया है लेकिन रविवार तक दीपावली की छुट्टी के कारण रवि को कोर्ट के पेश नहीं किया जा सका है। सोमवार को कोर्ट के खुलते ही रवि को अदालत में पेश किया जाएगा।

# पुण्यतिथि के अवसर पर

मुंबइ। बॉलीवुड में प्रेम नाथ को एक ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने नायक के रूप में फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने के बावजूद खलनायकी को नया आयाम देकर दर्शकों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। पचास के दशक में प्रेम नाथ ने कई फिल्मों में नायक की भूमिका निभाई और इनमें कई हिट भी रहीं लेकिन उन्हें नायिकाओं के पीछे पेडों के इर्द–गिर्द चक्कर लगाते हुए नगमें गाना रास नहीं आया और उन्होंने नायक की भूमिका निभाने की तमाम पेशकशों को नामंजूर कर दिया। इसके बदले में उन्होंने खलनायक की भूमिकाएं निभाने को तरजीह दी ।पेशावर ( अब पाकिस्तान में ) में 21 नवंबर 1926 को जन्मे प्रेम नाथ को बचपन के दिनों से ही अभिनय का शौक था । देश के बंटवारे के समक्ष उनका परिवार पेशावर से मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में आ गया। पचास के दशक में उन्होंने अपने सपनों को साकार करने के लिये मुंबई का रूख किया और पृथ्वी राज कपूर के ..पृथ्वी थियेटर ..में अभिनय करने लगे। वर्ष 1948 मे उन्होंने फिल्म ‘ अजित ’ से अपने फिल्मी जीवन की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शको के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके ।वर्ष 1948 में राजकपूर की फिल्म ‘ आग ’ और 1949 राजकपूर की ही फिल्म ‘ बरसात ’ की सफलता के बाद प्रेमनाथ कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये। वर्ष 1953 में फिल्म ‘ औरत ’ के निर्माण के दौरान प्रेम नाथ का झुकाव अभिनेत्री बीना राय की ओर हो गया और बाद में उन्होंने उनके साथ शादी कर ली। इसके बाद उन्होंने बीना राय के साथ मिलकर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और पी.एन.फिलम्स बैनर की स्थापना की। पी.एन.फिलम्स के बैनर तले प्रेमनाथ ने शगूफा, प्रिजनर ऑफ गोलकुंडा, समुंदर और वतन जैसी फिल्मों का निर्माण किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुयी जिससे उन्हें आर्थिक क्षति हुयी। इसके बाद प्रेमनाथ ने फिल्म निर्माण से तौबा कर ली और अपना ध्यान अभिनय की ओर लगाना शुरू कर दिया। इस बीच प्रेमनाथ ने कुछ फिल्मों में अभिनय किया और उनकी फिल्में सफल भी हुयी लेकिन उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि मुख्य अभिनेता की बजाय खलनायक के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में उनका भविष्य अधिक सुरक्षित रहेगा। इसके बाद प्रेम नाथ ने खलनायक की भूमिकाएं निभानी शुरू कर दी। प्रेमनाथ के पसंद के किरदारों की बात करें तो उन्होंने सबसे पहले अपना मनपसंद और कभी नहीं भुलाया जा सकने वाला किरदार 1970 में प्रदर्शित फिल्म ‘ जॉनी मेरा नाम ’ में निभाया जो दर्शकों को काफी पसंद आया। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म ‘ धर्मात्मा ’ में प्रेम नाथ के अभिनय का नया रूप दर्शकों को देखने को मिला। हॉलीवुड फिल्म ‘ गॉडफादर ’ से प्रेरित इस फिल्म में प्रेम नाथ ने अंडरवर्ल्ड डॉन के अपने किरदार ‘ धरमदास धर्मात्मा ’ को रूपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया। बाद में इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर अंडरवर्ल्ड पर कई अन्य पिल्में भी बनायी गयीं। अपने अभिनय मे आई एकरुपता से बचने और स्वंय को चरित्र अभिनेता के रूप में स्थापित करने के लिये उन्होंने अपनी भूमिकाओं में परिवर्तन भी किया। इस क्रम में 1970 मे प्रदर्शित राजकपूर की सुपरहिट फिल्म ‘ बॉबी ’ में उन्होंने फिल्म अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया के पिता की भूमिका निभायी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। अस्सी के दशक में स्वास्थ्य खराब रहने के कारण प्रेम नाथ ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया। वर्ष 1985 में प्रदर्शित फिल्म ‘ हमदोनों ’ उनके सिने कैरियर की आखिरी फिल्म थी। निर्देशक के साथ उनकी जोड़ी मशहूर निर्माता निर्देशक सुभाष घई,राजकपूर, देवानंद और मनोज कुमार के साथ काफी सराही गयी। हिन्दी फिल्मों के अलावा प्रेम नाथ ने अमरीकी टेलीविजन के सीरियल ‘ माया ’ में एक छोटी सी भूमिका निभायी। इसके अलावा अमरीकी फिल्म ‘ कीनर ’ में भी उन्होंने अभिनय किया। करीब चार दशक तक अपने दमदार अभिनय से दर्शको के दिल में अपनी खास पहचान बनाने वाले प्रेम नाथ तीन नवंबर 1992 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।



# ‘द साबरमती’ रिपोर्ट का गाना राजा राम टीजर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का गाना राजा राम रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है ।द साबरमती रिपोर्ट का गाना राजा राम रिलीज कर दिया गया है। यह गाना गोधरा ट्रेन बर्निंग हादसे के आस पास की गंभीरता और गुस्से को खुद में कैद किए हुए है। गाने में न्याय की पुकार, सच की खोज, और इस दर्दनाक घटना के कुछ तीखे दृश्य दिखाए गए हैं। कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस इसे एक रोंगटे खड़े कर देने वाला अनुभव बनाती है। यह फिल्म देश को एक ऐसी घटना पर सोचने के लिए मजबूर करेगी जो आमतौर पर चर्चा में नहीं होती ।इस गाने में भक्ति, भावना और गुस्से का मेल खूबसूरती से जाहिर किया गया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, ‘ द साबरमती रिपोर्ट ’ में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे जी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।



# ‘भूल भुलैया 3’ बनी कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी सीरीज वाली फिल्म





**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘ भूल भुलैया 3 ’ सुपरस्टार रिलीज हुई। ‘ भूल भुलैया 2 ’ की तूफानी सफलता के बाद दर्शकों में इसके तीसरे पार्ट को लेकर काफी उत्सुकता थी। आखिरी फिल्म दर्शकों के सामने आ चुकी है और इस फिल्म को पहले दिन अच्छे रिस्पॉन्स मिले हैं। फिल्म की पहले दिन की कमाई के आंकड़े आए सामने। ‘ भूल भुलैया 3 ’ ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन की धमाकेदार कमाई की है। ‘ भूल भुलैया 3 ’ कार्तिक आर्यन की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। अजय देवगन की ‘ सिंघम अगेन ’ से क्लैश होने के बावजूद फिल्म काफी अच्छी कमाई करने में कामयाब रही है। इंडस्ट्री ट्रैकर ‘ सैक्निल्क ’ के आंकड़ों के मुताबिक, ‘ भूल भुलैया 3 ’ ने बढ़त बनाते हुए 19.22 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बनाया। रिलीज के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले दिन 35.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। पहले दिन जबरदस्त कमाई कर यह कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। इससे पहले इस रिकॉर्ड का नाम कार्तिक ‘ भूल भुलैया 2 ’ था। 2022 में रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 14.11 करोड़ रुपये की कमाई की।

**– ‘ भूल भुलैया 3 ’ के कलाकार**

‘ भूल भुलैया 3 ’ 2007 में आई फिल्म ‘ भूल भुलैया ’ का तीसरा पार्ट है। पहले पार्ट में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। 2022 के सीक्वल में अक्षय की जगह कार्तिक आर्यन ने ली। अनीस बजमी निर्देशित ‘ भूल भुलैया 3 ’ में कार्तिक रूह बाबा आते हैं जो दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। दूसरे पक्ष की सफलता के बाद तीसरे पक्ष की घोषणा की गई। तीसरे भाग में तृप्ति डिमरी, बाल विद्या, राधाकृष्ण और राजपाल यादव हैं।

# ‘सिंघम अगेन’ ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। शुक्रवार 1 नवंबर को फिल्म ने जोरदार कमाई की है। फिल्म के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। 2024 की दो सबसे बड़ी फिल्में दिवाली के ठीक समय पर बॉक्स ऑफिस पर टकरा गईं। ‘ सिंघम अगेन ’ और ‘ भूल भुलैया 3 ’ दोनों ही रिलीज से पहले चर्चा में थे। पहले दिन के कलेक्शन के आंकड़ों की बात करें तो ‘ सिंघम अगेन ’ ने बाजी मार ली है। ‘ सिंघम अगेन ’ की पहले दिन की कमाई ‘ भूल भुलैया 3 ’ से ज्यादा है।

सैकनिल्क की शुरुआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, ‘ सिंघम अगेन ’ ने रिलीज के पहले दिन 43.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म ‘ सिंघम अगेन ’ को रिलीज के पहले दिन दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म में अजय देवगन और करीना कपूर खान मुख्य भूमिका में हैं। अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ अहम भूमिका में हैं। अर्जुन कपूर ‘ सिंघम अगेन ’ में खलनायक की भूमिका निभाते हैं, जबकि सलमान खान इस कॉप यूनिवर्स फिल्म में चुलबुल पांडे की भूमिका के साथ एक विशेष कैमियो करते हैं।

रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है






# न्यूजीलैंड ने भारत को 25 रनों से हराया

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर खिसका भारत

एजेंसी

**मुबंई ।** टॉम लैथम की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड की टीम ने रविवार को तीसरे टेस्ट मैच में भारत पर 25 रनों हराकर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में एतिहासिक क्लीन स्वीप किया। एजाज पटेल को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं विल यंग को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। न्यूजीलैंड ने 92 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार भारतीय टीम को उनकी सरजमीं पर क्लीन स्वीप किया है। न्यूजीलैंड टीम ने पहली बार 1955 में भारत का दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हार गयी थी। सीरीज के तीन मैच ड्रॉ रहे थे। फिर 1965 में न्यूजीलैंड की टीम भारत आई और इस बार भी उन्हें एक भी टेस्ट जीतने का मौका नहीं मिला। चार टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने न्यूजीलंड को 1-0 से हराया था। और तीन मैच ड्रा रहे थे। इसके बाद न्यूजीलैंड 1969 में भारत का दौरे पर आयी और उस वक्त भारतीय धरती पर पहला टेस्ट जीता था। यह तीन मैचों की सीरीज न्यूजीलैंड 1-1 से बराबरी करने में कामयाब रही थी। 24 सालों के बाद भारतीय टीम को किसी टीम ने भारत में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले वर्ष 2000 में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को क्लीन स्वीप किया था। भारत को अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय को इस सीरीज में कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे। आज यहां भोजनकाल के बाद जीत की ओर बढ़ रहे भारत को 22वें ओवर में एजाज पटेल ने ऋषभ पंत (64) को आउट कर झटका देते हुए न्यूजीलैंड की मैच में वापसी करा दी। पंत ने अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। रिप्लेयर के अनुसार गेंद बल्ले से लगकर पैड पर लगाते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडल के हाथों में गई थी। पंत को तीसरे अम्पायर ने गलत आउट करार दिया गया। इसके बाद अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने अश्विन (आठ) को और इसी ओवर में ग्लेन ने आकाश दीप (शून्य) आउटकर भारत की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 30वें ओवर में एजाज ने वॉशिंगटन सुंदर (12) को बोल्ड कर 121 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर मुकाबला 25 रनों से जीत लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। यह पहली बार हुआ है जब भारत घर पर टेस्ट सीरीज हारी है। इस हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में भी भारत को बड़ा धक्का लगेगा। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 174 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 29 के स्कोर पर अपने नाम विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (11), शुभमन गिल (एक), यशस्वी जायसवाल (पांच) और विराट कोहली (एक) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने ऋषभ पंत के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच 42 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में एजाज पटेल ने विल यंग के हाथों कैच जडेजा (छह) को आउट कराकर इस साझेदारी तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुंदर ने पंत पारी को संभाला। इस दौरान ऋषभ पंत ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत ने 50 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 53) रन बना लिये। न्यूजीलैंड की ओर एजाज पटेल ने छह विकेट लिये। ग्लेन फिलिप्स को तीन विकेट मिले। मैट हेनरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रवींद्र जडेजा और अश्विन की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 174 के स्कोर पर समेट दिया। इसी के साथ भारत को मुश्किल पिच पर मैच जीतने के लिए 147 रन बनाने का लक्ष्य मिला है। वानखेड़े की न्यूजीलैंड ने कल के 171 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। स्कोर में अभी चार रन जुडे थे कि रवींद्र जडेजा ने आकाश दीप के हाथों एजाज पटेल (आठ) को कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी का 45.5 ओवर में 174 के स्कोर पर समापन कर दिया। दूसरे दिन भारत की पहली पारी के 263 रन के जवाब में मेहमान टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बना लिये थे।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे। भारत ने पहली पारी में 263 रन बनाकर 28 रनों की बढ़त ली थी रविंद्र जडेजा सर्वाधिक पांच विकेट लिये। जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट झटके। आकाश दीप और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।




## एजाज पटेल ने मचाया 'धमाल'



**मुंबई।** चौथी पारी में एजाज पटेल के (6-57) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मुंबई में खेले गए अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन भारत को 25 रनों से हराकर ऐतिहासिक 3-0 से क्लीन स्वीप किया। यह पहली बार है जब भारत को तीन या उससे ज़्यादा मैचों की सीरीज़ में घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप किया गया है। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने लंच तक 92 रन पर 6 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। दूसरे सत्र की शुरुआत में जीत के लिए 55 रन और चार विकेट शेष थे, भारत की उम्मीदें पूरी तरह से ऋषभ पंत (64) पर टिकी थीं, जिनकी साहसिक पारी ने मेजबान टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुँचाया। हालाँकि, एजाज ने जल्द ही भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और एक बेहद विवादास्पद निर्णय में पंत को विकेट के पीछे कैच करा दिया। पंत को शुरू में मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने नॉट आउट करार दिया था।

## मैं एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में विफल रहा: रोहित

एजेंसी

**मुबंई ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कप्तान तथा बल्लेबाज के रूप में वह विफल रहे और इस हार को पचा पाना आसान नहीं है। रोहित ने कहा, जाहिर तौर पर एक टेस्ट और श्रृंखला हारना कभी भी आसान नहीं रहता है। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली और हम इसे स्वीकार करते हैं। न्यूजीलैंड ने हमसे बहुत बेहतर क्रिकेट खेली। हमने बहुत गलतियां की और हम सभी को इसे स्वीकारना होगा। उन्होंने कहा, हमने पहली पारी में स्कोरबोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बनाए, इसलिए हम खेल में पीछे थे। लेकिन यहां हमारे पास पहली पारी में 30 रनों की बढ़त थी और हमें लगा कि हम खेल में आगे हैं। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, हम और बेहतर कर सकते थे। उन्होंने शुभमन गिल, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर की तारीफ करते हुए कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में विशेष योजनाएं होती हैं, लेकिन इस श्रृंखला में परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आया जो कि बेहद निराशाजनक है। (गिल, पंत और वॉशिंगटन) उन्होंने हमें बताया कि इस पिच पर कैसी बल्लेबाजी की जानी चाहिए।

हम जानते हैं कि यहां कैसी बल्लेबाज़ी की जानी चाहिए लेकिन इस श्रृंखला में चीजें हमारे पक्ष में नहीं गईं। मैं कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया, जो मुझे परेशान करेगी। लेकिन हमने सामूहिक रूप से भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और यह सब हार के कारण बने।



## मुख्य समाचार

### साकेत माइनेनी-रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने जीता सियोल ओपन युगल का खिताब

**सियोल।** भारत की साकेत माइनेनी-रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को हराकर सियोल ओपन पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को 6-4, 4-6, 10-3 से हराया। यह भारतीय जोड़ी का चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन ने दक्षिण कोरिया के नाम जी सुंग और ग्रेट ब्रिटेन के जोशुआ पेरिस को 7(9)-6(7), 6-4 से हराया था। मायनेनी और रामनाथन ने पहले दौर में कोलंबिया के दूसरे वरीय क्रिस्टियन रोड्रिग्ज और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू रोमियोस को हराया था और फिर क्वार्टर फाइनल में कोरियाई वाइल्ड कार्ड जियोंग योंगसोक और पार्क उइसुंग को हराया था।

### अनाहत सिंह ने जीता साल का छठा पीएसए चैलेंजर स्क्वैश खिताब

**कॉफ्स हार्बर।** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को जापान की अकारी मिडोरिकावा को 3-0 से हराकर कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 के महिला एकल खिताब जीत लिया। यह अनाहत का इस साल का छठा पीएसए चैलेंजर खिताब है। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में 16 साल की अनाहत सिंह ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय स्क्वैश स्टार ने पूरे टूर्नामेंट में अपने दबदबे को बरकरार रखा और केवल एक ही गेम गंवाया। उन्होंने सेमीफाइनल में हांगकांग की सातवीं वरीयता प्राप्त किर्स्टी वोंग को 3-1 (11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि दूसरे राउंड और क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की बोबो लाम और हेलेन टांग को हराया था। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में महिलाओं की टीम और मिश्रित युगल इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत सिंह को उनकी वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी। यह उनका इस वर्ष का छठा खिताब है। उल्लेखनीय है कि अनाहत सिंह ने जनवरी में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन लिटिल मास्टर्स और सीनियर टूर्नामेंट का खिताब जीता था, इसके बाद अप्रैल में हमदार्ड स्क्वैश्टर्स नॉर्दर्न स्लैम पीएसए चैलेंजर टाइटल हासिल किया।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स: सबालेंका से पहला मैच हारीं झेंग किनवेन

**रियाद।** चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रियाद में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपने पहले अभियान की शुरुआत हार के साथ की। किनवेन शनिवार को दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार गईं। इस बीच, पर्पल ग्रुप के एक अन्य एकल मैच में, इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया। झेंग ने इस सीजन में सबालेंका का तीन बार सामना किया है, जिसमें पिछले महीने वुहान ओपन के फाइनल में तीन सेटों के कड़े मुकाबले सहित सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। अपने डब्ल्यूटीए फाइनल डेब्यू में आठ प्रभावशाली ऐस सर्व करने के बावजूद, झेंग प्रत्येक सेट में एक बार ब्रेक की गई और अंतत: शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से हार गई। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर झेंग ने कहा, मैंने मैच में अपना लगभग 60-70 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ दिया, और अभी भी सुधार करने के लिए कुछ विवरण हैं। एक बार जब मैं उन्हें सुधार लूंगी, तो मुझे विश्वास है कि मैं वास्तव में उसे चुनौती दे सकती हूँ। ऐसा लगा जैसे मैं चीन में वापस आ गई हूँ। उनके समर्थन ने मुझे बहुत ताकत दी। उन्होंने कहा, मैं लक्षित प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करूँगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना टेनिस खेलूँ और अपनी शैली दिखाऊँ।

## बेन स्टोक्स के घर में चोरी

### नकाबपोश चोरों ने चोरी की थी, एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के घर में नकाबपोश चोरों ने चोरी की थी, जिसके बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। स्टोक्स उस समय टीम के साथ पाकिस्तान दौरे पर थे। इस सप्ताह की शुरुआत में, स्टोक्स ने एक्स से बात की और खुलासा किया कि उनके डरहम घर में चोरी हुई थी, जब वह टेस्ट सीरीज़ के लिए पाकिस्तान दौरे पर राष्ट्रीय टीम के साथ थे। उन्होंने लोगों से उनकी कीमती वस्तुओं की बरामदगी और चोरों को पकड़ने में मदद करने का भी आग्रह किया। चोरी के समय स्टोक्स की पत्नी क्लेयर और उनके दो बच्चे घर पर थे, जिसके बारे में इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि यह कई नकाबपोश लोगों द्वारा किया गया था और इसने उनके परिवार की भावनात्मक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव डाला। स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार, चोरी की गई अपूरणीय वस्तुओं में स्टोक्स का ओबीई पदक भी शामिल था, जो उन्हें 2019 में इंग्लैंड की पहली 50 ओवर की विश्व कप जीत और उसके बाद एशेज श्रृंखला में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2020 की शुरुआत में दिया गया था। उन्होंने पाकिस्तान में रहने के दौरान अपने परिवार की अच्छी तरह से सहायता करने के लिए पुलिस को भी धन्यवाद दिया। स्टोक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, गुरुवार 17 अक्टूबर की शाम को कई नकाबपोश लोगों ने उत्तर पूर्व में कैसल ईडन क्षेत्र में मेरे घर में चोरी की। वे आभूषण, अन्य कीमती सामान और बहुत सारी निजी वस्तुएं लेकर भाग गए।





जर्मनी के म्यूनिख में एलियांज एरेना में बायर्न म्यूनिख और यूनियन बर्लिन के बीच बुंडेसलीगा फुटबॉल मैच के दौरान यूनियन के लियोपोल्ड क्वेरफेल्ड (बीच में) हेड से गेंद को मारते हुए।

## पेरिस मास्टर्स : खिताबी मुकाबले में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से

एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांसीसी स्टार उगो हम्बर्ट ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में घरेलू मैदान पर करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अपने सातवें टूर-लेवल खिताब की तलाश में, हम्बर्ट रविवार को चैंपियनशिप मैच में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल और टोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता है। इस साल की शुरुआत में, हम्बर्ट ने दुबई और मार्सिले में ट्रॉफी जीती, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में ताज जीता। हम्बर्ट ने खाचानोव के खिलाफ मैच के बाद कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पिछले मैचों की तुलना में यह थोड़ा मुश्किल था।

## दिल्ली एसजी पाइपर्स में शामिल हुई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले



नई दिल्ली। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए इंग्लैंड की मिडफील्डर और महिला हॉकी सुपरस्टार लिली ओवस्ले के साथ करार किया है। दिल्ली एसजी पाइपर्स ने शनिवार को उक्त घोषणा की। लिली ओवस्ले एक बेहद प्रतिष्ठित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो में कांस्य पदक जीता है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। ओवस्ले महिला टीम से 28 वर्षीय डच मिडफील्डर ज़ान डे वार्ड की जगह लेंगी, जिन्होंने निजी कारणों से एचआईएल के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, दिल्ली एसजी पाइपर्स महिला टीम के कोच डेव स्मोलेनर्स ने कहा, ज़ान डे वार्ड, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं, को खोना टीम के लिए एक झटका है। लेकिन 2 बार की ओलंपिक पदक विजेता लिली ओवस्ले को उनकी जगह लेने में सक्षम होना एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा, वह टीम को उसकी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए अपने अनुभव, नेतृत्व और तेज़ गति के खेल का उपयोग करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता होने के अलावा, ओवस्ले ने 2022 और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत भी जीता है।

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीनियर पुरुष हॉकी आज

## चेन्नई करेगा मेजबानी 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा। पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं। पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम चेन्नई में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करके बहुत खुश हैं, यह एक समृद्ध हॉकी विरासत वाला शहर है। यह चैंपियनशिप देश भर से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है और भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण आयोजन है। मैं सभी टीमों को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह चैंपियनशिप उच्च गुणवत्ता वाली हॉकी और गहन प्रतिस्पर्धा का वादा करती है। हमने भागीदारी में जबरदस्त वृद्धि देखी है, और देश के सभी कोनों से उत्साह देखना उत्साहजनक है।





केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य नेताओं के साथ रांची में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणापत्र) जारी करते हुए।

## मुख्य समाचार

### पुलवामा में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो सक्रिय आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स पर कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस, 55आरआर (राष्ट्रीय राइफल्स) और 182 बटालियन (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) ने शनिवार को डेंजरपोरा में सज्जाद अहमद डार को गिरफ्तार किया, जो हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य है। उसके खुलासे पर एक पिस्तौल, 12 राउंड और दो हथगोले बरामद किए गये। पुलिस ने कहा कि 29 अक्टूबर को दानिश बशीर अहंगर नाम के एक अन्य आतंकवादी को भी गिरफ्तार किया गया और उसके पास से कुछ हथियार तथा गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### गया: विश्व के कई देशों से आए विदेशी मेहमानों ने किया पिंडदान



**गया।** धार्मिक नगरी गयाजी के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में विश्व के कई देशों से आए विदेशी मेहमानों ने पिंडदान कर्मकांड किया। विशेष रूप से रूस से आए श्रद्धालुओं ने भारतीय परंपराओं का पालन करते हुए अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान और तर्पण किया। करीब तीन घंटे तक इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्तिभाव से अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर्मकांड किया। स्थानीय पंडा विजय लाल विट्ठल ने बताया कि विदेशी श्रद्धालु रूस, न्यूजीलैंड, जापान, अमेरिका सहित विभिन्न देशों से आए है, जिनमें सबसे अधिक संख्या रूस से आने वालों की है। रूसे से लगभग 50 से 60 की संख्या श्रद्धालु एक दिवसीय श्राद्ध के लिए यहां आए हैं। तर्पण की इस विशेष प्रक्रिया में श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर, अक्षयवट और फल्गु नदी में पिंडदान करेंगे। हिन्दू धर्म के अनुसार गया में पिंडदान करने से पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति मिलती है, और यही कारण है कि यहां हर साल लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करते हैं। गयाजी में पिंडदान करने की यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है और अब विदेशी भक्त भी इसे आत्मीयता से अपना रहे हैं।वहीं विदेशी श्रद्धालुओं ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म में अपनी आस्था को व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यह धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है. यहां से वापस वाराणसी को चले जाएंगे, यहां आकर काफी अच्छा लगा है।

### जयपुर को स्वच्छता में देश के टॉप तीन शहरों में लाने के हो प्रयास-दिया कुमारी



**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जयपुर के संस्थापक और पूर्व महाराजा सवाई जय सिंह की जयंती के मौक़े पर स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौक़े पर जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद थी। इस अवसर पर श्रीमती दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर को एक नियोजित शहर के रुप में बसाया गया था जो अपने स्थापत्य और चौड़ी सड़कों के लिए विख्यात था और आज भी हम जयपुर शहर की सदियों पर योजनाबद्ध तरीक़े से बनी सुविधाओं का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि जयपुर अब एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है और यह हम सब की ज़िम्मेदारी है कि हमे जयपुर की विकास को संजोने का काम करना चाहिए। उन्होंने ज़ोर दे कर कहा कि हेरिटेज को बचाने के साथ ही शहर को स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी ना केवल सरकार और स्थानीय प्रशासन की है बल्कि शहर के नागरिकों की भी है। इस मौक़े पर उपमुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जयपुर शहर को स्वच्छता के मामले में देश के टॉप तीन शहरों में शामिल करने के प्रयास किये जाने चाहिए।

# राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम हुई 'तेज'

## राजस्थान ऑर्गेनिक राज्य बनने की राह पर है: डा गुप्ता

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान को जैविक प्रदेश बनाने की मुहिम तेज हो गई है और सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने भी इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए राजस्थान के 25 जैविक खेती करने वाले किसानों को सिक्किम में जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया हैं तथा उन्होंने रविवार को इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। अखिल भारतीय गौशाला परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि परिषद और भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ ने श्री माथुर से सिक्किम में जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था। डा गुप्ता ने बताया कि इसके लिए देश के प्रथम जैविक राज्य सिक्किम के राज्यपाल माथुर से शिष्टाचार भेंट कर सिक्किम में राजस्थान के किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया जिस पर राज्यपाल ने इस सुझाव की सराहना की और राजस्थान के किसानों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्री माथुर ने कहा कि सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री, कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और अन्य सभी जैविक कृषि विशेषज्ञों का पैनल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहेगा। उन्होंने जैविक किसानों के उत्पादन के विक्रय में आने वाली मूल समस्याओं के निष्पादन के लिए एक केन्द्रीय बाजार स्थल बनाने पर बल दिया, जिससे किसान वर्ग जैविक कृषि की ओर अपना रुझान बढ़ा सकें। उन्होंने डॉ. गुप्ता के जैविक राष्ट्र के प्रयासों के लिए किये जा रहे सुझावों पर ध्यान दिया और इनकी सराहना भी की। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में डा गुप्ता के साथ अरुण खटोड़ और त्रिलोक खंडेलवाल भी मौजूद थे। डा गुप्ता ने कहा कि राजस्थान ऑर्गेनिक राज्य बनने की राह पर है और वह सिक्किम के बाद दूसरा ऑर्गेनिक राज्य बन सकता है।

## राजस्थान ने खनिज ब्लॉक्स की नीलामी में कीर्तिमान किया स्थापित

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान ने प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की नीलामी में देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है, राजस्थान के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने इस वित्त वर्ष में अक्टूबर तक भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से 32 प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की सफल नीलामी करके नया कीर्तिमान बना लिया है। प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में पहली बार दो सोने की खान में से एक की खनन लीज एवं एक की समग्र लाइसेंस के लिए नीलामी हुई है। उन्होंने बताया कि खान मंत्रालय से जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार इस वित्त वर्ष में राजस्थान में 32 प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की सफल नीलामी हो चुकी है जो देश में सर्वाधिक है। नए प्रावधानों के बाद देश भर में अब तक 419 प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की नीलामी हुई है। जिनमें सर्वाधिक 86 राजस्थान में हैं। वहीं मध्यप्रदेश में 75, उड़ीसा में 48, कर्नाटक में 45 और महाराष्ट्र में 40 प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की नीलामी हुई है। केन्द्र सरकार ने पहली बार स्वयं के स्तर पर भी देश के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक्स की नीलामी शुरु की है। इसके तहत अब तक 14 ब्लॉक्स की नीलामी की जा चुकी है। राजस्थान सहित देश के खनिज उत्पादक प्रमुख राज्यों में प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की नीलामी जारी है। रविकान्त ने बताया कि केन्द सरकार का भी प्रमुख खनिजों के ब्लॉक्स की नीलामी पर जोर रहा है। राज्यों को अधिक से अधिक खनिज ब्लॉक तैयार करके नीलामी करने और उसकी निगरानी करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि देश के राजस्थान सहित 12 राज्यों एवं केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की तैयारी एवं नीलामी की नियमित समीक्षा की जाती है। रविकांत ने बताया कि नयी सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने और अधिक से अधिक ब्लॉक तैयार करके नीलामी पर जोर दिया ताकि वैध खनन को बढ़ावा दिया जा सके। इसी क्रम में राजस्थान ने प्रमुख खनिज ब्लॉक्स की नीलामी का खाका तैयार करके नीलामी की जा रही है।

# कपास के आयात पर तुरंत रोक लगाएं: पटोले

## केंद्र सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए

**मुंबइ।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कपास के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि किसानों से गारंटी मूल्य के साथ कपास खरीदी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को लिखे अपने पत्र में पटोले ने बताया कि कपास उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जहां 40 लाख से अधिक किसान कपास का उत्पादन करते हैं, जबकि राज्य में कपास का भारी उत्पादन हो रहा है और 22 लाख गांठ कपास आयात होने की खबर से देश में कपास की कीमत में बड़ी गिरावट की आशंका पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पास भी बिना बिकी कपास की 11 लाख गांठें पड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) को गारंटी मूल्य पर कपास खरीदने का निर्देश देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में कपास की कीमत 6500 से 6600 रुपये प्रति क्विंटल है, जो कि गारंटी मूल्य 7122 रुपये से कम है। किसानों ने कपास नहीं बेचा है क्योंकि बाजार में कपास की कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास कपास है, और सीसीआई के पास भी कपास की गांठें हैं। देश में इतनी बड़ी मात्रा में कपास होने पर कपास का आयात करने से कपास का बाजार चरमरा जाएगा और किसानों को भारी नुकसान होगा, और इस फैसले से केवल व्यापारियों को फायदा होगा। पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में कपास किसान पहले से ही संकट में हैं। कम कीमतें, कृषि उपकरणों पर 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी और बेमौसम बारिश ने कपास किसानों को एक दुष्चक्र में डाल दिया है। यहां तक कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित मुआवजा भी अभी तक कागजों पर ही है। प्रधानमंत्री पीक बीमा योजना केवल बीमा कंपनियों के लाभ के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।



किसानों से गारंटी मूल्य के साथ कपास खरीदी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को लिखे अपने पत्र में पटोले ने बताया कि कपास उत्पादन के मामले में महाराष्ट्र देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जहां 40 लाख से अधिक किसान कपास का उत्पादन करते हैं।

## भजनलाल राजनीति के नये जादूगर उभरकर आये सामने

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी तेरह नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बदलते राजनीतिक परिवेश के बीच राजनीति के नये जादूगर के रुप में उभरकर सामने आये हैं। शर्मा पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुने जाने के बाद पहली बार में ही मुख्यमंत्री बनने के बाद कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता से खूब वाहीवाही बटोरी और इसके बाद आगामी 13 नवंबर को होने उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई उम्मीदवारों के खिलाफ उठे बगावती सुर थामने में कामयाब रहे।

# बिहार में धूमधाम से मनायी जा रही भैयादूज और चित्रगुप्त पूजा

एजेंसी



**पटना।** बिहार में भाई-बहन के पवित्र बंधन और प्रेम का प्रतीक भाईदूज और कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम के साथ मनायी जा रही है। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक का पर्व 'भैयादूज' और कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा बिहार में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। भाईदूज को 'यम द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। यह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व है। इस पर्व को बड़ी श्रद्धा-भक्ति और नि:स्वार्थ प्रेम के रूप में मनाया जाता है। भाईदूज का त्योहार कार्तिक मास की द्वितीया को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई बहन के स्नेह को सुदृढ़ करता है। यह त्योहार दीवाली के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने भाइयों को घर पर आमंत्रित कर उन्हें तिलक लगाकर भोजन कराती हैं। वहीं, एक ही घर में रहने वाले भाई-बहन इस दिन साथ बैठकर खाना खाते हैं। मान्यता है कि भाईदूज के दिन यदि भाई-बहन यमुना किनारे बैठकर साथ में भोजन करें तो यह अत्यंत मंगलकारी और कल्याणकारी होता है। यह त्योहार रक्षाबंधन की तरह ही महत्व रखता है।भाई-बहन का प्यार अटूट होता है। विवाहिता बहन अपने भाई को तिलक लगाकर, उपहार देकर उसकी लम्बी उम्र की कामना करती है।इसके बदले भाई भी उनकी रक्षा का संकल्प लेते हुए उपहार देते हैं। भैयादूज के दिन गोधन कूटने की प्रथा भी है। गोधन कूटने के लिए सारी महिलाएं एक जगह एकत्र होती हैं और गीत भी गाती हैं।



एआईसीसी महासचिव और वायनाड लोकसभा उपचुनाव सीट से पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी केरल के वायनाड के मनंतावडी में एक जनसभा को संबोधित करती हुईं।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार आरोपी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके स्थित जंगल में एक नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने कल रात्रि बताया कि करीब 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को गुरुवार को ही न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर की रात्रि नाबालिग छात्रा एक नाबालिग लड़के के साथ दुपहिया वाहन से बिस्टान रोड की ओर निकली थी।

# भाजपा सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाय: कांग्रेस

## लोगों के जान माल की रक्षा करने में 'अक्षम' (भाजपा) नीत सरकार के मुखिया और गृह मंत्री को तत्काल पद से हटाने की मांग की

एजेंसी




प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। उन्होंने कहा, 'हम मांग करते हैं कि ऐसी निक्कमी सरकार को जो लागों के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये।' उन्होंने कहा कि दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में सात हत्यायें हुई हैं। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में चार हत्यायें हुई है।

– कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश की कानून व्यवस्था के बद से बद्तर होने का आरोप लगाते हुए लोगों के जान माल की रक्षा करने में 'अक्षम' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के मुखिया और गृह मंत्री को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। बैज ने रविवार को यहां राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। उन्होंने कहा,'हम मांग करते हैं कि ऐसी निक्कमी सरकार को जो लागों के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये।' उन्होंने कहा कि दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में सात हत्यायें हुई हैं। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में चार हत्यायें हुई है। तीन से चार दिनों में राजधानी क्षेत्र में रायपुर भिलाई में कुल 11 हत्यायें हुई है। जब देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। उस समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थिति तो बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है। साय सरकार छत्तीसगढ़ को मणिपुर बनाने पर तुली है। प्रदेश में पहली बार हो रहा कि जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। राजधानी के सकरी गांव में दंगा हो गया, एक घर में आग लगा दिया गया, वाहनों को जला दिया गया, यदि परिवार वाले गांव छोड़कर नहीं जाते 11 सदस्य का पूरा परिवार घर में जिंदा जल गया होता। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नही है। दामाखेड़ा जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उपद्रवियों ने आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका, जिससे आग लग गई और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उपद्रवियों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी, जिसमें आश्रम में मौजूद कई लोगों को चोटें आईं। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। बैज ने कहा कि बलौदाबाजार में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ हुआ सरकार ने ध्यान नहीं दिया। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। लोहारीडीह में एक आदमी की हत्या के बाद पुलिस की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया। उसके बाद एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गयी।

सूरजपुर में जनता का आक्रोश सरकार के खिलाफ इतना ज्यादा था कि एसडीएम को मारने भीड़ ने दौड़ा दिया। बलरामपुर के थाने में मौत के बाद महिलाओं ने पुलिस थाने पर हमला किया, महिला आईपीएस पर आक्रमण हुआ। प्रदेश की रोज-रोज घट रही अपराधिक घटनाओं उन घटनाओं के बाद जनता की प्रतिक्रिया यह बताने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। जनता का सरकार पर से पुलिस पर से भरोसा उठ गया है। विपक्ष के रूप में हमने सबसे ज्यादा सवाल कानून व्यवस्था को लेकर सदन से सड़क तक उठाया है, लेकिन सरकार है कि उसकी नींद नहीं टूट रही।

विधानसभा घेराव किया, विधानसभा में सवाल उठाया, मुख्यमंत्री निवास घेरा, दर्जनों बार विरोध प्रदर्शन किया, पदयात्रा किया, लेकिन सरकार न जनता की आवाज सुन रही, न ही विपक्ष की आवाज।